श्रावण कृष्ण पक्ष द्वितीया 01:46 तक उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 12 जुलाई 2025
वर्ष 5, अंक 141, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



सुखोई लड़ाकू विमान से अस्त्र मिसाइल का सफल परीक्षण 14
संविधान बचाव रैली राजनीतिक पर्यटन : प्रधान 12



हरिद्वार में हर की पैड़ी से पवित्र जल लेकर जाते कांवड़िये।

## सावन के साथ कांवड़ यात्रा शुरू

**देहरादून।** सावन माह की शुरुआत के साथ ही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुक्रवार को कांवड़ यात्रा भी आरंभ हो गयी। पहले दिन ही हजारों की संख्या में कांवड़िये गंगा जल भरने के लिए धर्मनगरी हरिद्वार पहुंचे। हर की पैड़ी सहित विभिन्न घाटों पर सुबह से ही बड़ी संख्या में कांवड़िए स्नान करते और गंगा जल भरते दिखे जिससे वहां का नजारा केसरिया रंग में रंगा हुआ नजर आ रहा है। मेले की तैयारियों को परखने पहुंचे डीजीपी दीपम ने हर की पैड़ी पर मां गंगा का पूजन कर सकुशल मेला सम्पन्न कराए जाने हेतु मां गंगा का आशीर्वाद लिया। (विस्तृत पेज-10)

# ऑपरेशन कालनेमि: बांग्लादेशी सहित 25 ढोंगी गिरफ्तार

मुख्य संवाददाता, देहरादून



ऑपरेशन कालनेमि के दौरान पकड़े गए ढोंगी बाबा। ● अमृत विचार

- मुख्यमंत्री के निर्देश पर शुरू अभियान में राजधानी में फर्जी बाबाओं की शामत

**अमृत विचार:** गैर राज्यों से भागकर देवभूमि उत्तराखंड में छिपकर लोगों व खासकर महिलाओं का धार्मिक उत्पीड़न कर रहे ढोंगी बाबाओं की धरपकड़ शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर शुरू हुए ऑपरेशन कालनेमि के तहत पहले ही दिन दून पुलिस ने एक बांग्लादेशी नागरिक सहित 25 ढोंगी बाबाओं को गिरफ्तार किया है। इनमें 20 फर्जी अन्य राज्यों के हैं।

एसएसपी अजय सिंह ने शुक्रवार को बताया कि साधु-संतों का भेष धारण कर सड़क किनारे बैठे व्यक्तियों से उन्होंने अभियान के दौरान स्वयं पूछताछ की। नेहरू कालोनी क्षेत्र में टेंट लगाकर साधु के भेष में बैठे एक व्यक्ति से जब ज्योतिष शास्त्र की जानकारी के साथ इस विद्या से संबंधित सवाल किए गए तो वह सन्तोषजनक उत्तर नहीं दे पाया, जिसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। अभियान में सहसपुर थाना क्षेत्र में बाबा के भेष में घूम रहा एक व्यक्ति गहन पूछताछ में बांग्लादेशी नागरिक निकला। एसएसपी के अनुसार, जिला टंगाईल, ढाका, बांग्लादेश निवासी रूकन रकम उर्फ शाह आलम (26) पुत्र आबूर करीब 7 माह से देहरादून में लोगों को ठग रहा था। इंटेलीजेंस ब्यूरो (आईबी) और एलआईयू द्वारा गहन पूछताछ के बाद आरोपी रूकन को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ विदेशी अधिनियम में अभियोग दर्ज किया गया है। इसके अलावा राजधानी में चले अभियान के दौरान बलिया, बुलंदशहर, बिजनौर, हाथरस, सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) के 7, हिमाचल प्रदेश और हरियाणा के 2-2

राजस्थान निवासी 7, असम निवासी एक सहित हरिद्वार व देहरादून के 5 फर्जी बाबाओं को गिरफ्तार किया गया है।

### भगवाकरण से किसी के अपराध नहीं छिप सकते

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी ने इसका स्वागत करते हुए कहा कि केवल भगवाकरण करने से किसी के अपराध नहीं छिप सकते। भगवा चोले की आड़ लेकर आजकल हम देख रहे हैं कि लोग संगीन अपराधों को अंजाम दे रहे हैं। खासतौर से जब देवभूमि उत्तराखंड में ऐसे अपराधों की बयार सी बह रही हो तो बहुत जरूरी है कि आउट ऑफ द बॉक्स सोचा जाए।

## एक नजर

### उत्तराखंड विस का मानसून सत्र 19 अगस्त से

**देहरादून।** उत्तराखंड विधानसभा का वर्षाकालीन अधिवेशन (मानसून सत्र) आगामी 19 अगस्त से विधानसभा भवन, भराड़ीसैंण, गैरसैंण में आहूत होगा। प्रमुख सचिव धनंजय चतुर्वेदी द्वारा शुक्रवार को जारी पत्र में कहा गया कि उत्तराखंड की पंचम विधानसभा के वर्ष 2025 का वर्षाकालीन अधिवेशन/द्वितीय सत्र आहूत करने के लिए समय, तिथि और स्थान नियत करने के लिए कैबिनेट में पेश किया गया था। कैबिनेट द्वारा तिथि और स्थान निर्धारित करने के लिए मुख्यमंत्री को अधिकृत किया गया था। मुख्यमंत्री द्वारा विधानसभा का वर्षाकालीन अधिवेशन 19 अगस्त से 22 अगस्त तक विधानसभा भवन भराड़ीसैंण, गैरसैंण में आहूत करने की संस्तुति की गई है। (विस्तृत पेज-10)

### दून में नकली सिगरेट का जखीरा बरामद

**देहरादून।** एसटीएफ ने शुक्रवार को राजधानी में आईटीसी कंपनी की शिकायत पर दर्शनी गेट इलाके के एक गोदाम पर छापा मारकर गोल्ड फ्लैक एवं अन्य ब्रांडेड कंपनी की नकली सिगरेट की 22,100 डिब्बियां बरामद की हैं। एसटीएफ के एसएसपी नवनीत सिंह ने बताया कि, यह गिरोह मुजफ्फरनगर और दिल्ली से जुड़ा है। इन नकली सिगरेटों को बिना किसी वैधानिक अनुमति और कर अदायगी के तैयार कर स्थानीय बाजारों एवं अन्य राज्यों में आपूर्ति की जा रही थी। (विस्तृत पेज-10)

# हमने पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकाने उड़ाए, हमारा शीशा तक नहीं टूटा

## एनएसए बोले- पड़ोसी देश एक भी फोटो दिखाए जिसमें भारत का नुकसान नजर आए

चेन्नई, एजेंसी



राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने शुक्रवार को यहां कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना की सटीक मारक क्षमता का प्रदर्शन हुआ, जिसमें पाकिस्तान में नौ आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया गया। उन्होंने कहा, हमें पता था कि कौन कहां है, जबकि हमारे यहां एक शीशा भी नहीं टूटा। डोभाल ने सीमा पार के खतरों को नाकाम करने में भारत की क्षमता और तकनीकी कौशल पर गौरवान्वित होने की बात कही।

उन्होंने कहा कि सटीकता इस स्तर की थी कि भारत को पता था कि कौन कहां है। उन्होंने कहा कि पूरा अभियान 7 मई को रात एक बजे के बाद शुरू हुआ और मुश्किल से 23 मिनट तक जारी रहा। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाते हुए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था।

आईआईटी मद्रास के 62वें दीक्षांत समारोह में डोभाल ने पाकिस्तान द्वारा दावों को खारिज किया जिसमें उन्होंने भारत को नुकसान पहुंचाने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि क्या आप मुझे एक भी ऐसी तस्वीर दिखा सकते हैं, जिसमें दिखता हो कि भारत को इस दौरान कोई नुकसान हुआ है।

ऑपरेशन की प्रभावशीलता पर सवाल उठाने वाले न्यूयार्क टाइम्स समेत अंतर्राष्ट्रीय मीडिया कवरेज पर एक प्रकार से निशाना साधते हुए डोभाल ने कहा, उन्होंने वही लिखा, जो वे चाहते थे। लेकिन उपग्रह चित्र असली कहानी बताते हैं कि 10 मई से पहले और बाद में 13 पाकिस्तानी एयरबेस में क्या हुआ।

### स्वदेशी प्रौद्योगिकी करें विकसित : डोभाल

छात्रों को संबोधित करते हुए डोभाल ने कहा कि प्रौद्योगिकी और युद्ध के बीच अहम संबंध है और देश को अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए स्वदेशी प्रौद्योगिकी विकसित करनी चाहिए। इससे पहले, पद्म विभूषण से सम्मानित और प्रख्यात नृत्यांगना पद्मा सुब्रह्मण्यम ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए उन्हें बधाई दी और छात्रों की तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका अभिनंदन किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने कहा, मुझे इस पर (ऑपरेशन सिंदूर पर) गर्व है। उन्होंने कहा, हमें इस बात पर गर्व है कि हमारी कुछ बेहतरीन प्रणालियों ने काम किया, चाहे वह ब्रह्मोस (मिसाइल) हो, एकीकृत हवाई नियंत्रण और कमान प्रणाली हो या युद्धक्षेत्र निगरानी हो। हमने नौ आतंकवादी ठिकानों पर निशाना साधा, सीमावर्ती क्षेत्रों में नहीं, बल्कि पाकिस्तान के अंदरूनी इलाकों में थे और हम एक भी नहीं चूके।

### ढाई साल में 5जी विकसित करने के लिए आईआईटी मद्रास को सहारा

उन्होंने ढाई साल में 5जी विकसित करने में आईआईटी मद्रास और निजी क्षेत्र की भूमिका का उल्लेख किया, जबकि चीन को 5जी प्रौद्योगिकी विकसित करने में 12 साल से अधिक का समय लगा और उसने 300 अरब डॉलर खर्च किए। डोभाल ने कहा, यहां तक कि डेटा या सुरक्षा से संबंधित एक कील भी विश्वसनीय स्रोत से ही आनी चाहिए। यह या तो भारत में बनी हो या कहीं ऐसी जगह बनी हो, जो भारत के बहुत करीब हो।

# चुनाव आयोग को बेहिसाब ताकत नहीं दी जा सकती

## एक राष्ट्र, एक चुनाव पर जेपीसी की बैठक में पूर्व सीजेआई बोले

नई दिल्ली, एजेंसी



पूर्व सीजेआई खेहर और डीवाई चंद्रचूड़

- विस चुनाव के संबंध में चुनाव आयोग को दी गई व्यापक छूट पर सवाल उठाए
- कहा- प्रस्तावित कानून संविधान के मूल ढांचे का नहीं करता उल्लंघन

देश के दो पूर्व प्रधान न्यायाधीशों न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेएस खेहर ने शुक्रवार को देश में एक साथ चुनाव कराने के लिए प्रस्तावित संविधान संशोधन विधेयक के कुछ प्रावधानों पर सवाल उठाए, जिनमें निर्वाचन आयोग को दी गई शक्तियां भी शामिल हैं। पूर्व सीजेआई ने कहा कि कहा कि चुनाव आयोग को बेहिसाब ताकत नहीं दी जा सकती। हालांकि, उन्होंने इस बात को खारिज कर दिया कि यह विचार संविधान के विरुद्ध है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

न्यायमूर्ति रंजन गोगोई और न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ के बाद न्यायमूर्ति खेहर तीसरे पूर्व प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) हैं, जिन्होंने विधेयक की धारा 82ए(5) के तहत विधानसभा चुनाव कराने के संबंध में चुनाव आयोग को दी गई व्यापक छूट पर सवाल उठाए हैं। न्यायमूर्ति खेहर के बाद न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ भाजपा सांसद पीपी चौधरी की अध्यक्षता वाली संसद की संयुक्त समिति के समक्ष पेश हुए। उन्होंने पहले ही अपनी लिखित राय प्रस्तुत कर दी थी। एक सूत्र ने 'एक देश, एक चुनाव' विधेयक पर दोनों न्यायविदों द्वारा व्यक्त विचारों का सारांश देते हुए कहा कि दोनों पूर्व सीजेआई ने सुझाव दिया कि विधेयक में कुछ अस्पष्ट क्षेत्र हैं, जिन पर समिति को ध्यान देना चाहिए तथा उन्होंने कुछ सुझाव भी दिए। दोनों पूर्व सीजेआई ने स्पष्ट किया कि प्रस्तावित कानून संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन नहीं करता, जैसा कि विपक्षी दल आरोप लगा रहे हैं। बताया जा रहा है कि न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, यह संविधान के मूल ढांचे से छेड़छाड़ नहीं करता। सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस की प्रियंका गांधी वाद्रा सहित विपक्षी सदस्यों ने लोकसभा चुनावों के साथ विधानसभाओं के चुनाव कराने के लिए राज्य विधायिका को बीच में ही भंग करने की संवैधानिकता पर सवाल उठाए।

### आपातकाल की स्थिति में क्या हो स्पष्टता जरूरी

प्रस्तावित कानून की एक अन्य धारा का उल्लेख करते हुए न्यायमूर्ति खेहर ने कहा कि इसमें यह भी स्पष्ट किया जाना चाहिए कि आपातकाल की स्थिति में क्या होगा। सूत्रों ने बताया कि एक और मुद्दा यह उठाया गया कि अगर किसी कारणवश विधानसभा का कार्यकाल बहुत कम, जैसे कुछ महीने, रह जाए और फिर चुनाव इतने ही सीमित समय के लिए हों, तो क्या होगा। एक पूर्व सीजेआई ने कहा कि विधेयक में यह भी स्पष्ट किया जाना चाहिए।

# सुखोई लड़ाकू विमान से अस्त्र मिसाइल का सफल परीक्षण

नई दिल्ली, एजेंसी

- सौ किमी मार करने में सक्षम मिसाइल ने साधे सटीक निशाने

डीआरडीओ और वायु सेना ने हवा से हवा में मार करने वाली स्वदेशी मिसाइल 'अस्त्र' का शुक्रवार को सुखोई-30 लड़ाकू विमान से सफलतापूर्वक उड़ान परीक्षण किया।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि व्यक्ति की देखने की सीमा से आगे तक मार करने में सक्षम इस मिसाइल का ओड़िशा के तट से परीक्षण किया गया। परीक्षणों के दौरान विभिन्न दूरी तथा अत्यधिक गति वाले मानवरहित हवाई लक्ष्यों पर दो निशाने लगाए गए और दोनों बार मिसाइलों ने सटीक निशाना साधा। अस्त्र की मारक क्षमता 100 किलोमीटर से अधिक है और यह अत्याधुनिक नौवहन प्रणाली से सुसज्जित है। डीआरडीओ की विभिन्न प्रयोगशालाओं के अलावा हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड सहित 50 से अधिक सार्वजनिक और निजी उद्योगों ने इस हथियार प्रणाली के सफल निर्माण में योगदान दिया है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने मिसाइल से जुड़ी टीमों की सराहना की और कहा कि सफल परीक्षण रक्षा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक मील का पत्थर है। डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत ने भी सभी टीमों को बधाई दी।

# जापान ने इंटरनेट स्पीड का बनाया विश्व रिकॉर्ड
## पलक झपकते ही 10 हजार मूवी होंगी डाउनलोड

टोक्यो, एजेंसी

- 10.20 लाख जीबीपीएस की इंटरनेट स्पीड, भारत से 1.6 करोड़ गुना तेज



जापान ने 10.20 लाख गीगाबिट्स प्रति सेकेंड की इंटरनेट स्पीड हासिल करके नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। इस स्पीड से नेटफ्लिक्स की पूरी लाइब्रेरी या 10,000 4के मूवीज को पलक झपकते ही सेकेंड में डाउनलोड कर सकते हैं।

150 जीबी का गेम 3 मिली सेकेंड में डाउनलोड होगा। ये भारत की औसत इंटरनेट स्पीड लगभग 63.55 एमबीपीएस से करीब 1.6 करोड़ गुना तेज है। वहीं, एवरेज अमेरिकी इंटरनेट स्पीड से 35 लाख गुना ज्यादा तेज है। यह उपलब्धि न केवल जापान, बल्कि वैश्विक रूप से डाटा ट्रांसफर, स्ट्रीमिंग और कनेक्टिविटी के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत माना जा रहा है। इससे पहले भी ये रिकॉर्ड जापान के नाम था। मार्च 2024 में जापान ने 402 टेराबिट्स प्रति सेकेंड यानी, 50,250 गीगाबिट्स प्रति सेकेंड की स्पीड हासिल की थी। यह रिकॉर्ड स्टैंडर्ड ऑप्टिकल फाइबर केबल्स का उपयोग करके बनाया गया था। इस तकनीक को जापान के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इन्फॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशंस टेक्नोलॉजी (एनआईसीटी) के वैज्ञानिकों ने विकसित किया है। इसके लिए उन्नत फाइबर ऑप्टिक तकनीक और अत्याधुनिक सिग्नल प्रोसेसिंग का इस्तेमाल किया गया है।

### आएगा क्रांतिकारी बदलाव

यह तकनीक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), और वैश्विक डिजिटलीकरण की बढ़ती मांगों को पूरा करने में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है। स्मार्ट सिटी, रिमोट हेल्थकेयर, और ऑनलाइन शिक्षा जैसे क्षेत्रों में तेज और विश्वसनीय डाटा ट्रांसफर से अभूतपूर्व प्रगति हो सकती है।

# वांछित अपराधी मुस्तफा का यूएई से भारत प्रत्यर्पण

नई दिल्ली/मुंबई, एजेंसी



- मादक पदार्थ के धंधे में लिप्त था कुब्बावाला इंटरपोल ने रेड नोटिस किया था जारी

सिंथेटिक मादक पदार्थ के धंधे में कथित तौर पर लिप्त मुस्तफा कुब्बावाला को शुक्रवार को संयुक्त अरब अमीरात से प्रत्यर्पित कर भारत लाया गया है। वांछित अपराधी कुब्बावाला के खिलाफ इंटरपोल ने रेड नोटिस जारी किया था।

सिंथेटिक नशीले पदार्थ ऐसे रासायनिक रूप से निर्मित पदार्थ होते हैं जो प्राकृतिक अफीम जैसे मादक प्रभाव उत्पन्न करते हैं, लेकिन ये पूरी तरह कृत्रिम यानी सिंथेटिक होते हैं। सीबीआई ने इंटरपोल और मुंबई पुलिस की मदद से मुस्तफा को भारत लाने का अभियान चलाया। एक अधिकारी ने बताया कि मादक पदार्थ के धंधे में लिप्त वांछित अपराधी मुस्तफा को मुंबई पुलिस का चार सदस्यीय दल संयुक्त अरब अमीरात से देर रात करीब एक बजे यहां छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा लेकर आया। हवाई अड्डे पर मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने उसे हिरासत में ले लिया। मुंबई पुलिस ने सांगली में एक सिंथेटिक मादक पदार्थ निर्माण कारखाने का भंडाफोड़ किया था, जहां से 126.141 किग्रा मेफेड्रोन मादक पदार्थ जब्त किया गया था।

# चेकिंग के दौरान देहरादून में 125 किलो डायनामाइट बरामद, तीन गिरफ्तार

मुख्य संवाददाता, देहरादून



थाना त्यूनी पुलिस की गिरफ्त में आरोपी और बरामद विस्फोटक पदार्थ।

- पंचायत चुनाव को लेकर त्यूनी में पुलिस ने दिखाई सजगता

**अमृत विचार:** देहरादून की त्यूनी थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक कार से भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ के साथ हिमाचल प्रदेश निवासी तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। इस विस्फोटक को किस प्रयोजन से लाया जा रहा था, इसके बारे में जांच एजेंसियों द्वारा आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है।

एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि पंचायत चुनाव के दृष्टिगत जिले में अवैध गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखने हेतु निर्देशित किया गया है, जिस पर संपूर्ण जिले में पुलिस द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थानाध्यक्ष त्यूनी विनय मित्तल की टीम द्वारा चेकिंग के दौरान हिमाचल प्रदेश नंबर की ऑल्टो कार की तलाशी ली गई तो उसमें से 5 पेटी डायनामाइट (125 किलोग्राम), दो डिब्बे डेटोनेटर, तार और बत्ती आदि बरामद हुई। कार सवार युवकों से विस्फोटक पदार्थ को परिवहन करने के संबंध में आवश्यक दस्तावेज मांगे गए तो वह दिखा नहीं पाए, जिस पर अवैध विस्फोटक पदार्थ की बरामदगी पर थाना त्यूनी पर विस्फोटक अधिनियम में अभियोग दर्ज कर तीनों आरोपियों शिमला निवासी रिंकू राम और सुनील राम व सिरमौर हिमाचल निवासी रोहित को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# ऋण प्रक्रियाओं और बीमा दावों को करें सरल : धामी

## राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश

मुख्य संवाददाता, देहरादून



**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि, केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लोगों को पूरा लाभ मिले, इसके लिए लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के तहत ऋण देने की प्रक्रियाओं का और सरलीकरण किया जाए।

शुक्रवार को सचिवालय में राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति की विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि, जन समस्याओं का समाधान करना हमारी शीर्ष प्राथमिकता हो। कृषि बीमा योजनाओं में बीमा दावों की प्रक्रियाओं के सरलीकरण की दिशा में विशेष ध्यान दें। राज्य का ऋण जमा अनुपात बढ़ाने की दिशा में और प्रयास करने के निर्देश के साथ सीएम ने कहा कि, वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य का ऋण जमा अनुपात 54 प्रतिशत से बढ़कर 54.26 प्रतिशत हुआ है, जिसे 60 प्रतिशत तक ले जाने के और प्रभावी प्रयास करें।

राज्य के पर्वतीय जिलों-विशेषकर टिहरी, पिथौरागढ़, रुद्रप्रयाग, अल्मोड़ा, पौड़ी और बागेश्वर जिलों में ऋण जमा अनुपात बढ़ाने पर विशेष ध्यान दें। बैठक में मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, आर. मीनाक्षी सुंदरम, आरबीआई के रीजनल डायरेक्टर अरविंद कुमार, एसबीआई के मुख्य महाप्रबंधक देवाशीष मिश्रा, सचिव व उप सचिव मौजूद रहे।

### सभी जिलों में अक्टूबर में लगाएं कैंप

सीएम ने कहा कि जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों को एक ही स्थान पर एक ही दिन में मिले, इसके लिए अक्टूबर में सभी जिलों में बड़े स्तर पर कैम्प लगाएं, जिसमें सभी विभाग और बैंकर्स एक साथ जनसमस्याओं का समाधान करें और उन्हें विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करें।

### बैठक में सामने आए आंकड़े

- पीएसबीवाई में प्रति लाख पर 48 हजार व्यक्तियों को बीमा कवरेज (राष्ट्रीय औसत 40 हजार से अधिक)
- प्रधानमंत्री मुद्रा योजना में प्रति ऋणकर्ता को औसत ऋण राशि 93,900 रुपये मिली (राष्ट्रीय औसत 62,686 की तुलना में काफी ज्यादा)
- प्रधानमंत्री जनधन योजना में राज्य में अब तक 39 लाख खाते खुले (यह आंकड़ा पर्वतीय राज्यों में सबसे अधिक)
- 6.10 लाख से ज्यादा किसानों ने केसीसी सुविधा का लाभ लिया (इनमें 67 % छोटे और सीमांत किसान)
- वित्तीय वर्ष 2024-25 में अग्रिमों में 10.26, जमा में 9.09 % की वृद्धि

# हाईकोर्ट ने चुनाव आयोग के सर्कुलर पर लगाई रोक

## पंचायत चुनाव प्रक्रिया जारी रहेगी, किसी को भी वोट देने से नहीं कर सकते वंचित, हाईकोर्ट में हुई मामले की सुनवाई

विधि संवाददाता, नैनीताल



**अमृत विचारः** उत्तराखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र एवं न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ ने नगर निकाय और ग्राम पंचायत की दोनों मतदाता सूचियों में नाम शामिल करने के मामले पर सुनवाई की।

मामले की सुनवाई के बाद खंडपीठ ने राज्य निवार्चन आयोग के उस आदेश पर रोक लगा दी है जिसमें कहा गया गया था कि जिनके नाम दो जगह की वोटर लिस्ट में हैं उन्हें वोट देने का अधिकार देना चाहिए या नहीं? यह सर्कुलर आयोग ने सभी जिला अधिकारियों को भेजा था। आयोग ने सर्कुलर में कहा था कि जिन लोगो के नाम शहरी व ग्रामीण क्षेत्रो की वोटर लिस्ट में हैं, क्या इनको वोटिंग व चुनाव लड़ने का अधिकार दिया जाए, इस पर स्थिति स्पष्ट करें। जिस पर कोई सही उत्तर प्रशासन की तरफ से नहीं आया।

इस सर्कुलर पर शुक्रवार को उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई जिस पर मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने रोक लगा दी। कोर्ट ने माना कि एक व्यक्ति एक ही जगह से वोट व चुनाव लड़ सकता है। हालांकि कोर्ट का मानना है कि किसी उम्मीदवार और वोटर को वोट देने से वंचित नहीं किया जा सकता है, वह उसका संवैधानिक अधिकार है। कोर्ट चुनाव प्रक्रिया को रोकने के पक्ष में नहीं है। इसका विरोध करते हुए चुनाव आयोग की तरफ से कहा गया कि जिनका नाम दो वोटर लिस्ट में हैं, उनके द्वारा इस सम्बंध में एक सर्कुलर जारी किया गया था। यह लागू होना चाहिए या नहीं, सभी जिला अधिकारी अपनी राय आयोग को मुहैय्या कराएं लेकन आयोग के सामने कोई सकारात्मक जवाब नहीं आया। पंचायती राज एक्ट की धारा 9 की उपधारा 13 यह कहती है कि किसी वोटर व उम्मीदवार का नाम दो जगह है तो उसका नाम वोटर लिस्ट से न काटा जाए जबकि याचिकाकर्ता की तरफ से कहा गया कि एक्ट की धारा 9 की उपधारा 6 यह कहती है कि एक व्यक्ति का एक ही वोटर लिस्ट में नाम होना चाहिए। इन्ही बिंदुओं को ध्यान में रखकर कोर्ट ने आयोग द्वारा जारी सर्कुलर के आदेश पर रोक लगा दी है। इस मामले को शक्ति सिंह बर्थवाल ने चुनौती दी।

### वोटर लिस्ट में बाहरी मतदाताओं के नाम पर हाईकोर्ट सख्त

**नैनीताल, अमृत विचार :** उच्च न्यायालय ने ग्राम बुदलाकोट में बाहरी मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल करने के मामले में प्रदेश चुनाव आयोग को सोमवार को स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिए हैं। बुदलाकोट निवासी आकाश बोरा की ओर से दायर जनहित याचिका पर शुक्रवार को मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की ओर से दावा किया गया कि बुदलाकोट में 52 बाहरी लोगों के नाम मतदाता सूची में शामिल किए गए हैं। आपत्ति दर्ज कराने के बावजूद मतदाता सूची से इनके नाम हटाये नहीं गए हैं। इनमें से अधिकांश लोग बाहरी प्रदेशों के हैं। दूसरी ओर प्रदेश चुनाव आयोग और राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि पांच सदस्यीय जांच कमेटी की ओर से इस प्रकरण की जांच करायी गयी है। अदालत के कड़े रुख के बाद प्रदेश चुनाव आयोग ने इस मामले में अदालत से स्थिति स्पष्ट करने के लिये समय मांगा जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया और सोमवार यानी 14 जुलाई को स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिए हैं।

# सचिव पंचायती राज और डीजीपी हाईकोर्ट में तलब

विधि संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने कांवड़ यात्रा के चलते त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों को पुनर्निधारित करने की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका की शुक्रवार को सुनवाई करते हुए सचिव पंचायती राज और प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को आगामी 15 जुलाई को अदालत में वर्चुअल पेश होने के निर्देश दिए हैं।

इस मामले को बैजनाथ की ओर से चुनौती दी गयी। इस प्रकरण पर मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र एवं न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि प्रदेश में कांवड़ यात्रा चल रही है। कांवड़ यात्री हरिद्वार के साथ ही उच्च हिमालयी क्षेत्र में गंगा जल लेने के लिये यात्रा करते हैं। अगले महीने तीन अगस्त तक कांवड़ यात्रा चलेगी। प्रदेश में चारधाम यात्रा के साथ ही आपदा का दौर भी चल रहा है और ऐसे में सरकार की ओर से त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कराने की अनुमति दी गयी है। पहले चरण का मतदान 24 जुलाई जबकि दूसरा मतदान 28 जुलाई को होना तय है। 31 जुलाई को मतगणना होनी सुनिश्चित है। याचिका में यह भी कहा गया कि प्रदेश में कई जगह आपदा जैसे हालात हैं। ऐसे में याचिकाकर्ता की ओर से अदालत से मांग की गयी कि प्रदेश में चल रहे पंचायत चुनावों का तीन अगस्त के बाद पुनर्निर्धारण किया जाए।

# जनता के पत्र उम्मीद और विश्वास के प्रतिबिंब

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- मुख्यमंत्री धामी ने जनसमस्याओं पर की फरियादियों से बात

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री कार्यालय को पत्र भेजकर अपनी समस्या बताने वाले फरियादियों से शुक्रवार को बातचीत करते हुए अधिकारियों को उन पर उचित कार्रवाही के निर्देश दिए हैं।

डोईवाला तहसील के शेरगढ़ निवासी कर्मचंद ने शिकायत दर्ज कराई थी, कि उनके खेत के लिए आने वाली सिंचाई नहर टूट गई है, जिस कारण सिंचाई का संकट खड़ा हो गया है। मुख्यमंत्री ने उनसे पूरी समस्या सुनने के बाद, प्रमुख अभियंता सिंचाई विभाग को मामले में उचित कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। इसी तरह मेजर नरेश कुमार सकलानी ने उनकी भूमि पर निजी व्यक्तियों द्वारा अतिक्रमण कर लधु सिंचाई नहर बनाने की शिकायत दर्ज की गई, जिस पर मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी देहरादून को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। एक अन्य शिकायतकर्ता कैनाल रोड निवासी धीरेंद्र शुक्ला ने बिल्डर के खिलाफ परेशान करने की शिकायत दर्ज कराई है, मुख्यमंत्री ने एमडीडीए को इस प्रकरण में जांच करने को कहा है। विकासनगर दिनकर विहार निवासी विशन दत्त शर्मा की सड़क संबंधित शिकायत पर भी मुख्यमंत्री ने सचिव लोक निर्माण विभाग को कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि, जनता के पत्र सिर्फ कागज़ नहीं, उम्मीद और विश्वास का प्रतिबिम्ब होते हैं, आज ऐसे ही कुछ शिकायती पत्र पढ़ने के बाद मैने संबंधित शिकायतकर्ताओं से बात की। साथ ही अधिकारियों को इन पर तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। समाधान ही हमारी सरकार की कार्यशैली की सबसे बड़ी पहचान है।

# हरेला पर रोपित होंगे 5 लाख पौधे

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- गढ़वाल में 3 तो कुमाऊं मंडल में 2 लाख पौधे रोपित करने का लक्ष्य
- एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत होगा यह आयोजन

**अमृत विचारः** इस वर्ष हरेला पर्व पर उत्तराखंड पौधरोपण पर रिकॉर्ड बनाने जा रहा है। इस दिन पूरे प्रदेश में एक ही दिन में पांच लाख से अधिक पौधे रोपे जाएंगे। इनमें गढ़वाल मंडल में 3 लाख और कुमाऊं मंडल में 2 लाख पौधे रोपण का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर इस बार ''हरेला का त्योहार मनाओ, धरती मां का ऋण चुकाओ'' और ''एक पेड़-मां के नाम'' की थीम पर यह पौधरोपण आयोजित किया जाएगा। पूरे माह इस पर्व के तहत कार्यक्रम आयोजित होंगे।

इस पौधरोपण अभियान की सफलता में ग्रामीणों से लेकर स्कूली छात्र और विभिन्न विभागों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए प्रमुख सचिव आरके सुंधाशु ने सभी जिलाधिकारियों को पत्र लिखा है। उत्तराखंड में हर साल जुलाई माह में हरेला पर्व का आयोजन किया जाता है। इस बार 16 जुलाई को यह पर्व मनाया जाएगा। यह पर्व प्रकृति को समर्पित है। ऐसे में इस पर्व पर आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को संपूर्ण प्रदेश में वृहद स्तर पर पौधरोपण आयोजित करने के निर्देश दिए हैं जिसके तहत संपूर्ण प्रदेश में पांच लाख पौधे रोपित करने का लक्ष्य रखा गया है। इससे पहले जुलाई 2016 में प्रदेश में एक ही दिन में करीब 2 लाख पौधे रोपे गए थे। ऐसे में इस बार यह रिकॉर्ड टूटने जा रहा है।

सीएम ने कहा कि उत्तराखंड प्रकृति के बेहद करीब है। ऐसे में यह हम सभी की जिम्मेदारी बनती है कि पर्यावरण का संरक्षण करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप हरेला पर्व के साथ ही एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत संपूर्ण प्रदेश में वृहद स्तर पर यह पौधरोपण अभियान चलेगा। अभियान के तहत सार्वजनिक स्थानों, वनों, नदियों, गाड, गदेरों के किनारे, स्कूलों, कॉलेज, विभागीय परिसर, सिटी पार्क, आवासीय परिसर में पौधरोपण किया जाएगा जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों, छात्रों, विभागीय कर्मियों, एनसीसी, एनएसएस के साथ ही आमजनमानस की सहभागिता सुनिश्चित होगी।

### लोक पर्व को मिली नई पहचान

मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड के लोक पर्व और लोक संस्कृति को एक नई पहचान मिली है। पिछले चार साल में हरेला, इगास, बटर फेस्टिवल, फूलदेई, घी संक्रांत जैसे लोक पर्व को एक नई पहचान मिली है। उत्तराखंड से बाहर भी लोग इन त्योहार को पहचान रहे हैं।

# मानव-वन्यजीव संघर्ष के कारणों की दी जानकारी

**नैनीतालः** मानव-वन्यजीव संघर्ष को लेकर व्यापक जन जागरुकता अभियान चलाया गया। अभियान सचल वाहन मुक्तेश्वर वन क्षेत्र के अंतर्गत पहाड़पानी अनुभाग के विभिन्न धानाचूली, मनाघेर, चौरलेख, पहाड़पानी, जलना और नील पहाड़ी में संचालित किया गया। स्थानीय ग्रामीणों को मानव-वन्यजीव संघर्ष के कारणों, प्रभावों और इससे होने वाले संभावित खतरों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही संघर्ष की रोकथाम एवं बचाव के लिए जरूरी सावधानियों व एहतियाती उपायों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। वन विभाग ने ग्रामीणों से सहयोग और जनसहभागिता की अपील की गई। इस अभियान में सुरेश चन्द्र आर्या, गोविन्द राम, भुवन चन्द्र जोशी, बलवंत सिंह भैंसोड़ा, दीपक सिंह रावत, प्रकाश चन्द्र, बबलू कुमार, और कुन्दन सिंह राणा आदि मौजूद रहे।

# राज्य में सीएससी की भूमिका और भी अहम

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्य में कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है।

शुक्रवार को आईआरडीटी ऑडिटोरियम में सीएससी दिवस-2025 के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने सीएससी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सीएससी वीएलई पुरस्कार से सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएससी उस परिवर्तन का प्रतीक है, जो देश के कोने-कोने तक पहुंच गया है। यह आम लोगों के विश्वास का केंद्र होने के साथ-साथ लोगों की आकांक्षाओं को भी पूरा करता है। सीएससी के माध्यम से शहरों की सेवाएं एक क्लिक में गांव तक पहुंच रही हैं तथा देश की ग्राम पंचायतें डिजिटल पंचायतें बन रही हैं। ऐसे में पहाड़ी राज्य में सीएससी की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है।



उत्कृष्ट कार्य करने के लिए महिला को सम्मानित करते सीएम पुष्कर सिंह धामी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएससी संचालक ग्राम स्तर पर लोगों के जीवन को सरल और सुगम बना रहे हैं। सीएससी संचालक गांव के भविष्य को संवारने का कार्य कर रहे हैं। सीएससी ने डिजिटल सेवाओं को घर-घर तक पहुंचाने के साथ ही समाज में रोजगार के अवसर भी पैदा किए हैं। उत्तराखंड राज्य में 13 हजार से अधिक सीएससी संचालित हैं। इनके माध्यम से यूसीसी पंजीकरण, विभिन्न प्रमाण पत्रों और डिजिटल ट्रांजेक्शन जैसे विभिन्न कार्य हो रहे हैं। राज्य में साइंस बेस्ड नॉलेज इकोनॉमी को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।सीएम धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डिजिटल इंडिया के संकल्प को देश के सामने रखा था, जो आज पूरा होता हुआ दिखाई दे रहा है। डिजिटल क्रांति सरकार की स्पष्ट नीति और नियत का उदाहरण है। भारत के गांव-गांव में डिजिटल क्रांति पहुंच गई है। दुनिया में सबसे अधिक डिजिटल ट्रांजेक्शन भारत में हो रहे हैं। आज देश की छोटी से छोटी दुकान में भी डिजिटल ट्रांजेक्शन का उपयोग हो रहा है।

### राज्य में डिजिटल और नवाचार को बढ़ावा

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में डिजिटल इंडिया अभियान के अंतर्गत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लाउड कम्प्यूटिंग जैसी उन्नत तकनीकों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। राज्य सरकार डिजिटल और नवाचार को निरंतर बढ़ावा दे रही है। विभिन्न सरकारी सेवाओं को ई-गवर्नेंस के अंतर्गत ऑनलाइन करके सरल बनाया गया है। ई-टूरिज्म के माध्यम से ऑनलाइन बुकिंग को बढ़ावा दिया जा रहा है। मौसम पूर्वानुमान और जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में भी डाटा एनालिटिक्स और सैटेलाइट इमेजरी का उपयोग किया जा रहा है।

# मिनी बस से 1088 यात्रियों ने किया सफर

- यात्रियों को हर दस मिनट में मिलेंगी मिनी बसें
- नैनीताल से कैंचीधाम के लिए 64 रुपये किराया निर्धारित

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** राज्य परिवहन निगम की मिनी बस सेवा के संचालन के पहले दिन 1088 यात्रियों ने कैंची धाम व हल्द्वानी की यात्रा की। यात्रियों को हर 10 मिनट में मिनी बसें खड़ी मिलेंगी। निगम ने मिनी बस का संचालन शुरू कर दिया है।

इंचार्ज विमला रौतेला ने बताया कि मिनी बस सेवा पर्यटकों समेत आम यात्रियों को राहत देने वाली साबित हुई है। पहले दिन 16 सीटर 64 मिनी बसें संचालित की गई, जिनमें 1088 यात्रियों ने सफर किया। उन्होंने बताया कि हल्द्वानी नैनीताल और कैंची धाम के यात्रियों को बेहतर सुविधा न मिल पाने के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। वाहनों की तलाश में यात्री इधर-उधर भटकते थे। मिनी बस सेवा का संचालन यात्रियों के लिए सुकून देने वाला है। इन बसों में हल्द्वानी से नैनीताल तक का किराया 127 रुपये निर्धारित है और नैनीताल से कैचीधाम के लिए 64 रुपये तय किया गया है। इसके अलावा नैनीताल से भवाली का किराया 42 रुपये निर्धारित किया गया है। इन बसों के लिए यात्रियों को आधक समय इंतजार नहीं करना पड़ेगा। बसें हर 10 मिनट के अंतराल पर चलाई जा रही हैं। यह सेवा न केवल हल्द्वानी, भवाली, बल्कि आसपास के प्रमुख पर्यटक स्थलों तक भी संचालित की जा रही है। मिनी बस सेवा के शुरू होने से टैक्सी सेवाओं पर निर्भरता कम हो जाएगी और जिससे जाम जैसी समस्या से भी निजात मिलेगी। साथ ही यात्रा अधिक सुगम व सुलभ बनेगी। इन बसों का किराया भी किफायती रखा गया है, ताकि हर वर्ग के यात्री इस सेवा का लाभ उठा सके।




### भवाली डिपो से मिनी बस सेवा शुरू

**भवाली, अमृत विचार :** उत्तराखंड परिवहन निगम के भवाली डिपो से कैंची धाम व अन्य पर्यटक स्थलों में आने वाले यात्रियों के लिए मिनी बस सेवा (टेंपो ट्रैवलर) शुरू की गई है। इस बस में एसी की सुविधा भी उपलब्ध है। बस सेवा सहायक महाप्रबंधक मधुसूदन मिश्रा, स्टेशन प्रभारी शंकर पाल व श्याम पांडे ने यात्रियों को बैठाकर शुरू करवाई। इस दौरान ट्रायल भी किया गया। रोडवेज कर्मचारी यूनियन के उपमहामंत्री एलडी पालीवाल ने बताया कि यात्रियों को बेहतर सुविधा देने के लिए कुमाऊं में 10 मिनी बस का संचालन किया जाएगा। यह हल्द्वानी-नैनीताल, नैनीताल-भवाली व आसपास के पर्यटन स्थलों के लिए संचलित होंगी।

# नुमाइश के विरोध में उतरे लोग, ज्ञापन सौंपा

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** एमबी इंटर कॉलेज ग्राउंड में लगाई जा रही नुमाइश को लेकर स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों में रोष बढ़ता जा रहा है। वार्ड नंबर 8 के पार्षद व स्थानीय नागरिकों ने नुमाइश के चलते क्षेत्र में उत्पन्न हो रही समस्याओं को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। उत्तराखंड क्रांति दल के बैनर तले प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि नुमाइश को शीघ्र बंद नहीं किया गया तो वे अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगे। पार्षद रवि वाल्मीकि ने बताया कि नुमाइश के दौरान क्षेत्र में ट्रैफिक जाम, गुंडागर्दी, नशीले पदार्थों की बिक्री और महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की घटनाएं होती हैं। उन्होंने कहा कि एमबी इंटर कॉलेज ग्राउंड के आसपास नवाबी रोड, जगदंबा नगर, कैनाल रोड, भोटिया पड़ाव और डिग्री कॉलेज जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्र हैं, जहां दिनभर अव्यवस्था बनी रहती है। इस मौके पर रवि वाल्मीकि के साथ हरीश जोशी, सुशील उनियाल और करण जोशी सहित अन्य स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# मोटर मार्ग को लेकर ग्रामीण लामबंद, धरना-प्रदर्शन किया

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचारः** धारी ब्लॉक के बबियाड-दुदली मोटर मार्ग में ग्रामीणों ने बबियाड-गैराखाड-कैलाशद्वार मोटर मार्ग के लिए धरना-प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेता मनोज शर्मा ने कहा कि मोटर मार्ग विगत 15 वर्षों से पूर्ण रूप से बंद पड़ा है। विभागीय लापरवाही के कारण 15 वर्ष पहले एक छोटी सी दीवार टूटी थी।

इसकी मरम्मत नहीं होने के कारण यह स्थान खाई में तब्दील हो चुका है। इस कारण पैदल चलना भी दूभर हो रहा है। ग्रामीण रोड बंद होने के कारण पलायन भी कर चुके हैं। बताया कि किसानों के उत्पाद भी समय पर मंडी नहीं पहुंच पा रहे हैं। वहीं, छात्र-छात्राएं भी लंबी दूरी तय कर स्कूलों तक पहुंच रहे हैं। इसके अलावा बबियाड-टपुवा-दुदुली मोटर मार्ग में भी जगह-जगह गड्ढे होने से दुर्घटनाएं हो रही हैं। बावजूद इसके इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। धरना-प्रदर्शन में पूर्व ग्राम प्रधान बबियाड युगल किशोर पलड़िया, प्रमोद कुमार, विशन राम, सुभाष आर्या, सूरज आर्या, दयाकिशन, रविंद्र सिंह सम्मल, भुवन बडौला, उमेश सिंह पोखरियाल, पंकज बेलवाल, अजय कुमार, संजय कुमार, नरेश कुमार, ललित मोहन, मोहन चंद्र आदि शामिल थे।



धरना-प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

मौसम का मिजाज — करीब आधे घंटे चला वर्षा का दौर, अधिकतम तापमान 35 व न्यूनतम तापमान 25 .8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ

# बारिश के बाद खिली चटक धूप, तापमान में आया उछाल

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** शहर में पिछले पांच दिनों से हर रोज बारिश हो रही है। शुक्रवार को भी बारिश हुई लेकिन धूप भी निकली रही। इस वजह से बारिश के साथ ही लोगों को गर्मी को भी झेलना पड़ा।

हल्द्वानी में सुबह के समय बादल छाए हुए थे। अपरान्ह के समय पंचायतघर, देवलचौड़, जजफार्म, मुखानी, काठगोदाम आदि इलाकों में जमकर बारिश हुई। बारिश का सिलसिला करीब आधा घंटे तक चलता रहा। बाद में बारिश रुक गई और धूप निकल गई। दोपहर के समय चटक धूप की वजह से गर्मी भी पड़ी थी। दिन में अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान में उछाल आया है।



भीमताल में सड़क पर हुआ जलभराव। ● अमृत विचार

### कई बार हुई हल्की बारिश

**नैनीताल :** सरोवर नगरी में शुक्रवार को हल्की बारिश दिन में कई बार हुई। मौसम सुहावना बना रहा और सैलानियों ने नगर के पर्यटन स्थलों का आनंद उठाया। नगर में सुबह के समय मौसम साफ था और धूप निकली हुई थी। पूर्वान्ह 10 बजे घने बादलों का छाना शुरू हो गया और 12 बजे से हल्की बारिश शुरू हुई। बारिश का क्रम रुक-रुक कर देर शाम तक जारी रहा। इस बीच कोहरे ने नगर को कई बार अपने आगोश में लिया। जिस कारण तापमान चढ़ नहीं सका। इधर नगर में बहुत कम संख्या में सैलानियों का पहुंचना जारी है। राजभवन, केव गार्डन, बॉटनिकल गार्डन, हिमालय दर्शन, वॉटरफॉल, लवर्स प्वाइंट व चिड़ियाघर में सैलानियों की आवाजाही बनी रही। इधर नैनीझील का जलस्तर 80 .6 फीट पहुंच गया है। सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियंता डीडी सती ने बताया कि झील के जल स्तर में निरंतर वृद्धि जारी है। नगर के प्राकृतिक जलश्रोत रिचार्ज हो चले है। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 26 व न्यूनतम 20 डिग्री सेल्सियस रहा।

### जलभराव की समस्या से निजात दिलाने की मांग की

**भीमताल :** भीमताल-नौकुचियाताल परिक्षेत्र में मलबा आने वाली जगहों एवं जलभराव की समस्या का तत्काल समाधान किए जाने की मांग कई समय से लंबित है। इस बार समस्या से निजात दिलाने की मांग सामाजिक कार्यकर्ता पूरन बृजवासी ने जिलाधिकारी से की है। उन्होंने बताया कि कई महत्वपूर्ण मार्ग के साथ ही भीमताल के 9 वार्डों में सड़कों, गलियों और चौराहों पर जलभराव आम बात है। अपर्याप्त ड्रेनेज सिस्टम, नालियों की कमी और उनकी नियमित सफाई न होने से बारिश का पानी सड़कों पर जमा हो जाता है। इससे लाखों रुपये की लागत से बनी सड़कों का डामर उखड़ रहा है और रेत-कीचड़ के कारण दोपहिया वाहनों के फिसलने से दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। यह समस्या पर्यटकों की सुरक्षा के लिए खतरा बन रही है और शहर की प्राकृतिक सुंदरता को प्रभावित कर रही है। उन्होंने शीर्ध से शीघ्र भीमताल नगर की ड्रेनेज व्यवस्था की समीक्षा करने और अधिकारियों को उचित निर्देश देने की मांग की है।



नालों के ऊपर लगाई गई जाली। ● अमृत विचार

# जालों से रुकेगी झील में जाने वाली गंदगी

**नैनीतालः** सिंचाई विभाग ने नैनीझील से लगे नालों के ऊपर जाल बिछाने का कार्य शुरू कर दिया है। शेर का डांडा क्षेत्र में करीब पांच दर्जन खुले नालों के ऊपर जाल बिछाए जाएंगे। झील में जाने वाली गंदगी से को रोकने के लिए लोहे के जाल बिछाए जा रहे हैं। सहायक अभियंता डीडी सती ने बताया कि नगर में 62 नाले हैं, जिनमें करीब पांच दर्जन नाले मालरोड समेत रिहायशी क्षेत्रों से जुड़े हुए हैं। नाले खुले होने के कारण लोग कूड़ा-कचरा नालों में फेक देते हैं और बारिश होते ही कचरा बहकर झील में चला जाता है। नगर में आने वाले सैलानी भी झील किनारे खाद्य सामग्री खाते हैं और कचरा नाले में डाल जाते हैं। इस समस्या से निजात पाने के लिए नालों के ऊपर लोहे के जाल बिछाए जा रहे हैं। झील किनारे कैनेडी पार्क के नालों के ऊपर आठ जाल बिछा दिए गए हैं। बाकी नालों का कार्य माह के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। इस कार्य को पांच लाख रुपये की लागत से पूरा किया जाएगा।

# चार अगस्त से शुरू होगी परीक्षाफल सुधार परीक्षा

**रामनगर :** उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर ने वर्ष 2025 प्रथम परीक्षाफल सुधार परीक्षा, वर्ष 2024 तृतीय परीक्षाफल सुधार परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया है। परीक्षाफल सुधार परीक्षा 4 अगस्त से शुरू होकर 11 अगस्त तक चलेंगी। परिषद सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी ने बताया कि परीक्षा समिति की बैठक में उक्त निर्णय लिया गया है। परीक्षाएं प्रात: 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगी। कम दृष्टि, कुष्ठ रोग पीड़ित व सुनवाई हानि आदि के लिए 2 घंटे का प्रश्न पत्र 2 घंटा 40 मिनट तथा 3 घंटे का प्रश्न पत्र 4 घंटे का होगा।

# अभियान में 32 वाहनों का चालान किया

**नैनीताल :** पुलिस व प्रशासन की टीम ने शुक्रवार को तल्लीताल डांठ और बारापत्थर क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। एसपी जगदीश चंद्रा ने बताया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 32 वाहनों का चालान किया गया। जिनमें 24 बाइकें व 8 चौपहिया वाहन शामिल रहे। एसडीएम नवाजिश खलीक ने बताया कि करीब 44 हजार रुपये का जुर्माना भी वसूला गया।

### आज का मौसम

आसमान में घने बादलों के साथ बारिश होने की संभावना।

32.0⁰ अधिकतम तापमान | 26.0⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.21 | सूर्यास्त 19.14

### शहर में आज

- पर्वतीय उत्थान मंच में हरेला मेला को लेकर गोल्ज्यू मंदिर में पूजा 9 बजे
- मिनी स्टेडियम में बैडमिंटन प्रतियोगिता होगी सुबह 10 बजे
- आप सेवालय संस्था की ओर से जय शारदा भवन निकट गैस गोदाम रोड पर प्रेस वार्ता होगी 12 :30 बजे

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बिना फिटनेस की जिप्सी में सफारी कराने को लेकर

# जिप्सी चालक निलंबित, स्टोर कीपर के निलंबन की संस्तुति

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी


**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बिना फिटनेस जिप्सी में भ्रमण कराने के मामले में गाज गिरना शुरू हो गया है। पहली गाज जिप्सी ड्राइवर पर गिरी है, उसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। वहीं, स्टोरकीपर के निलंबन की संस्तुति शासन से की गई है।

अधिकारियों के अनुसार, बीती 5 जुलाई को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी नैनीताल जिले में रामनगर दौरे पर आए थे। बीती 6 जुलाई को उन्होंने कॉर्बेट नेशनल पार्क और तराई पश्चिम वन प्रभाग के विभिन्न पर्यटन क्षेत्रों में सफारी की। इसके लिए कॉर्बेट नेशनल पार्क प्रशासन



मुख्यमंत्री धामी सीटीआर में सफारी करते हुए। ● फाइल फोटो

ने एक जिप्सी संख्या यूके-19-जीए-0067 भेजी थी। इसके बाद मुख्यमंत्री धामी इसी जिप्सी से कॉर्बेट परिसर से ढैला पहुंचे थे। उन्होंने इसी जिप्सी से ढैला रेंज, फाटो और झिरना रेंज का भी दौरा किया था। फिर वह ढैला स्थित एक रिसॉर्ट से हेलीपैड तक गए। इस तरह उन्होंने जिप्सी से 25 किमी का सफर तय किया और 6:30 घंटे इसी जिप्सी में रहे। इस जिप्सी की फिटनेस नहीं होने का खुलासा होने के बाद कि उत्तराखंड के वन विभाग के मुखिया प्रमुख वन संरक्षक समीर सिन्हा ने इस मामले की जांच सीसीएफ वाइल्डलाइफ को सौंपी थी। इधर, घटना के चार दिन बाद कॉर्बेट नेशनल पार्क प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त जिप्सी के ड्राइवर मो. उमर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है जबकि स्टोर कीपर इरशाद अहमद के निलंबन की संस्तुति शासन से की है। सूत्रों की मानें तो, प्रारंभिक जांच में पता चला कि सरकारी वाहन की लॉग बुक व रखरखाव का काम स्टोर कीपर का होता है। स्टोर कीपर इरशाद अहमद इस काम में लापरवाही बरती। वहीं, जिप्सी चालक मो. उमर को पता था कि उक्त जिप्सी की फिटनेस नहीं है। यह बात दीगर है कि 6 जुलाई को मुख्यमंत्री धामी की सफारी के समय अन्य ड्राइवर गया था लेकिन मो. उमर ने जिप्सी की फिटनेस नहीं होने की बात किसी को नहीं बताई जिस कारण यह समस्या हुई। फिलहाल सीटीआर प्रशासन ने ड्राइवर मो. उमर को निलंबित कर दिया है जबकि स्टोरकीपर इरशाद अहमद के निलंबन की संस्तुति शासन से की है। सीटीआर निदेशक डॉ. साकेत बडोला ने इसकी पुष्टि की है।




# भूमियाधार में सड़क किनारे 25 दुकानें ध्वस्त

## एसडीएम नवाजिश खलीक के नेतृत्व में अतिक्रमण के खिलाफ चला अभियान, जनता ने किया विरोध, प्रदर्शन

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** भूमियाधार क्षेत्र में शुक्रवार को सड़क किनारे अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान भारी विरोध हुआ। एसडीएम नवाजिश खलीक के नेतृत्व में करीब 25 दुकानों को अतिक्रमण बताते हुए ध्वस्त कर दिया। दुकानदारों ने इस कार्रवाई को अन्यायपूर्ण बताते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

अभियान के दौरान मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। कार्रवाई सुबह से शुरू होकर दोपहर तक चली। इसमें जेसीबी मशीनों की मदद से अस्थायी और कुछ पक्की दुकानों को हटाया गया। प्रशासन का तर्क था कि ये दुकानें मुख्य सड़क के किनारे अतिक्रमण कर बनाई गई थीं। इससे यातायात बाधित हो रहा था और हादसों की आशंका बनी रहती थी।



नैनीताल में अतिक्रमण हटाने के दौरान दुकानदारों से वार्ता करते एसडीएम नवाजिश खलीक। ● अमृत विचार

स्थानीय लोगों का आरोप है कि उन्हें दुकान लगाने के लिए स्थान पंचायत ने दिया था। अब बिना वैकल्पिक व्यवस्था के बेदखल किया गया है। स्थानीय महिला दुकानदार रश्मी जयश्री ने आरोप लगाया कि जिन जगहों को अब अतिक्रमण बताकर हटाया गया, वे स्थान वर्षों पूर्व ग्राम पंचायत द्वारा व्यू पॉइंट नाम से स्वरोजगार के लिए महिलाओं को दिए गए थे। महिलाओं ने उन जगहों पर दुकानें खोलकर अपने परिवार का पालन-पोषण शुरू किया था। अब अचानक प्रशासन ने उन्हें अतिक्रमण बताकर उजाड़ दिया है।

नीमा आर्य ने बताया कि हमने अपने खर्चे से दुकान बनाई थी। पंचायत से अनुमति ली थी। अब हमें बेदखल कर दिया गया। मीनाक्षी टम्टा ने बताया दुकानें ही हमारा सहारा थीं। ना तो हमें पहले कोई कानूनी नोटिस मिला, न कोई सुनवाई हुई। कार्रवाई के बाद भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने कार्रवाई न करने की मांग की। इसके बावजूद प्रशासन ने अतिक्रमण को ध्वस्त किया। पूर्व ग्राम प्रधान नीमा के मुताबिक वर्षों से महिलाएं इन दुकानों से आजीविका चला रही थीं। अचानक बिना सुनवाई उन्हें उजाड़ देना न केवल प्रशासनिक असंवेदनशीलता है बल्कि यह गरीबों पर सीधा हमला है।

### नियमों के अनुसार हटाया अतिक्रमण

एसडीएम नवाजिश खलीक ने कहा कि यह कार्रवाई पूरी तरह नियमानुसार की गई है। जिन लोगों की दुकानें हटाई गई हैं, उन्हें पहले कई बार चेतावनी दी गई थी और नोटिस भी जारी किए गए थे। इसके बावजूद उन्होंने अतिक्रमण नहीं हटाया। उन्होंने बताया कि यह अभियान सड़क चौड़ीकरण और यातायात व्यवस्था सुधारने के उद्देश्य से चलाया गया है। यह सरकारी भूमि है और इस पर अवैध रूप से कब्जा किया गया था।



अभियान के दौरान अतिक्रमण हटाती जेसीबी। ● अमृत विचार

# टेंट हाउस को बनाया बार, अलग-अलग अपराधों में 8 हुए गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पंचायत चुनावों के मद्देनजर पुलिस ने जिले में बड़ा चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान विभिन्न अपराधों में लिप्त 8 लोगों को गिरफ्तार किया गया। कोई खुलेआम सट्टे की खाई-बाड़ी कर रहा था तो किसी ने टेंट हाउस को बार में तब्दील कर दिया। जबकि कोई शराब की तस्करी में जुटा था। पुलिस ने विभिन्न घटनाओं 303 पाउच कच्ची और 158 पव्वे अंग्रेजी शराब के बरामद किए हैं। एसओजी ने सट्टेबाज और टेंट हाउस में शराब पिलाने वाले दो, जबकि बनभूलपुरा, रामनगर, मुखानी और भवाली पुलिस ने 6 शराब तस्करों को गिरफ्तार किया, जिसमें दो महिलाएं भी शामिल हैं।

**अनमोल टेंट हाउस में सट्टा, महेश्वरी में पकड़ा बार :** एसओजी प्रभारी संजीत राठौड़ और उनकी टीम ने राजपुरा स्थित अनमोल टेंट हाउस में छापेमारी की, जहां से विक्की कश्यप पुत्र गंगा प्रसाद निवासी राजपुरा को सट्टे की खाई बाड़ी करते गिरफ्तार किया। उसके पास से सट्टा पर्चियों के साथ 9200 रुपए बरामद किए। दूसरे मामले में एसओजी और भोटियापड़ाव चौकी प्रभारी अनिल कुमार ने धोबीघाट राजपुरा स्थित माहेश्वरी टेन्ट हाउस में छापा मारा तो अंदर लोगों को शराब परोसी जा रही थी। मौके से लाइन नंबर 3 राजपुरा निवासी मोहन लाल आर्या पुत्र स्व. चमन लाल आर्या को गिरफ्तार किया गया। साथ ही 11 पव्वे अंग्रेजी शराब के और 19 ट्रेटा पैक देसी शराब के बरामद किए।



मुखानी पुलिस की हिरासत में महिला तस्कर।

- पंचायत चुनाव के मद्देनजर जिले में पुलिस ने चलाया अभियान
- कच्ची शराब के 303 और 158 पव्वे अंग्रेजी शराब के बरामद

### रामनगर में एक, भवाली में दो तस्कर गिरफ्तार

**हल्द्वानी :** रामनगर कोतवाल अरुण कुमार सैनी और उनकी टीम ने जीत सिंह पुत्र कश्मीर सिंह निवासी इटव्वा बाजपुर उधमसिंह नगर को शराब की तस्करी करते पकड़ा। उसके पास से कच्ची शराब के 92 पाउच बरामद किए गए हैं। इसी तरह भवाली थाने क्षेत्र के खैरना चौकी इंचार्ज प्रकाश मेहरा और उनकी टीम ने भौर्या बैंड खैरना के पास विनोद कुमार पुत्र पनी राम निवासी गंगोरी सुयालबाड़ी भवाली को तस्करी करते दबोचा। उसके पास से 144 पव्वे देसी शराब के बरामद किए गए।

### मुखानी में महिला, बनभूलपुरा में पुरुष तस्कर दबोचे

**हल्द्वानी :** मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश जोशी और उनकी टीम ने चेकिंग के दौरान सैफी फॉर्म को जाने वाले रास्ते फतेहपुर से गुड्डी पत्नी फिरोजी निवासी गुजरोड़ा फतेहपुर मुखानी को 40 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी के साथ मनीषा पत्नी नीरज निवासी गुजरोड़ा फतेहपुर मुखानी को 41 पाउच कच्ची शराब खाम के साथ गिरफ्तार कर किया गया। इधर, बनभूलपुरा पुलिस ने टनकपुर रोड से निक्की निवासी जवाहरनगर को देसी शराब के 96 पाउच और ललित उर्फ चुन्ना निवासी जवाहरनगर 96 पव्वे टेट्रा पैक के साथ पकड़ा है।

# आधा पव्वा और गिलास पकड़ने वाली पुलिस दमुवाढूंगा में फेल

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** आधा पव्वा और एक गिलास के साथ शराब पीने वालों को पकड़ने वाली पुलिस दमुवाढूंगा में पूरी तरह फेल हो चुकी है। यहां की जागरुक महिलाओं ने एक बार फिर शराब तस्करी का भंडाफोड़ किया है। महिलाओं के चंगुल से स्कूटी सवार तस्कर भाग निकला, लेकिन स्कूटी हाथ लग गई। स्कूटी से देसी और अंग्रेजी शराब के 100 से ज्यादा ट्रेटा पैक बरामद किए गए हैं।

दमुवाढूंगा में वार्ड-36 की महिला पार्षद तनुजा जोशी ने गुरुवार रात अपने क्षेत्र में स्कूटी से देसी और अंग्रेजी शराब की होम डिलीवरी करते एक युवक को देख



दमुवाढूंगा में स्कूटी से बरामद शराब।

लिया। महिला पार्षद ने तस्करी कर रहे युवक का पीछा किया। वार्ड में कुछ दूरी पर उसे पकड़ने की कोशिश की तो वह भागने में

- महिला पार्षद की अगुवाई में महिलाओं ने पकड़ी शराब की होम डिलीवरी
- तस्कर स्कूटी छोड़ फरार, डिग्गी से मिली देसी व अंग्रेजी शराब की खेप

कामयाब हो गया, लेकिन स्कूटी को मौके पर छोड़ गया।

महिला पार्षद ने डिग्गी खोलकर देखा तो यहां 50 से अधिक टेट्रा पैक देसी और इतनी ही मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद हुई। पार्षद ने तत्काल आबकारी और पुलिस की टीम को सूचना दी। आबकारी विभाग ने मौके पर पहुंच शराब को कब्जे में लिया। अज्ञात पर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा का कहना है कि मामला संज्ञान में है और इस पर कार्रवाई की जाएगी।

## इंजीनियर पत्नी को छत से फेंका, पैर टूटा

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** टीपीनगर चौकी क्षेत्र में रहने वाली पीड़िता ने बताया कि वह यहां पति और सास के साथ रहती है। उसकी शादी लगभग चार वर्ष पूर्व हुई थी। वह सिडकुल की एक कंपनी में इंजीनियर है, उसका एक बेटा भी है। आरोप है कि पति और सास दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। पति ने पत्नी के नाम से लाखों का लोन ले लिया, जिसकी किश्तें उसके खाते से कट रही हैं। इसी वर्ष 17 मार्च को पति ने उसे छत से नीचे गिरा दिया, जिससे पत्नी का पैर टूट गया। पति और सास 5 लाख रुपए और कार की मांग कर रहे है। आरोप है कि पैर ठीक होने के बाद उसने हल्द्वानी कोतवाली पुलिस से शिकायत की, एसएसपी को भी तहरीर दी, लेकिन कार्रवाई नहीं की गई। कोतवाल राजेश यादव ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# आवासीय क्षेत्रों में नहीं खड़े होंगे भारी वाहन

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** आयुक्त दीपक रावत ने शुक्रवार को मिनी स्टेडियम रोड स्थित कैंप कार्यालय में जनसमस्याओं पर सुनवाई की। उन्होंने सभी शिकायतों के समाधान को संबंधित अधिकारियों को त्वरित व पारदर्शी कार्रवाई के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में रामनगर में भूमि धोखाधड़ी की शिकायत आई। इसमें प्रतिपाल सिंह कड़ाकोटी ने कृषि भूमि का सौदा किया और उक्त भूमि को अन्य व्यक्ति को बेच दिया। जबकि खरीदारों को नहीं बताया कि उक्त भूमि पर कृषि हो सकती है। आयुक्त ने इस मामले में तहसीलदार को जांच कर भूमि कृषि प्रयोजन के लिए बेची गई है या नहीं, वर्तमान में उपयोग की रिपोर्ट देने के निर्देश दिए ।

वहीं, काठगोदाम में पेट्रोल पंप



आयुक्त रावत को समस्याएं बताते लोग। ● अमृत विचार

में पानी की मिलावट की शिकायत पर आयुक्त ने स्वतः संज्ञान लिया। आयुक्त ने जिला पूर्ति अधिकारी को तत्काल जांच कर पेट्रोल पंप स्वामी को स्पष्टीकरण सहित तलब करने के निर्देश दिए। रामपुर रोड क्षेत्र के नागरिकों ने बताया कि भारी वाहन आवासीय क्षेत्रों में खड़े किए जा रहे हैं जिससे स्थानीय लोगों को असुविधा हो रही है। इस पर आयुक्त ने गोदाम स्वामियों को 10 दिन के भीतर व्यवस्था सुधारने और भारी वाहनों की पार्किंग आवासीय क्षेत्रों में नहीं करने के निर्देश दिए। हल्द्वानी के एक स्कूल की छात्रा ने बताया वर्ष 2021 से 12वीं की अंकतालिका नहीं मिली क्योंकि उसके पिता ने शुल्क जमा नहीं किया था। आयुक्त ने पिता को 50% शुल्क जमा करने और विद्यालय को अंकतालिका सौंपने के निर्देश दिए। गिरवी के एक विवाद में समझौता कराते हुए 57 हजार रुपये का भुगतान करने पर उधार देने वालों को आभूषण वापस किए जाने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में भूमि विवादों की अधिक संख्या होने पर आयुक्त रावत ने आमजन से अपील की है कि भूमि क्रय से पूर्व उसकी वैधता, ऋण स्थिति, सीमांकन और कानूनी अड़चनों की जांच अवश्य कर लें। क्रय के बाद तत्काल चारदीवारी एवं निर्माण कर अवैध कब्जे से बचें। इस दौरान नगर आयुक्त ऋचा सिंह, तहसीलदार मनीषा बिष्ट एवं मनीषा मरकाना आदि मौजूद रहीं।

- जन समस्याओं की सुनवाई में शिकायत आने पर आयुक्त ने गोदाम स्वामियों को दिए निर्देश

**चिंता** परिवहन निगम के काठगोदाम डिपो ने 6 और हल्द्वानी डिपो ने दो वॉल्वो बसों की सेवाएं ऑनलाइन पोर्टल से की गायब

# वॉल्वो सेवा बनी घाटे का सौदा, पोर्टल से हटाई गईं बसें

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** उत्तराखंड परिवहन निगम की वॉल्वो सेवा अब घाटे का सौदा साबित हो रही है। यात्रियों की लगातार कम होती संख्या और बढ़ते खर्च के चलते काठगोदाम और हल्द्वानी डिपो से संचालित वॉल्वो बस सेवाओं को बंद किया जा रहा है। निगम ने कई नियमित ऑनलाइन सेवाओं को पोर्टल से हटा दिया है।

काठगोदाम डिपो ने अपनी निर्धारित ऑनलाइन सेवा सुबह 5 बजे, 9:30 बजे,10:30 बजे,11:30 बजे,1:30 बजे दिन में और रात्रि 11 बजे की सेवा जबकि हल्द्वानी डिपो ने सुबह 6 बजे और रात्रि 9 बजे की सेवा को ऑनलाइन से हटा दिया है।



ये बसें अब यात्रियों के अभाव में ऑफलाइन भी नही जा सकेंगी।

इन बसों में काठगोदाम डिपो की बस संख्या यूके 07 पीए 3964 और यूके 07 पीए 3965 का अनुबंध इसी माह की 21 जुलाई को खत्म हो रहा है, जबकि 3 वॉल्वो बसें यूके 04 पीए 1519, 1520 और 1522 का अनुबंध 20 अगस्त को समाप्त हो रहा है। बची कुछ बसों का अनुबंध भी कम समय के लिए है। हल्द्वानी डिपो से चलने वाली वाल्वो बसें तो अभी नई हैं, लेकिन एमडी की ओर से सभी डिपो को कम यात्री होने पर ऑनलाइन बसों की संख्या कम करने का आदेश दिया है।

विभागीय सूत्रों की मानें तो वॉल्वो बसों का प्रति चक्कर भाड़ा भी बस मालिकों को ज्यादा जाता है। वर्तमान में इसका खर्च निकालना भी विभाग के लिए टेड़ी खीर बन गया है। उत्तराखंड परिवहन निगम की एमडी रीना जोशी ने शुक्रवार को वर्चुअल बैठक लेकर सभी डिपो की यथा स्थिति को जाना और विभागीय घाटा कम करने पर अमल करने को कहा।

### निजी बसों और डग्गामारी ने वॉल्वो पर डाली मार

उत्तराखंड परिवहन निगम की वॉल्वो सेवाओं पर निजी बसों ने बड़ी मार डाली है। इसके साथ ही डग्गामारी के कारण परिवहन निगम की सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। खासकर वॉल्वो सेवा को सबसे अधिक नुकसान हुआ है। जिस पर निगम प्रशासन ने इन सेवाओं को समाप्त करने का निर्णय लिया है। आने वाले समय में सभी वॉल्वो सेवाएं बाहर हो जाएंगी। काठगोदाम डिपो के एआरएम राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि वॉल्वो बसों की जगह एसी जनरथ चलाई जाने की योजना है। उन्होंने बताया कि नई एसी जनरथ बसों का प्रस्ताव भेजा गया है, जिसमें 5 गाड़ी दिल्ली, 4 जयपुर, 2 गाड़ी आगरा मार्ग पर चलाई जाएंगी। बताया कि इन बसों का किराया भी कम है। वर्तमान में हल्द्वानी और काठगोदाम डिपो से एक-एक बसें चलाई जा रही हैं।

## सांसद ने नई लाइफ सपोर्टिंग एंबुलेंस मांगी

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** सांसद अजय भट्ट ने स्वास्थ्य सचिव आर राजेश कुमार को पत्र लिख कर पुरानी 108 एंबुलेंस हटाकर नई लाइफ सपोर्टिंग सिस्टम एम्बुलेंस देने को लेकर पत्र लिखा है।

सांसद भट्ट ने स्वास्थ्य सचिव को पत्र लिख कर बताया है कि 8 जून 2025 को जगमोहन जलाल पुत्र जीवन सिंह निवासी ग्राम बड़कोट जिला नैनीताल की मृत्यु हो गई थी। इसकी वजह 108 एंबुलेंस की अनुपलब्धता व समय पर इलाज नहीं मिलना बताया जा रहा है। सुयालबाड़ी सीएचसी एक बड़ा चिकित्सा सेवा क्षेत्र होने के बावजूद एंबुलेंस की कमी से जूझ रहा है, जिस कारण यहां पर एक 108 एम्बुलेन्स की अति आवश्यकता है।

# टैक्सी स्कूटी चलाता फिर पकड़ा गया नाबालिग

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नाबालिग वाहन चालकों पर कार्रवाई तो हो रही है, लेकिन नकेल फिर भी नही कस पा रही। हल्द्वानी पुलिस ने बीते मंगलवार को नाबालिग को टैक्सी स्कूटी चलाते पकड़ा था, स्कूटी की महिला मालिक पर मुकदमा लिखा था। अब काठगोदाम पुलिस ने टैक्सी स्कूटी चलाते नाबालिग को पकड़ा और एक बार फिर स्कूटी की महिला मालिक पर मुकदमा दर्ज हुआ है।

पुलिस के मुताबिक, एसआई रविन्द्र ने 10 जुलाई को हैड़ाखान मार्ग में वाहन चेकिंग के दौरान जांच के लिए टैक्सी स्कूटी को रोका। टैक्सी स्कूटी को नरीमन चौराहे के पास रहने वाला आदि खान पुत्र अली अकबर खान चला रहा था। जिसके पास न तो गाड़ी के कागज थे और न ही ड्राइविंग लाइसेंस। जांच में सामने आया कि चालक 14 साल का नाबालिग है और स्कूटी वार्ड 14 इंद्रानगर निवासी नुजहत परवीन पत्नी फईम अहमद के नाम पर दर्ज है। पुलिस ने काउंसिलिंग के बाद चालक को परिजनों के सुपुर्द किया। जबकि स्कूटी मालिक नुजहत के खिलाफ केस दर्ज किया है। नुजहत ने पुलिस को बताया कि उसे चालक के नाबालिग होने की जानकारी नहीं थी। थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## सार-संक्षेप

### शासनादेश का नहीं हो रहा पालनः मनोज



**रामनगर :** प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय पदाधिकारी मनोज तिवारी ने कहा कि शासन की ओर से भविष्य में केवल स्थाई नियुक्तियों को लेकर जारी किया गए शासनादेश पर प्रश्नचिन्ह लगने जा रहा है। अप्रैल 2025 में मुख्य सचिव उत्तराखंड की ओर से जारी शासनादेश में भारतीय संविधान के अनुच्छेद 309 का हवाला देते हुए राज्य के अंतर्गत समस्त विभागीय स्वीकृत पदों पर होने वाली कोई भी नियुक्ति स्थाई रूप से विभागीय प्रचलित नियमावली के माध्यम से होने का शासनादेश जारी करते हुए भविष्य में किसी भी प्रकार की आउटसोर्सिंग एजेंसी अथवा संविदा या किसी भी प्रकार की अस्थाई व्यवस्था के तहत कोई भी नियुक्तियां नहीं किए जाने का आदेश जारी किया गया। इसके विपरीत शिक्षा विभाग में पिछले 7 वर्षों से रिक्त चल आ रहे पदों पर आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से नियुक्तियां की तैयारी की जा चुकी है। इसके लिए विधिवत विभागीय मेरिट लिस्ट भी जारी की जा चुकी है। जिन पर आचार संहिता के पश्चात नियुक्ति पत्र जारी किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।



भवाली में पौधरोपण करती टीम। ● अमृत विचार

### पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**भवाली :** फॉरेस्ट रेंज भवाली में 15 एनडीआरएफ की टीम, फॉरेस्ट विभाग भवाली एवं ग्रामीणों ने एक पेड़ मां के नाम मुहिम के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान नींबू, देवद्वार, माल्टा, आडू और ओक के पौधों का रोपण किया गया। इस अभियान की औपचारिक शुरुआत वन विभाग नैनीताल के बीजू लाल टीआर (CFO) दक्षिणी कुमाऊं ने की। मुख्य अतिथि ने पौधों की देखभाल एवं सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित करने के बारे में दिशा निर्देश दिए गए। इस मुहिम के तहत टीम के सभी सदस्यों ने अपनी मां के नाम पौधा भी रोपित किया। डीएफओ चंद्रशेखर जोशी, रेंजर विजय मिलकनी, 15 एनडीआरएफ के इंस्पेक्टर तिरेपन सिंह रावत आदि मौजूद थे।



महाविद्यालय में पौधरोपण करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

### महाविद्यालय हल्दूचौड़ में किया गया पौधरोपण

**हल्दूचौड़ :** लाल बहादुर शास्त्री राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्दूचौड़ में गुरु पूर्णिमा दिवस के अवसर पर पौधरोपण किया गया। इस दौरान गेंदा, गुड़हल, चमेली, रात की रानी, बैगन बेलिया, अमलतास, बेल, बेला, सिल्वर ओक, गुलमोहर, मोरिंगा, नीम, तुलसी, चंपा आदि विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण हर्बल बॉटेनिकल गार्डन और परिसर के चारों ओर किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. जयचंद्र कुमार गौतम, रोवर-रेंजर्स प्रभारी डॉ. हेम चन्द्र पाण्डे, डॉ. कमला पाण्डे, हर्बल बॉटेनिकल गार्डन सह प्रभारी डॉ. बिपिन चन्द्र जोशी, डॉ. रीता दुर्गापाल, डॉ. प्रदीप मंडल, डॉ. मनोज कुमार जोशी, डॉ. गीता तिवारी पाण्डे, दिनेश कुमार जोशी, हरीश चन्द्र जोशी, कविता असवाल, वीणा सनवाल, जयपाल, राकेश कुमार, अब्दुल आदि प्राध्यापक और कर्मचारी उपस्थित रहे।



मजार को ध्वस्त करती जेसीबी। ● अमृत विचार

### रेलवे प्रशासन ने पीरबाबा की मजार ध्वस्त की

**रामनगर :** विकासखंड के लूटाबड क्षेत्र स्थित रेलवे की भूमि पर अवैध रूप से निर्मित पीरबाबा की मजार को रेलवे विभाग के द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से हटा दिया गया। एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि क्षेत्र में अवैध मजारों को हटाए जाने के लिए भी प्रशासन अलर्ट है। उन्होंने कहा कि अवैध रूप से बनाई गई मजारों को तोड़ा जाएगा। यदि किसी मजार के वैध दस्तावेज हो, तो वह उसे प्रस्तुत करें। मजार को ध्वस्त करने से पहले उसके वैध कागजात प्रशासन मांग रहा है। दस्तावेज न मिलने पर उसे तोड़ने की कारवाई की जाएगी। तोड़ी गई मजार ग्राम लुटाबड़ में रेलवे पटरी के पास स्थित थी। टीम में एसडीएम प्रमोद कुमार, रेलवे से अखिलेश कुमार सीनियर सेक्शन अभियंता, सुखवंत सिंह प्रभारी निरीक्षक आरपीएफ, उपनिरीक्षक दर्पण कुमार, गोविन्द अधिकारी व निर्मला मौजूद रहे।

### 67 प्रत्याशियों ने नाम वापस लिए

**रामनगर :** रामनगर में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में दो दिनों में कुल 67 प्रत्याशियों ने नामांकन वापस लिए हैं। 17 नामांकन प्रथम दिवस और 50 नामांकन दूसरे दिवस वापस हुए। ग्राम पंचायत सदस्य के 10, प्रधान के 38 और क्षेत्र पंचायत में 19 नामांकन वापस हुए। अब प्रत्याशियों को 18 जुलाई को चुनाव चिन्ह आवंटन होगा। रामनगर विकासखंड की चुनाव अधिकारी अधिशासी अभियंता नलकूप प्रिया सैनी ने बताया कि प्रधान के 50 पदों के लिए अब 197, क्षेत्र पंचायत के 31 पदों के लिए 138 और ग्राम पंचायत सदस्य में 456 पदों पर 300 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है।

### चार भाइयों पर धोखाधड़ी का मुकदमा, जांच शुरू

**रामनगर :** मोहल्ला खताड़ी निवासी एक व्यक्ति ने चार सगे भाइयों पर जमीन बेचने के नाम पर 80 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। पुलिस ने चारों भाइयों पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। अब्दुल मुस्तफा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आरोपी चार भाइयों निवासी ग्राम उदयपुरी चोपड़ा ने झूठ बोलकर धोखाधड़ी से अस्सी लाख रुपये हड़प लिए। पीड़ित ने बताया कि इन चारों भाइयों से उनके पड़ोसी वसीक ने मिलवाया था। आरोपियों ने उदयपुरी चोपड़ा में जमीन दिखाई और उनसे पैसे ले लिए। पूरे रुपये लेने के बाद जमीन कब्जे के लिए पहुंचे तो आरोपियों ने पीड़ित को डरा धमकाकर भगा दिया और जमीन नहीं दी। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी करने का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिला संदिग्ध हालात में लापता, तलाश में जुटी पुलिस

**रामनगर :** रामनगर से घर के लिए बस में निकली एक महिला संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन महिला का कुछ पता नहीं चल पाया है। मोहल्ला भरतपुरी निवासी चंद्रा पत्नी अर्जुन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी माता दीपा देवी को बीती 9 जुलाई को ग्राम कांडा डोनपरेवा के लिए रामनगर से बस में बैठाया था। बताया कि उनके पिता दीवान सिंह का फोन आया कि वह घर नहीं पहुंची। परिजनों ने महिला की काफी खोजबीन की गई लेकिन उनका कोई पता नहीं चल पाया है। परिजनों ने कोतवाली पुलिस से महिला को सकुशल बरामद करने की मांग की गई है। पुलिस ने लापता खोजबीन शुरू कर दी है।

# बेला के सामने डटीं भाजपा पदाधिकारियों की पत्नियां

## जिलाध्यक्ष से वार्ता के बाद भी नहीं बनी बात, दोनों पदाधिकारियों की पत्नियों ने नामांकन वापस नहीं लिया

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पंचायत चुनाव में शुरू से ही चर्चाओं में रही रामड़ी आन सिंह जिला पंचायत सदस्य की सीट एक बार फिर सुर्खियों में हैं। यहां भाजपा समर्थित उम्मीदवार का मुकाबला विपक्षी दल ही नहीं बल्कि भाजपा के जिला उपाध्यक्ष व जिला मंत्री की पत्नी से है। इसे बगावत कहें या खिलाफत, जो भी हो इस सीट पर मुकाबला त्रिकोणीय होने के साथ ही रोचक भी हो गया है। हालांकि इससे भाजपा में भित्तरघात से भी इंकार नहीं किया जा सकता है।

भाजपा ने रामड़ी आन सिंह जिपं सीट पर निवर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया को उम्मीदवार बनाया है। इस सीट से ही भाजपा के जिला उपाध्यक्ष लाखन सिंह निगल्टिया की पत्नी उमा निगल्टिया एवं जिला मंत्री प्रमोद वोरा की पत्नी डॉ. छवि कांडपाल वोरा ने भी दावेदारी की थी। इसके बाद राजनैतिक गलियारों में भाजपा में अंदरूनी कलह बढ़ने की आशंकाएं जताई जा रही थीं हालांकि संगठन का दावा था कि पदाधिकारियों से वार्ता की जाएगी। रूठे हुए को मनाने के लिए विशेष टीमें भी बनाई गई थीं जिन पर इस खिलाफत को रोकने का जिम्मा था। बीती 10-11 जुलाई को नामांकन वापसी की तिथियां थीं, कयास बढ़ गए थे कि ये नामांकन वापस हो सकते हैं लेकिन शुक्रवार को नाम वापसी के अंतिम दिन भी दोनों ने नाम वापस नहीं लिए हैं। अब ये दोनों उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। इनका का मुकाबला भाजपा समर्थित बेला तोलिया से होगा। इसको लेकर भाजपा की गुटबाजी व अंदरुनी कलह सतही हो गई है। भाजपा में समर्थक भी कई धड़ों में बंट गए हैं। यहां मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है, जिसके बाद कार्यकर्ताओं में असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

#### भाजपा का गढ़ माना जाता है यह क्षेत्र

**हल्द्वानी :** जिले की कालाढूंगी विधानसभा सीट का रामड़ी आन सिंह क्षेत्र भाजपा का गढ़ माना जाता है। यहां से कांग्रेस अभी तक अपना परचम लहराने में कामयाब नहीं हो सकी है। वहीं, जिपं सीट पर पहली बार भाजपा बनाम भाजपा है। इस भित्तरघात व आपसी कलेह का फायदा विपक्ष दल को मिलने की आशंका से भी इंकार नहीं किया जा सकता है।



"दोनों से बात की गई थी लेकिन उन्होंने नाम वापस नहीं लिया। अब संगठन ने ऐसे लोगों की सूची मांगी है। यह सूची बनाकर संगठन को दी जाएगी और हाईकमान ही इस पर निर्णय लेगा। जो भी कार्रवाई होगी, हाईकमान स्तर पर ही होगी।
– **प्रताप बिष्ट**, जिलाध्यक्ष भाजपा नैनीताल



जनसंपर्क के दौरान मौजूद विधायक बंशीधर भगत व अन्य। ● अमृत विचार

### प्रत्याशी के समर्थन में विधायक ने किया जनसंपर्क

**कालाढूंगी :** कोटाबाग ब्लॉक के जिला पंचायत क्षेत्र 15 गेबुवा-पत्तापानी से भारतीय जनता पार्टी के समर्थित प्रत्याशी ललित वर्मा के समर्थन में शुक्रवार को विधायक बंशीधर भगत ने कार्यकर्ताओं के साथ वोट मांगे। मोहनपुर रौतेला, खेमपुर, गेबुवा-खास, पुरुषोत्तमपुर एवं नंदपुर ग्रामों में विधायक ने घर-घर जाकर जनसमर्थन मांगा। इस दौरान उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा प्रत्याशी ललित वर्मा को भारी मतों से विजयी बनाना जरूरी है। इस दौरान मयंक तिवारी, हेम पाठक, विनोद बधानी, मंडल महामंत्री दीवान सिंह बिष्ट, भगवान तिवारी, बूथ अध्यक्ष मोहन तिवारी, मंडल मंत्री पीतांबर तिवारी, कपिल सती, दिगंबर सिंह नेगी, दीपांकर व हरी बल्लभ उपाध्याय आदि मौजूद रहे।



कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत को ज्ञापन देते हरीश पनेरू। ● अमृत विचार

### पंचायत चुनाव में हो रही धांधलीः पनेरू

**हल्द्वानी :** पूर्व दर्जा राज्य मंत्री और कांग्रेसी नेता हरीश पनेरू ने ओखलकांडा विकासखंड क्षेत्र में पंचायत चुनाव में धांधली का आरोप लगाया है। उन्होंने अपनी शिकायत को कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत को सौंपा है। कहा कि इस क्षेत्र में ग्राम प्रधान और पंचायत चुनाव में भारी धांधली हो रही है। चुनाव ड्यूटी में लगे अधिकांशी कर्मचारी और अधिकारी ओखलकांडा की निवर्तमान ब्लॉक प्रमुख के अधीन काम करते रहे हैं। उनके प्रभाव में आकर बचुली देवी जो क्षेत्र पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ रहीं थीं उनके प्रमाण गायब करवा दिए गए। कहा कि ऐसा इसलिए किया गया कि क्योंकि कमलेश कैड़ा को निर्विरोध क्षेत्र पंचायत सदस्य बना दिया जाए।

# पंचायत चुनाव के कर्मियों का हुआ दूसरा रैंडमाइजेशन, ब्लॉक भी आवंटित किए

- एक टीम में एक पीठासीन व चार मतदान अधिकारी किए शामिल
- 18 से 22 जुलाई तक दिया जाएगा मतदान संबंधी प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचस्थानि) वंदना की उपस्थिति में कर्मचारियों का द्वितीय रैंडमाइजेशन हुआ।

शुक्रवार को डीएम के नैनीताल रोड स्थित कैंप कार्यालय में राज्य निर्वाचन आयोग के सॉफ्टवेयर से रैंडमाइजेशन किया गया। इसी के साथ ही मतदान के लिए टीम का चयन कर ब्लॉक आवंटित कर दिए गए हैं।

जिलाधिकारी ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के अंतर्गत मतदान प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए पहले रैंडमाइजेशन में पीठासीन व मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ की नियुक्ति के लिए रैंडमाइजेशन कर कर्मियों का चयन किया गया था। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को दूसरा रैंडमाइजेशन में निर्वाचन आयोग के सॉफ्टवेयर से इन कर्मचारियों में से मतदान के लिए रिजर्व सहित कुल 922 टीमों का गठन कर उन्हें ब्लॉक आवंटित किए गए हैं। दूसरे रैंडमाइजेशन में 10% रिजर्व सहित कुल 922 टीम जिसमें कुल 4,610 कर्मचारी हैं जो मतदान प्रक्रिया संपन्न कराएंगे।

एक टीम में एक पीठासीन, 4 मतदान अधिकारी सहित कुल 5 कर्मी तैनात किए गए हैं। इन सभी कार्मिकों को आगामी 18,19,21 व 22 जुलाई को मतदान संबंधी प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे पूर्व सभी पीठासीन व मतदान अधिकारियों का निर्वाचन सम्बंधित प्रथम प्रशिक्षण प्रदान कर दिया गया है। बताया कि मतदान कर्मियों के तृतीय रैंडमाइजेशन में इन मतदान पार्टियों को बूथ आवंटित होगा। इस दौरान सीडीओ अनामिका, सीईओ जीपी जायसवाल, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी राजेश तिवारी रहे।

# प्रवर्तन कार्रवाई में एक ही दिन में 117 चालान, 6 वाहन सीज

- हल्द्वानी-कालाढूंगी, हल्द्वानी-नैनीताल, हल्द्वानी-भीमताल और हल्द्वानी- नैनीताल मार्गों पर चलाया अभियान

संवाददाता, हल्द्वानी



नियमों का उल्लंघन करने पर प्रवर्तन कार्रवाई करते एआरटीओ जितेंद्र सिंगवान।

**अमृत विचारः** सड़क दुर्घटनाओं और अनधिकृत वाहन संचालन पर रोक लगाने के लिए परिवहन विभाग की प्रवर्तन टीमों ने जिलेभर में सघन चेकिंग अभियान चलाया। शुक्रवार को चलाए गए इस अभियान के दौरान 117 वाहनों के चालान किए गए और नियमों का उल्लंघन करने पर 6 वाहनों को सीज किया गया।

कार्रवाई का नेतृत्व सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी जितेंद्र सिंगवान, परिवहन अधिकारी गोविंद सिंह, परिवहन निरीक्षक अनुभा आर्य, गिरीश कांडपाल, आरसी पवार और नंदन रावत ने किया। अभियान हल्द्वानी-कालाढूंगी, हल्द्वानी-नैनीताल, हल्द्वानी-भीमताल और हल्द्वानी-नैनीताल मार्गों पर चलाया गया।

इस दौरान टैक्सी, मैक्सी, बस, मोटरसाइकिल, टैक्सी बाइक, कार, ई-रिक्शा, ऑटो और ट्रक जैसे विभिन्न वाहनों की जांच की गई। जिसमें ओवरलोडिंग, ओवरस्पीडिंग, बिना हेलमेट, बिना सीटबेल्ट, अवैध पार्किंग, मानक से बड़ी लगेज, नंबर प्लेट गड़बड़ी और परमिट शर्तों का उल्लंघन जैसे मामले सामने आए। जिस पर सख्त कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान सहायक परिवहन निरीक्षक अनिल कार्की, गोधन सिंह, अरविंद सिंह ह्यांकी, मो. दानिश और प्रवर्तन चालक महेंद्र कुमार, विनोद कुमार समेत अन्य स्टाफ शामिल रहा।

आरटीओ प्रवर्तन गुरदेव ने स्पष्ट किया कि चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा। बताया कि विभाग का उद्देश्य सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ा शिकंजा कसना है।

## संजय का निर्विरोध बीडीसी बनना तय



**रामनगरः** रामनगर के ग्राम टेडा क्यारी से क्षेत्र पंचायत सदस्य के पद के लिए पूर्व ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी का निर्विरोध निर्वाचित बनना तय है। शुक्रवार को ग्राम पंचायत चुनाव अधिकारी प्रियंका सैनी ने बताया कि क्षेत्र पंचायत सदस्य टेडा से संजय नेगी निर्विरोध चुने गए हैं।

संजय नेगी ने बताया कि ग्राम टेडा क्यारी क्षेत्र से छह प्रत्याशी क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए चुनाव लड़ रहे थे और वह खुद भी इसी क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे थे। सभी पांचों दावेदारों ने उन्हें समर्थन देते हुए नामांकन पत्र वापस ले लिया है। निवर्तमान क्षेत्र पंचायत सदस्य दीप चंद्र शास्त्री, जयपाल सिंह रावत, जगदीश, सतविंदर और राकेश ने अपना नामांकन पत्र वापस लेते हुए संजय नेगी को समर्थन दे दिया है।

# सरकार के दबाव में रिटर्निंग ऑफिसर

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि उच्च न्यायालय मुख्य न्यायाधीश की खंड पीठ ने 11 जुलाई को सचिव, राज्य चुनाव आयोग के स्पष्टीकरण को अवैधानिक मानते हुए उस पर रोक लगा दी है। इस स्पष्टीकरण में आयोग के सचिव ने नगरीय और ग्रामीण दोनों निकायों में मतदाता के रूप में दर्ज को मतदाताओं को त्रिस्तरीय पंचायत निकायों में मत देने और चुनाव लड़ने को वैधता दी थी।

कहा कि न्यायालय ने खुली कोर्ट में जिला निर्वाचन अधिकारी को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया है कि नगरीय और ग्रामीण दोनों निकायों में मतदाता के रूप में दर्ज आवेदकों के नामांकन पत्रों की जांच आदि की कार्यवाही स्थगित करनी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राज्य में हो रहे पंचायत चुनावों में रिटर्निंग आफिसर राज्य सरकार के दबाव में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों को अवैध लाभ पहुंचाने के लिए असंवैधानिक और पंचायत राज अधिनियम के प्रतिकूल निर्णय ले रहे हैं। इस तरह के असंवैधानिक और नियम विरुद्ध निर्णय लेने वाले रिटर्निंग ऑफिसरों की जिम्मेदारी तय करने का समय आ गया है।

#### फैसले पर पुनर्विचार की शक्ति नहीं

यशपाल आर्य ने कहा कि, टिहरी जिले के जिला पंचायत सदस्यों के लिए निर्धारित रिटर्निंग ऑफिसर ने पहले सुबह सात नामांकन पत्र स्वीकृत कर दिए। शाम को फैसला पलट कर उन्हीं नामांकनों को अस्वीकृत कर दिया। किसी भी रिटर्निंग ऑफिसर को अपने फैसले पर पुनर्विचार की शक्ति नहीं होती है। रुद्रप्रयाग के एक रिटर्निंग ऑफिसर ने भाजपा समर्थित 27 लाख के बकायेदार और वारंटी का नाम निर्देशन पत्र इस आधार पर स्वीकृत कर दिया कि मामला उच्च न्यायालय में चल रहा है।

# टीपी नगर की समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** ट्रांसपोर्ट नगर कार्यालय में शुक्रवार को सिटी मजिस्ट्रेट और व्यापारियों के बीच एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में ट्रांसपोर्ट नगर प्रभारी अश्मित गुजराल ने पूर्व में उठाई गई समस्याओं की ओर दोबारा ध्यान आकर्षित किया, जिस पर सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान ने मौके पर निरीक्षण कर त्वरित समाधान के आदेश जारी किए।

सिटी मजिस्ट्रेट ने नालियों की सफाई और गंदे पानी के ट्रीटमेंट की व्यवस्था तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही वाहनों को सड़कों पर नहीं, केवल पार्किंग में खड़ा करने के निर्देश देते हुए कहा कि नियमों का उल्लंघन करने पर परिवहन विभाग रोजाना चालान की कार्रवाई करेगा। अब नई गाड़ी रजिस्ट्रेशन या पुरानी गाड़ी की कटिंग के लिए परिवहन विभाग की पूर्व अनुमति अनिवार्य होगी और शुल्क भी अनुमति के बाद ही लिया जाएगा। बैठक में उपस्थित प्रांतीय नगर जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठ ट्रांसपोर्ट कारोबारी कुंदन बिष्ट ने प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि व्यापारी और प्रशासन एक-दूसरे के पूरक हैं, इसलिए प्रत्येक माह इस प्रकार की बैठक होनी चाहिए। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि कार्यालय में कार्यरत कर्मचारी प्रतिदिन ट्रांसपोर्ट नगर का निरीक्षण करें। इस दौरान कुंदन बिष्ट, जसपाल कोहली, ट्रांसपोर्ट नगर प्रभारी अश्मित गुजराल, विशाल जुनेजा, अरविंदर पाल, परमजीत सिंह, गगनदीप सिंह, पंकज कुमार आदि मौजूद थे।

## वर्षा के दौरान सफाई व्यवस्था हो दुरुस्त

**हल्द्वानी, अमृत विचारः** प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र फर्स्वाण और प्रदेश संगठन प्रभारी वीरेंद्र गुप्ता ने संयुक्त बयान जारी कर नगर निगम प्रशासन से मांग की है कि पूरे नगर निगम क्षेत्र में बंद पड़ी नालियों की तत्काल सफाई करवाई जाए। उन्होंने कहा कि मानसून के प्रभाव के चलते जलभराव की समस्या कई स्थानों पर देखने को मिल रही है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। उन्होंने चेताया कि यदि नगर निगम प्रशासन ने ड्रैनेज सिस्टम को दुरुस्त नहीं किया और लापरवाही बरती, तो जनस्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। साथ ही, उन्होंने जोर देकर कहा कि बरसात के मौसम में डेंगू, मलेरिया व अन्य बीमारियों का प्रकोप बढ़ने की आशंका रहती है, नगर निगम को चाहिए कि उच्च गुणवत्ता वाली फॉगिंग व कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करवाए।




कार्यक्रम को संबोधित करते कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक दिनेश फर्त्याल। ● अमृत विचार

# नशे से दूर रहने के प्रति किया जागरूक

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचारः** राजकीय इंटर कॉलेज लालकुआं में आयोजित एक युद्ध नशे के विरुद्ध जागरुकता कार्यक्रम के तहत कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक दिनेश फर्त्याल ने छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी।

भारत विकास परिषद की ओर से आयोजित कार्यक्रम में कोतवाली लालकुआं के प्रभारी निरीक्षक दिनेश फर्त्याल ने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी न केवल कानून के विरुद्ध है, बल्कि यह युवाओं के भविष्य और समाज की सेहत के लिए एक गंभीर मामला है। उन्होंने युवा पीढ़ी से नशे से दूर रहने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। इसकी शिकायत के लिए 1933 हेल्पलाइन नंबर की जानकारी भी दी। केमिस्ट एसोशियन नैनीताल के जिलाध्यक्ष राजकुमार सेतिया ने छात्र-छात्राओं को माता-पिता और शिक्षकों का सम्मान करने के साथ ही नशे से दूर रहने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। अन्य वक्ताओं ने भी विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के प्रति जागरूक किया। साथ ही नशे के दुष्प्रभावों के बारे में भी बताया। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के अध्यक्ष चंद्रेश भाटिया, महामंत्री हेमंत जैन, अनीश अहमद, जुगल किशोर और ऋतु अरोरा आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### नलकूप खराब, टैंकरों से हो रही पानी की आपूर्ति

**हल्द्वानी :** लामाचौड़ पदमपुर पडलिया क्षेत्र के लोगों को इन दिनों पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में स्थित नलकूप खराब हो जाने से नियमित जल आपूर्ति बाधित हो गई है। जिससे स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। पेयजल संकट को देखते हुए जल संस्थान की ओर से टैंकरों के माध्यम से आपूर्ति की जा रही है। बावजूद इसके लोगों को समय पर और पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पा रहा है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि कई घरों तक टैंकर नहीं पहुंच पा रहे हैं। जिससे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सिंचाई विभाग का कहना है कि नलकूप की तकनीकी खराबी को ठीक करने का कार्य जारी है और जल्द ही आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी। वही संस्थान के सहायक अभियंता रविन्द्र कुमार ने बताया कि क्षेत्र में टैंकरों से आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

### कर्नल आलोक पांडे का एक साल का सेवा विस्तार



**हल्द्वानी :** कुमाऊं मंडल के उपनल कार्यालय के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी कर्नल आलोक पांडे को एक साल का सेवा विस्तार दिया गया है। प्रबन्ध निदेशक बिग्रेडियर जेएनएस बिष्ट ने इस बाबत आदेश जारी किया है। उनकी नियुक्ति अनुबंध के आधार पर 6 जुलाई 2022 को हुई थी। पदभार ग्रहण करने की तिथि से तीन साल या अधिवर्षता आयु 65 साल तक मान्य थी। वर्तमान आदेश के अनुसार कर्नल पांडे की अधिवर्षता आयु 13 जून 2026 को पूरी हो रही है, उनके कार्यकाल में एक साल का विस्तार दिया गया है।

### 19 और 20 जुलाई को होगी शतरंज प्रतियोगिता

**हल्द्वानी :** अंतर्राष्ट्रीय शतरंज दिवस के मौके पर दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल में दो दिवसीय दीक्षांत इंविटेशनल कप इंटर स्कूल शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता 19 और 20 जुलाई को होगी। नैनीताल जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष समित टिक्कू ने बताया कि प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए तैयारियां चल रही हैं। प्रतियोगिता में हल्द्वानी के साथ ही काशीपुर, रुद्रपुर, नैनीताल, भीमताल और रामनगर के स्कूल भाग लेंगे। प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए स्कूल के प्रधानाचार्य रूपक पांडे, एकेडमिक निदेशक किशन तिवारी, नीरज शाह आदि कार्य कर रहे हैं।



बैडमिंटन स्पर्धा का उद्घाटन करते आयकर आयुक्त नरेंद्र सिंह जंगपागी।

### मिनी स्टेडियम में तीन दिवसीय बैडमिंटन स्पर्धा शुरू

**हल्द्वानी :** तीन दिवसीय जिला स्तरीय बैडमिंटन स्पर्धा का शुभारंभ गुरुवार को आयकर आयुक्त नरेंद्र सिंह जंगपागी ने किया। मिनी स्टेडियम में आयोजित इस प्रतियोगिता में अंडर-11, 13, 15, 17, 19 और ओपन आयु वर्ग के करीब 200 बालक-बालिका खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। स्पर्धा के पहले दिन अंडर-11, 13, 15 और 17 आयु वर्ग के मुकाबले खेले गए। प्रतियोगिता के आयोजन में जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत का विशेष सहयोग रहा।जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष रीतेश बिष्ट ने बताया कि इस स्पर्धा के एकल वर्ग के टॉप-4 खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे, जबकि युगल वर्ग के विजेता सीधे राज्य स्तर पर चयनित माने जाएंगे। अंडर-11 और 13 आयु वर्ग की राज्य स्तरीय स्पर्धा अक्टूबर में हल्द्वानी में, अंडर-15 और 17 वर्ग की स्पर्धा 16 जुलाई से ऊधमसिंह नगर, जबकि ओपन आयु वर्ग की स्पर्धा अल्मोड़ा जिले में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता के विशिष्ट अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान रहे। इस अवसर पर अरविंद पांडे, भानू पंत, दीपक आदि मौजूद रहे।



नाले के पानी से हुई यह स्थिति। ● अमृत विचार



रौतेला कॉलोनी को जाने वाले रास्ते का हाल। ● अमृत विचार

# दमुवाढूंगा और बिठौरिया में नाले की आफत बरकरार

## सिंचाई विभाग की कोशिशों के बावजूद घरों में घुसा गंदा पानी, चौफुला के पास क्षेत्र हुआ जलमग्न, लोगों को आवाजाही में हो रही दिक्कत

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** वार्ड नंबर 37 में वन चौकी के पास से बहने वाले नाले की समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए सिंचाई विभाग ने काफी काम किया लेकिन भारी बारिश में सभी दावों और कामों की पोल खुल गई। बरसाती नाले का पानी दूसरे क्षेत्र में घुस गया। लोगों के घर में गंदे पानी के साथ ही काफी मात्रा में मलबा इकट्ठा हो गया।

वार्ड नंबर 37 में वन चौकी के पास से बरसाती नाले बहाता है। यह नाला भारी बारिश में आता है और बाकी समय सूखा रहता है। पहले इस नाले का पानी वनचौकी में समा जाता है और लोगों को कोई बड़ी परेशानी नहीं होती थी। बाद में नाले का पानी का रुख बिठौरिया में सिंचाई नहर की तरफ कर दिया गया। इसके बाद समस्या तब बढ़ गई जब सिंचाई नहर को कवर करके उसके ऊपर सड़क बना दी गई। अब नाले का पानी सीधे बिठौरिया में लोगों के घरों और खेतों में घुसने लगा। हालात यह बने कि लोगों को रात को जागना पड़ता था। बाद में स्थानीय लोगों ने समस्या के समाधान के लिए कई दिनों तक आंदोलन किया। तब जाकर सिंचाई विभाग ने इस नाले की समस्या के समाधान के लिए काम करना शुरू किया। योजना बनाई गई ह्यूम पाइप की मदद से नाले के पानी को डाइवर्ट कर दिया जाएगा और आगे चौफुला चौराहे के पास सिंचाई नहर में डाल दिया जाएगा। इधर भारी बारिश के बाद बरसाती नाले का पानी दूसरे क्षेत्र में घुसने लगा। अब नाले का पानी रौतेला कॉलोनी, हरिपुरशील फेस-1 और 2 की कॉलोनी की पक्की पुलिया तोड़कर अंदर घुस गया। ह्यूम पाइप की वजह से नाले के पानी की पूरी तरह से निकासी नहीं हो पाई। स्कूल जाने वाले बच्चों को भी परेशानी हुई। लोगों का कहना है कि अभी भी समस्या का समाधान पूरी तरह से नहीं हो पाया है।



चौफुला के पास सड़क पर बह रहा नाले का पानी। ● अमृत विचार



रकसिया नाले का निरीक्षण करते सांसद अजय भट्ट। ● अमृत विचार

### रोड पर बह रहा पानी

**हल्द्वानी :** पहले नाले का पानी वन चौकी के पास से बिठौरिया में घुसता था तो अब वहीं नाले का पानी चौफला के पास सड़क के ऊपर भी बह रहा है। राहगीरों का निकलना पूरी तरह से बंद हो गया है। पुलिस मौके पर मौजूद है और लोगों को पानी से दूर रहने के लिए कह रही है।

### लोगों की परेशानी खत्म नहीं हुई: गोस्वामी

**हल्द्वानी :** स्थानीय निवासी और सामाजिक कार्यकर्ता मन्नू गोस्वामी ने बताया कि लोगों की परेशानी खत्म नहीं हुई है। इस तरफ जिस तरफ इस नाले को मोड़ा गया है उसी और नहर कवरिंग का कार्य भी चल रहा है। महिमा धर्मकांटे से कठघरिया-हैड़ाखान मंदिर वाली नहर खुली है और नाला भी खुला है। विभाग ने पहले दो माह की मोहलत मांगी थी लेकिन अभी भी काम पूरा नहीं हुआ है।

### आउटफॉल बनने पर जलभराव से निजात मिली

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** सांसद अजय भट्ट ने शुक्रवार को प्राकृतिक रकसिया नाले का निरीक्षण किया। उन्होंने नाले के ऊपर सड़क का काम भी बारिश के बाद शुरू करने के निर्देश दिए। सांसद भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की घोषणा के अंतर्गत एशियन डेवलपमेंट बैंक से वित्त पोषित इस प्रोजेक्ट में उत्तराखंड अर्बन सेक्टर डेवलपमेंट एजेंसी ने आउटफॉल के लिए 4x3 मीटर आकार के 1.5 किमी लंबाई के भूमिगत नाले का निर्माण किया है। इसके ऊपर से रोड भी बनाई जानी है। उन्होंने कहा कि इस नाले के टनल बनने से प्रेमपुर लोशज्ञानी की डाउनस्ट्रीम के गांवों हल्दूपोखरा नायक, हिम्मतपुर बैजनाथ, गुसाईंपुर, पांडेय नवाड़, पूरनपुर, आनंदपुर में जलभराव की समस्या से निजात मिली है। पूर्व में बारिश होने पर हजारों घरों में जलभराव की समस्या होती थी जिससे लोगों का जीना दूभर हो जाता था। इस नाले के बनने से हजारों की आबादी को राहत मिली है। उन्होंने आश्वासन दिया कि बारिश के बाद सड़क का निर्माण भी किया जाएगा, जो कि शहर में मुख्य लिंक मार्ग का काम करेगा। इस दौरान जिला महामंत्री नवीन भट्ट, प्रोजेक्ट मैनेजर कुलदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# टैक्स सर्वे पर व्यापारी व पार्षद मुखर

संवाददाता, हल्द्वानी




पीलीकोठी स्थित बैंक्वट हॉल में आयोजित प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक को संबोधित करते ललित जोशी।

**अमृत विचार :** नगर निगम की ओर से 2018 में शामिल किए गए 16 नए वार्डों में कमर्शियल टैक्स वसूली के लिए शुरू किए गए सर्वे के विरोध में व्यापारियों और पार्षदों ने मोर्चा खोल दिया है। इसे लेकर शुक्रवार को पीलीकोठी स्थित एक बैंक्वट हॉल में प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के बैनर तले व्यापारियों की बैठक हुई। जिसमें स्थानीय पार्षदों और व्यापारी नेताओं ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया।

बैठक में वार्ड नंबर 50 की पार्षद नीमा भट्ट और वार्ड नंबर 51 के पार्षद मुकेश सिंह बिष्ट ने कहा कि साल 2018 में जब इन क्षेत्रों को नगर निगम में शामिल किया गया था, तब तत्कालीन मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने 10 सालों तक टैक्स नहीं लेने का आश्वासन दिया था, लेकिन पांच साल के अंदर ही टैक्स वसूली की तैयारी शुरू कर दी गई है। कहा कि इस मुद्दे को निगम की बोर्ड बैठक में उठाया जाएगा। पार्षदों ने स्पष्ट कहा कि नगर निगम की ओर से इन क्षेत्रों में अब तक कोई मूलभूत सुविधा नहीं दी गई है, जबकि कमर्शियल टैक्स लेने के लिए सर्वे शुरू कर दिया गया है। मुकेश बिष्ट ने आरोप लगाया कि उनके क्षेत्र की समस्याओं को लेकर वे मेयर से कई बार मिले, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। पूर्व ब्लॉक प्रमुख भोला दत्त भट्ट ने कहा कि जब तक व्यापारी एकजुट नहीं होंगे, सरकार शोषण करती रहेगी।

### मुख्यमंत्री को भेजेंगे ज्ञापन

पूर्व मेयर प्रत्याशी ललित जोशी ने कहा कि आगामी 15 दिनों में एक बड़ा हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा और 5 हजार से अधिक व्यापारियों के हस्ताक्षर सहित एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार यदि जनता से किया गया वादा नहीं निभाती है, तो यह लोकतंत्र के साथ धोखा है।

> नगर निगम के नए वार्डों में केवल कमर्शियल टैक्स लागू किया गया है, वह भी केवल वर्तमान वित्तीय वर्ष से वसूला जाएगा। इसे लेकर पूर्व में भी स्पष्ट कर दिया गया है, लेकिन इसके बावजूद आम जनता को भ्रमित किया जा रहा है। **- गजराज बिष्ट**, मेयर

बैठक में जिला अध्यक्ष विपिन गुप्ता, प्रवक्ता हर्षवर्धन पांडे, शांति जीना, योगेश शर्मा, हरीश कपिल, पवन जोशी, पवन वर्मा, प्रदीप सब्बरवाल, मनोज जायसवाल, संदीप आदि मौजूद थे।

### टक्कर के बाद कार सवारों में हुई मारपीट

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** काठगोदाम में रात नैनीताल रोड पर जमकर मारपीट हो गई। दो कारों के टकराने के बाद कार सवारों में जूतमपैजार हुई। घटना से जुड़ा एक सीसीटीवी फुटेज वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि मारपीट करने में एक एसटीएच की जूनियर डॉक्टर और दूसरा व्यापारी है।

कॉलटैक्स के पास गुरुवार रात दो कारों में भिड़ंत हुई। इसके बाद दोनों कार सवार बाहर निकले और पहले तो गाली गलौज हुई फिर मारपीट शुरू हो गई। एक कार में सवार एक युवा एसटीएच का ट्रेनी डॉक्टर जबकि दूसरी कार में सवार युवा व्यापारी था। दोनों कहीं से घूमकर वापस आ रहे थे। बीच सड़क पर इनका विवाद मारपीट में बदल गया। एक दूसरे को दोनों ने जमकर थप्पड़ मारे और हाथ पैर चलाकर मारपीट की। पास के सीसीटीवी में भी यह रिकॉर्ड हो गया। काठगोदाम थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

# विद्युत बिलों में बढ़ोत्तरी का आरोप

संवाददाता, हल्द्वानी



यूपीसीएल कार्यालय ग्रामीण में अधिकारियों से वार्ता करते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** वार्ड नंबर 58 के दर्जनों उपभोक्ता पार्षद मनोज जोशी के साथ शुक्रवार को बढ़ते बिजली बिलों की समस्या को लेकर यूपीसीएल कार्यालय ग्रामीण में पहुंचे। उपभोक्ताओं ने अधिकारियों पर स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद बिजली बिलों में भारी बढ़ोत्तरी का आरोप लगाया। इस दौरान अधिशासी अभियंता बेगराज सिंह और एसडीओ सुधा जोशी को घेरते हुए पार्षद और लोगों ने ज्ञापन सौंपा और समाधान की मांग की। पार्षद मनोज जोशी ने कहा कि पहले जिन उपभोक्ताओं का बिजली बिल 140 रुपये प्रति माह आता था, अब वही बिल 1600 रुपये तक पहुंच गया है। वहीं, जिनका बिल 500 रुपये आता था, अब 2500 रुपये तक आ रहा है।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस समस्या का समाधान जल्द नहीं किया गया तो क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगने नहीं दिए जाएंगे और आंदोलन किया जाएगा। लोगों ने यह भी शिकायत की कि ऑनलाइन टेक्स्ट मैसेज से जो बिल आता है, वह कम राशि का होता है, जबकि यूपीसीएल की ओर से दिए गए बिल में अधिक राशि दिखाई जाती है। अधिशासी अभियंता बेगराज सिंह ने बताया कि अतिरिक्त देयक का मैसेज नहीं भेजा जाता था, लेकिन अब सिस्टम को सुधार कर दिया जाएगा। साथ ही जिन उपभोक्ताओं को संदेह है, उनके मीटरों की जांच की जाएगी और आवश्यकता अनुसार चेक मीटर लगाए जाएंगे।

पार्षद जोशी ने यह भी मांग की कि जिन उपभोक्ताओं को मोबाइल चलाना नहीं आता, उनके लिए बिजली बिल घर-घर पहुंचाए जाएं, ताकि वे समय से भुगतान कर सकें। इस पर अधिकारियों ने सभी मांगों और समस्याओं के जल्द समाधान का आश्वासन दिया। इस मौके पर प्रेम सिंह, दीपक जोशी, हीरा देवी, निर्मला पंत, पूजा, राजेश, लक्ष्मण मौर्य, पप्पू, कांति देवी, हरिप्रसाद, मनोज कुमार, निर्मल मौर्य, हेम चंद्र, भूपाल भाकुनी, सागर बचकेती आदि शामिल थे।

# योजना: अब महिलाओं के जिम्मे रहेगी गांवों की पेयजल व्यवस्था

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** ग्रामीण क्षेत्रों की पेयजल व्यवस्था को सशक्त और टिकाऊ बनाने के लिए प्रदेश सरकार एक महत्वपूर्ण पहल करने जा रही है। अब नैनीताल जिले में भी जल सखी योजना की शुरुआत की जा रही है। इसके तहत गांवों की महिलाएं पेयजल आपूर्ति, बिल वितरण, वसूली और जल योजनाओं के रखरखाव जैसे कार्यों की जिम्मेदारी निभाएंगी।



इस योजना के तहत महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को न केवल प्रशिक्षित किया जाएगा, बल्कि उन्हें हर बिल की वसूली पर प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी। महिलाओं को प्लम्बिंग और जल आपूर्ति से जुड़ी तकनीकी जानकारी भी दी जाएगी, जिससे वे स्थानीय स्तर पर समस्याओं का समाधान कर सकेंगी। जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले के करीब 651 गांवों में पेयजल योजनाएं पहले से संचालित हैं। अब इन योजनाओं के संचालन और रखरखाव में महिला समूहों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। महिलाएं पेयजल कनेक्शन की जानकारी देने, नए कनेक्शन जारी करने, बिल वितरित करने और वसूली करने जैसे दायित्व निभाएंगी। जल संस्थान ने बताया गया कि यह मॉडल हल्द्वानी शहर में पहले से कार्यरत है, जहां महिला समूह बैणी सेना के माध्यम से कूड़ा संग्रहण और वसूली का कार्य कर रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी महिलाओं को पेयजल प्रबंधन से जोड़ा जाएगा।

### पानी की गुणवत्ता जांच भी महिलाओं के पास

वर्तमान में जिले के 1012 राजस्व गांवों में महिला प्रतिनिधियों को फील्ड टेस्टिंग किट दी गई है, जिससे वे पेयजल की गुणवत्ता की जांच कर रही हैं। अब इन महिलाओं को तकनीकी प्रशिक्षण देकर उन्हें जल योजनाओं की निगरानी और रखरखाव की भी जिम्मेदारी दी जाएगी।

> जल सखी योजना के तहत महिलाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें पेयजल योजनाओं के संचालन से जोड़ा जा रहा है। इससे न केवल गांवों में जल प्रबंधन की स्थिति बेहतर होगी, बल्कि महिलाओं को आर्थिक रूप से भी सशक्त बनाया जा सकेगा। **-विशाल मिश्रा**, निदेशक, जल जीवन मिशन

आयोजन | जनसंख्या दिवस के अवसर पर हुए कार्यक्रम में एसीएमओ ने जनसंख्या नियंत्रण के बारे में दी विस्तृत जानकारी

# जनसंख्या नियंत्रण राष्ट्र निर्माण की आवश्यक नीति

संवाददाता, हल्द्वानी




जनसंख्या दिवस पर विचार रखते स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जनसंख्या दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस साल की थीम 'मां बनने की उम्र वही, जब तन और मन की तैयारी सही' को रखा गया है।

एसीएमओ डॉ. रजत भट्ट ने जनसंख्या नियंत्रण और परिवार नियोजन के महत्व को समझने की अपील की है। कहा कि तेजी से बढ़ती जनसंख्या हमारे संसाधनों, पर्यावरण और जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करती है। जनसंख्या नियंत्रण आज केवल आवश्यकता नहीं, बल्कि राष्ट्र-निर्माण की अनिवार्य नीति है। जनजागरुकता, जन-भागीदारी और जननीति के संयुक्त प्रयासों से ही संतुलित जनसंख्या और सतत विकास की सुदृढ़ आधारशिला रखी जा सकती है। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. मनोज कांडपाल ने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिरों सहित सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के माध्यम से पूरे जिले में आवश्यक परिवार नियोजन सेवाएं प्रदान की जा रही हैं, जिससे परिवार सशक्त हो रहे हैं। जिला कार्यक्रम प्रबंधक मदन मेहरा ने कहा कि परिवार कल्याण सेवाएं जनपद के चिकित्सलयों पर निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। लाभार्थी को चिकित्सलय आने-जाने के लिए निःशुल्क वाहन उपलब्ध कराया जा रहा है। इस दौरान पंकज तिवारी, सरयू नंदन जोशी, देवेंद्र बिष्ट, दीपक कांडपाल, दीवान बिष्ट, बसंत गोस्वामी, हेम जलाल, ललित डोडियाल, विनोद सुयाल, नंदन कांडपाल, तनुज तिवारी रहे।



चोरगलिया राजकीय स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं व अन्य।

### बढ़ती जनंसख्या के दुष्परिणामों से कराया अवगत

**हल्द्वानी :** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज चोरगालिया में विश्व जनसंख्या दिवस पर एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई। समाज शास्त्र की प्रवक्ता ममता सुयाल ने विश्व जनसंख्या दिवस के इतिहास और भविष्य की संभावनाओं पर जानकारी दी। प्रधानाचार्या तनुजा जोशी ने विविध उदाहरणों के साथ बढ़ती जनसंख्या के दुष्परिणामों से अवगत कराया। कक्षा 9 की छात्रा कामिनी ने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा यूं ही नही लोगों ने समस्याओं से शिकस्त खाई, लड़के की चाहत में भी लोगो ने खूब आबादी बढ़ाई"। छात्रा नीतू बहुगुणा ने कविता प्रस्तुत की। इस दौरान काव्या सिंगवाल और दुर्गा आदि छात्राओं ने भी विचार प्रस्तुत किए। प्रियंका ,शीतल और ममता आदि छात्राओं ने पोस्टर के माध्यम से बढ़ती जनसंख्या के विपरीत प्रभावों के बारे में बताया। इस मौके पर मंजुलता आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### नाली बंद करने का विरोध करने पर बुजुर्ग दंपती से मारपीट

**बाजपुर** : पानी की नाली को अवरुद्ध करने का विरोध करने पर बुजुर्ग दंपती से गाली-गलौज व मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित बुजुर्ग ने पुलिस चौकी सुल्तानपुर पट्टी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मोहल्ला शिवनगर सुल्तानपुर पट्टी निवासी 75 वर्षीय बुजुर्ग रामकिशोर पुत्र झंडू सिंह ने पुलिस को बताया कि पड़ोसी परिवार के चार-पांच सदस्यों द्वारा आए दिन किसी न किसी बात को लेकर गाली-गलौज व विवाद किया जाता है। आरोपित उनके घर के पानी की निकासी को बने नाले के पानी पर रोक लगाने का प्रयास करते हैं, जबकि नाला सार्वजनिक है और सभी के घरों के सामने से होकर गुजर रहा है। इसका विरोध करने पर आरोपित बुजुर्ग दंपती के साथ गाली-गलौज करने लगते हैं। इतना नहीं 10 जुलाई को भी आरोपितों ने घर में घुसकर गाली-गलौज व मारपीट की है तथा धमकी दी है कि फिर से मौका मिलने पर घर में घुसकर पीटेंगे।

### चाकू के साथ एक गिरफ्तार

**काशीपुर** : वांछित आरोपी को चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। टांडा चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान राईपुर फ्लाईओवर के नीचे से एक संदिग्ध को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक चाकू बरामद किया है। पकड़े गये आरोपी ने अपना नाम टांडा उज्जैन निवासी शिवम बताया। पकड़े गये आरोपी के खिलाफ काशीपुर कोतवाली में कई रिपोर्ट दर्ज है, जिसमें वह वांछित चल रहा था। पुलिस टीम में चौकी प्रभारी सुनील सुतेड़ी, एसआई गणेश पाण्डेय, कांस्टेबल दिनेश त्यागी, पवन नाथ शामिल रहे।

### महिला लापता, गुमशुदगी दर्ज

**बाजपुर** : नगरीय सीमा से सटे एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि सात जुलाई की सुबह करीब साढ़े 10 बजे उसकी पत्नी अपने साथ एक वर्षीय बेटी को लेकर घर पर किसी को बिना बताए कहीं चली गई है। काफी खोजबीन के बाद भी कुछ पता नहीं चल पाया है। पीड़ित ने पत्नी व बच्ची को तलाशने में पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। वहीं पुलिस ने उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

### 40 लीटर कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार

**बाजपुर** : बरहैनी चौकी की पुलिस ने ग्राम हरसान सेमल निवासी सोनू पुत्र बाज सिंह को रम्पुरा चौराहा सेमल के कब्जे से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। आरोपित के विरुद्ध धारा 60(1) आबकारी अधिनियम के तहत मामला पंजीकृत किया गया है। वहीं दोराहा चौकी की पुलिस टीम ने गश्त के दौरान ग्राम महेशपुरा कट से ग्राम हरलालपुर जाने वाले रास्ते के पास से दोराहा महेशपुरा निवासी सरवन पुत्र अमर सिंह को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम में कांस्टेबल कैलाश पांडे, राजेश नाथ शामिल रहे।

# गोष्ठी में जनसंख्या नियंत्रण, परिवार नियोजन विधियों की दी जानकारी

## विश्व जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा शुरू, सीएमओ ने किया उद्घाटन, जिला चिकित्सालय के अलावा विभिन्न स्थानों में आयोजित हुए कार्यक्रम

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार:** विश्व जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा के तहत जिला चिकित्सालय में गोष्ठी का आयोजन हुआ। इस दौरान जनसंख्या नियंत्रण, परिवार नियोजन विधियों की जानकारी और सेवाओं की उपलब्धता पर जोर दिया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. केके अग्रवाल ने की।

शुक्रवार को गोष्ठी के दौरान प्रमुख अधीक्षक जिला चिकित्सालय डॉ. राकेश सिन्हा ने जनसंख्या वृद्धि के प्रभावों और स्वास्थ्य सेवाओं में संतुलन बनाए रखने के लिए सभी विभागों के सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। गोष्ठी में सभी विभागों को सक्रिय भागीदारी करने के निर्देश दिए गये। मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए स्थायी व अस्थायी परिवार नियोजन साधनों को बढ़ावा देने के लिए रणनीति बनाई गई।वहीं क्षेत्रीय स्तर पर आशा कार्यकर्ताओं एवं एएनएम के माध्यम से घर-घर जाकर जन-जागरूकता बढ़ाने का निर्णय लिया गया। साथ ही प्रतिभागियों को आईईसी सामग्री, पोस्टर, बैनर आदि के उपयोग के द्वारा सामुदायिक जागरूकता फैलाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर एसीएमओ डॉ. हरेंद्र मालिक, डॉ. एसपी सिंह, डीपीएम हिमांशु मुस्युनी, चांद मियां, जिला समन्वयक प्रदीप महर आदि मौजूद थे।



रुद्रपुर में शुक्रवार को आयोजित शिविर का निरीक्षण करते सीएमओ डॉ. केके अग्रवाल। ● अमृत विचार

### सभी ब्लॉकों में अलग-अलग तिथियों में लगेंगे शिविर

**रुद्रपुर** : सीएमओ डॉ. अग्रवाल ने बताया कि जिला चिकित्सालय रुद्रपुर, नागरिक चिकित्सालय खटीमा (सितारगंज ब्लॉक की तिथियों को छोड़कर), एलडी भट्ट उप चिकित्सालय और जसपुर( बाजपुर ब्लॉक की तिथियों को छोड़कर) प्रत्येक दिन विश्व जनसंख्या स्थिरीकरण शिविर लगाया जाएगा। इसी तरह गदरपुर ब्लॉक में 15, 17, 18 और 21 जुलाई को, सितारगंज ब्लॉक में 15, 18, 22, 25 जुलाई को, बाजपुर ब्लॉक में 15 और 18 जुलाई को और किच्छा ब्लॉक में 15 व 17 जुलाई को जनसंख्या स्थिरीकरण शिविर लगाया जाएगा।

### जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा हुआ शुरू

**सितारगंज** : विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर उप जिला चिकित्सालय सितारगंज में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुलदीप सिंह यादव द्वारा जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़े का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधमसिंह नगर की सक्रिय सहभागिता रही, जहां पैनल अधिवक्ता विश्वजीत राय, रवि कुमार सागर एवं अफसर अली ने जनसंख्या नियंत्रण के कानूनी एवं सामाजिक पक्षों पर विस्तार से जानकारी दी। डॉ. यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित आशा कार्यकर्ताओं एवं लक्ष्य दंपत्तियों को परिवार नियोजन के महत्व, लाभ व विभिन्न साधनों जैसे नसबंदी, गर्भनिरोधक गोलियां, कंडोम, अंतरा इंजेक्शन आदि की जानकारी देते हुए बताया कि यह न केवल जनसंख्या नियंत्रण का माध्यम है बल्कि मातृ-शिशु स्वास्थ्य की दृष्टि से भी अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के डॉ. रीना यादव, डॉ. अतुल कुमार, भूप किशोर, भागपत सिंह, मयंक नैलवाल सहित विधिक सेवा प्राधिकरण से मनोज कुमार, मंजू रानी एवं मंगल सिंह की उपस्थिति रही। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने जागरूकता सामग्री भी वितरित की तथा लोगों से परिवार नियोजन अपनाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम जनहित में एक सफल पहल के रूप में आयोजित हुआ।

### लोगों को दी परिवार नियोजन की जानकारी

**जसपुर** : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों ने विश्व जनसंख्या दिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया। अस्पताल सभागार में आयोजित गोष्ठी में एसडीएम चतर सिंह चौहान ने 11 से 24 जुलाई तक चलने वाले जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़े का उद्घाटन किया। इस दौरान सीएमएस डॉ. डीएम गहलोत ने स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं व चिकित्सालय में आने वाले दंपतियों को परिवार नियोजन के साधनों के बारे में जानकारी दी। बताया कि जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़े के दौरान के सभी सरकारी चिकित्सालयों में परिवार नियोजन की सेवाएं नि:शुल्क प्रदान की जाएंगी। वहां डॉ. आशु सिंघल, डॉ. नेहा चौहान, डॉ. मेहताब जहां, डॉ. माधुरी, डॉ. गुलनवाज आदि थे।



खटीमा में विधिक साक्षरता शिविर को संबोधित करते डॉ. केसी पंत व अन्य अतिथि।



जसपुर में गोष्ठी में जानकारी देते सीएमएस डॉ. डीएम गहलोत। ● अमृत विचार

### विश्व जनसंख्या दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर

**खटीमा** : विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार उप जिला चिकित्सालय खटीमा में चिकित्साधीक्षक डॉ. केसी पंत की अध्यक्षता में विश्व जनसंख्या दिवस पर जागरुकता कैम्प आयोजित किया गया। शिविर में डॉ. पंत ने महिलाओं को बताया कि बढ़ती जनसंख्या वृद्धि के कारण होने वाले समस्या जैसे गरीबी, बेरोजगारी ,शिक्षा, और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी और पर्यावरण में पड़ने वाले प्रभाव के बारे में जानकारी दी। इसी कार्यक्रम में कानूनी सहायता के बारे में बताया गया। शिविर में महिलाओं के अधिकार, पॉक्सो एक्ट, कार्यस्थल पर लैंगिक अपराध सहित अन्य कल्याणकारी जानकारी दी गई और अंत में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर पैनल अधिवक्ता इलियास सिद्दीकी, शहाना बेगम, कमान सिंह धामी, अब्दुल माजिद, ममता शर्मा, विमलेश शर्मा, स्नेहा प्रभा, आरती राणा, प्राविधिक कार्यकर्ता विमल कुमार, आरबी सिंह राणा, प्रभु दयाल, कमला गोस्वामी, लाल सिंह, भगवती राणा, मंजू देवी, ठग्गो, पिंकी राणा, आशा रानी, मीरा देवी, प्रीति राणा और आशा कार्यकत्रियां मौजूद रहे।

# यात्रा मार्ग पर नॉनवेज की दुकानें बंद करने के निर्देश

**संवाददाता, सुल्तानपुर पट्टी**

**अमृत विचार:** श्रावण मास की पवित्रता और शिव भक्तों की आस्था को ध्यान में रखते हुए नगर पंचायत सुल्तानपुर पट्टी ने बड़ा निर्णय लिया है। चेयरमैन के निर्देश पर नेशनल हाईवे समेत कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित सभी मांस, मछली और अंडे की दुकानों को सावन माह के दौरान अस्थायी रूप से बंद रखने का आदेश जारी किया गया है।

नगर पंचायत द्वारा जारी सार्वजनिक सूचना के अनुसार, श्रावण मास में जिस मार्ग से कांवड़ यात्रा गुजरती है, उस रूट पर आने वाली सभी गैर-शाकाहारी वस्तुओं की दुकानें पूरी तरह से बंद रहेंगी। इस निर्णय का उद्देश्य भक्तों की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करना और यात्रा को शांति व पवित्रता के साथ संपन्न कराना है। इसके अतिरिक्त, मदिरा की दुकानों को पर्दा लगाकर ही संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। यदि किसी दुकानदार द्वारा आदेश का उल्लंघन किया जाता है, तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। चेयरमैन राजीव कुमार सैनी ने जनता से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि यह कदम शिव भक्तों की आस्था और नगर की धार्मिक मर्यादा को बनाए रखने के लिए उठाया गया है, जिससे सावन माह शांतिपूर्ण और श्रद्धामय वातावरण में सम्पन्न हो सके।

### बाघ ने दो आवारा बछड़ों को बनाया निवाला

**खटीमा** : यूपी और उत्तराखंड के सीमावर्ती गांव दाह ढाकी, जादोपुर समेत आसपास के गांवों में बाघ की दहशत पिछले एक पखवाड़े से बरकरार है। बीती रात्रि भी बाघ ने दो आवारा बछड़ों को अपना शिकार बनाकर अपनी उपस्थिति दर्ज करा दी। घटना के बाद से ग्रामीणों में दहशत है।गुरुवार की रात ग्राम जादोपुर लिंक मार्ग पर लौकी के झामे के अंदर घात लगाए बैठे बाघ ने दो छुट्टा बछड़ों पर हमला कर दिया। बाघ उन्हें खींच कर झामे के अंदर ले गया। लौकी का झामा टूटने से खेत स्वामी को काफी नुकसान हुआ है। वहीं बाघ की दहशत के चलते किसान झामे में लौकी तोड़ने नहीं जा रहा है। बाघ द्वारा दो बछड़ों को शिकार बनाने के बाद ग्रामीणों में भारी दहशत बनी हुई है। इन दिनों ग्राम जादोपुर के खेत खलिहान में बाघ लगातार अपना डेरा जमाए हुए हैं और आवारा पशुओं को अपना शिकार बना रहा हैं। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी खटीमा रेंज के वन क्षेत्राधिकारी जीवन चंद्र उप्रेती को दे दी है।

# लायंस क्लब काशीपुर डायमंड के अध्यक्ष बने सूरज

- क्लब द्वारा प्रेसिडेंट अवॉर्ड नाइट एवं द्वादश अधिष्ठापन समारोह का किया गया आयोजन

**संवाददाता, काशीपुर**

**अमृत विचार:** लायंस क्लब काशीपुर डायमंड प्रेसिडेंट अवॉर्ड नाइट एवं द्वादश अधिष्ठापन समारोह रामनगर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप जलाकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन ला. बसंत बल्लभ भट्ट द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में अधिष्ठापन अधिकारी ला. अपूर्व मेहरोत्रा द्वारा नई कार्यकारिणी के अध्यक्ष ला. सूरज अरोरा, उपाध्यक्ष राकेश कुमार (रॉकी), सचिव ला. संजीव कालरा एवं कोषाध्यक्ष ला. अनिल डाबर को शपथ दिलवाई गई। ला. संदीप सेठी, ला. अनुप्रीत सेठी, ला. शिवराज शर्मा, ला. ज्योति शर्मा, ला. अतुल शर्मा को प्रदीक्षा प्रदान कर विधिपूर्वक क्लब का सदस्य घोषित किया गया। पूर्व अध्यक्ष ला. अशोक शर्मा द्वारा अपने सफल कार्यकाल के लिए समस्त सदस्यों को उपहार देकर सम्मानित गया। बच्चों एवं महिलाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। वहां पर ला. तरसेम लाल बाठला, ला. मनीष बाठला, ला. वीरभान अरोरा, ला. रमेश चन्द्र छाबड़ा, ला. मनीष अरोरा, ला. आरएस नेगी एवं ला. कैलाश मनराल आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम के दौरान नवनियुक्त अध्यक्ष के साथ क्लब के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## आईएमटी कॉलेज का परीक्षा परिणामों में रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

**काशीपुर:** सत्येंद्र चंद्र गुड़िया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड लॉ कॉलेज के यूजी पाठ्यक्रम बीबीए चतुर्थ एवं बीसीए द्वितीय सेमेस्टर के परीक्षा परिणामों में संस्था के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। प्राचार्य डॉ. निमिषा अग्रवाल ने बताया कि बीबीए पाठ्यक्रम में नेहा कुमारी ने सर्वाधिक 77.7 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं आयुषी शर्मा 75 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं रिया खत्री 74.2 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रही। वहीं बीसीए पाठ्यक्रम में नूतन तिवारी ने सर्वाधिक 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। संजना ने 76 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय व प्रियांशी चौधरी ने 75.2 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन पर संस्थान की चेयरमैन विमला गुड़िया, निदेशक, फैकल्टी और सभी स्टाफ ने हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।



काशीपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बच्चों के साथ अतिथि। ● अमृत विचार

### इनरव्हील क्लब ने प्रदान की खाद्य सामग्री

**काशीपुर** : इनर व्हील क्लब ऑफ काशीपुर ने पीरुमदारा स्थित यूएसआर इंदु समिति में जाकर बच्चों से भेंट कर प्रोजेक्ट अन्नपूर्णा एवं युवा विकास व कल्याण श्रेणी के तहत खाद्य सामग्री प्रदान की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन डॉ. सुरुचि सक्सेना ने कहा कि इन विशिष्ट बच्चों के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग एवं संगठन को आगे आना चाहिए। जिसमें कि इनर भी अपनी जिम्मेदारी समझते हुए अपनी भूमिका निभा रहा है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा क्लब को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया गया। वहां पर क्लब अध्यक्ष डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय एवं सचिव डॉ. निमिषा अग्रवाल, डिस्ट्रिक्ट एडिटर प्राची अग्रवाल, उपाध्यक्ष ऋचा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रूपाली अग्रवाल, आईएसओ पूनम जोशी, नीलम घई, सीमा गोयल, स्वाति गर्ग, पूजा अग्रवाल, डॉ. मौलश्री अग्रवाल, रंजीता कौर, स्मृति अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# पंत विवि के सात छात्रों का प्रतिष्ठित कंपनी में चयन

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार:** जीबी पंत विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय ने मैसर्स के 12 टेक्नो सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने मूल्यांकन परीक्षण एवं साक्षात्कार के आधार पर विश्वविद्यालय के सात विद्यार्थियों का चयन किया है। चयनित विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के बाद 6 लाख प्रतिवर्ष के साथ ही अन्य सुविधाएं दी जाएगी।

मूल्यांकन परीक्षण एवं साक्षात्कार के बाद कंपनी ने बीटेक कंप्यूटर इंजीनियरिंग की संजना वर्मा एवं अवंतिका देवरारी, बीएससी कम्यूनिटी साईंस की हिमानी फुलारा, बीटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग के ओबैद अली खान, शौर्य पुनीत गर्ग एवं श्वेता सिंह चौधरी, बीटेक इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के देवांश घिडियाल का चयन किया है। छात्रों के चयन पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासों की सराहना की। साथ ही चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। सेवायोजन एवं परामर्श निदेशक डॉ.एमएस नेगी और सह निदेशक डॉ.गीता पाठक ने सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**आयोजन** प्रधानाचार्य ने छात्रों को वेद व्यास व गुरु की महिमा के बारे में बताया, विद्यार्थियों से गुरुओं का सम्मान करने का किया आह्वान

# पीएम श्री राइंका शक्तिफार्म मे गुरु पूर्णिमा पर हुए कार्यक्रम

**संवाददाता, शक्तिफार्म**

**अमृत विचार:** पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज शक्तिफार्म मे गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानाचार्य बालमुकुंद तिवारी ने वेद व्यास एवं मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप जलाकर शुभारंभ किया। बच्चों ने गुरु की महिमा का बखान करते कार्यक्रम पेश किए।

कार्यक्रम में प्रधानाचार्य ने छात्रों को वेद व्यास व गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए बताया कि ईश्वर से भी बड़ा जो पद माना गया है वह गुरु का माना गया है क्योंकि गुरु किसी भी छात्र को उसके जीवन की सही राह दिखाता है। गुरु की शिक्षा से वह अपने जीवन को अच्छे तरीके से जी सकता है और किसी भी राष्ट्र का एक अच्छा नागरिक बन सकता है। हमारी संस्कृति में वेद व्यास के योगदान के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। चंद्रभान, सतीश कुमार राणा, डॉक्टर राजकमल सिंह, शंकर सुमन, विनोद, बीएल पटेल, हरिशंकर याज्ञिक, सुशील उपाध्याय, महिपाल सिंह, राजेंद्र प्रसाद, मंजू , पूजा आर्या, जगदीश प्रसाद व जगदीश पांडे आदि थे।



राजकीय इंटर कॉलेज शक्तिफार्म मे गुरु पूर्णिमा पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद छात्र।



खटीमा के महर्षि विद्या मंदिर में गुरु पूर्णिमा पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग।

### महर्षि विद्या मंदिर में गुरु पूर्णिमा पर हुआ कार्यक्रम

**खटीमा** : महर्षि विद्या मंदिर में गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रधानाचार्य, विशेष अतिथियों एवं वरिष्ठ शिक्षकों द्वारा दीप जलाकर किया गया। इसके बाद छात्रों द्वारा प्रस्तुत गुरु वंदना ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। सम्पूर्ण विद्यालय परिसर में आध्यात्मिक ऊर्जा, सम्मान और कृतज्ञता का वातावरण व्याप्त था। प्रधानाचार्य हेम चन्द्र कर्नाटका ने अपने जीवन में गुरु, शिक्षक और मार्गदर्शकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा की गुरु ही छात्रों के जीवन को आकार देते हैं। छात्र, शिक्षक एवं स्टाफ सभी ने मिलकर अपने गुरुओं के प्रति हार्दिक सम्मान व्यक्त कियाजो हर विद्यार्थी के जीवन में पथप्रदर्शक की भूमिका निभाते हैं।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।

साइज व रेट

| | | |
|---|---|---|
| साइज | 4x5 सेमी | 600/- रु. |
| साइज | 4x6 सेमी | 720/- रु. |
| साइज | 4x7 सेमी | 840/- रु. |

स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 05946-292618, नैनीताल : 7505012034, अल्मोड़ा : 8126628885, रूद्रपुर : 8476843488, काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222, किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली,मुरादाबाद, हल्द्वानी,अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 05946-292618, नैनीताल : 7505012034
अल्मोड़ा : 8126628885, रूद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### दिमागी रूप से कमजोर विवाहिता लापता

**किच्छा** : थाना अंतर्गत ग्राम सेतुईया निवासी वीरेंद्र पुत्र मोतीराम ने बताया कि उसकी बहन मधु पत्नी प्रेम शंकर की दिमागी हालत ठीक नहीं रहती है तथा कुछ दिनों पूर्व ग्राम खिदरपुर, थाना बंजरिया, जिला बरेली निवासी मधु के ससुर चेतराम एवं सास कलावती देवी उसे मायके छोड़ कर गए थे। वीरेंद्र ने बताया कि विगत 25 जून की रात्रि करीब 11 बजे वीरेंद्र की मां रामश्री देवी और भाभी के अलावा मधु घर पर मौजूद थी, जबकि परिवार के अन्य लोग घर से बाहर गए हुए थे। बताया कि इसी दौरान रात्रि में किसी समय मधु परिजनों को बिना बताए कहीं चली गई तथा मधु के अचानक लापता होने के बाद परिवारजनों द्वारा कई दिनों तक उसकी काफी खोजबीन की गई, लेकिन मधु का कोई सुराग नहीं लगा। लापता मधु की तलाश शुरू कर दी है।

### 53 पाउच कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**सितारगंज** : सरकड़ा चौकी पुलिस ने मंगलवार देर शाम नकटपुरा चौराहे के पास से 53 पाउच अवैध कच्ची शराब के साथ मंगत सिंह पुत्र कशमीर सिंह निवासी बरकी डाडी, नानकमत्ता को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ धारा 60(1) आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### 10 लीटर कच्ची शराब के साथ एक दबोचा

सितारगंज : सिसौना चौकी पुलिस ने प्रीतम सिंह पुत्र ज्ञान सिंह, निवासी ग्राम प्रतापपुर, हाल निवासी पहाड़ी उकरौली को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। अपर उप निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह दानू मय टीम सिडकुल क्षेत्र में गश्त कर रहे थे, तभी बुजुर्ग की तलाशी लने पर जरिकेन में 10 लीटर कच्ची शराब पाई गई। पुलिस ने धारा 60(1) आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया है।

### 108 लीटर कच्ची शराब के साथ चार गिरफ्तार

**काशीपुर** : कुंडा थाना पुलिस ने तुमड़िया डैम के पास से नवलपुर निवासी जनरैल सिंह को 12 लीटर, ग्राम टांडा प्रभापुर थाना जसपुर निवासी गुरमुख सिंह को ग्राम शिवराजपुर हाईवे के पास से गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 30 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। आईटीआई थाना पुलिस ने ग्राम बरखेड़ी निवासी बलविंदर सिंह को डिग्री कॉलेज छात्रावास के पास से 12 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। वहीं कुंडेश्वरी पुलिस चौकी ने गश्त के दौरान ग्राम दोहरी वकील क्षेत्र से भट्टा कॉलोनी निवासी बलविंदर चेतराम को 54 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आबकारी एक्ट में चालान किया है।

# ट्रांजिट कैंप में विजिलेंस का छापा, बिजली चोरी पकड़ी

- दो उपभोक्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** विद्युत विभाग एवं विजिलेंस की संयुक्त टीम ने ट्रांजिट कैंप की कृष्णा कॉलोनी में छापामार कार्रवाई करते हुए दो विद्युत उपभोक्ताओं को विद्युत चोरी करते हुए पकड़ लिया। टीम ने विद्युत कनेक्शन काटते हुए विद्युत तार को भी सील कर दिया और पुलिस ने सहायता अभियंता तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

जानकारी के अनुसार अवर अभियंता विद्युत वितरण दीपक शर्मा, सहायक अभियंता सतर्कता विभाग अमित चंद्र आर्या की संयुक्त टीम ने कृष्णा कॉलोनी में विद्युत चोरी के खिलाफ अभियान चलाया और छापामार कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान पाया कि रोहित रावत ने 0.616 किलोवॉट और कृष्णा ग्रीन निवासी सौरभ सोनकर द्वारा 1.260 किलोवॉट की विद्युत चोरी एलटी लाइन डालकर हो रही थी।

जिस पर टीम ने विद्युत कनेक्शन काटते हुए विद्युत तार को सीज कर दिया। पुलिस ने सहायक अभियंता अमित चंद्र आर्य की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अवर अभियंता विद्युत वितरण दीपक शर्मा ने कहा कि बिजली चोरी किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। टीम का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### दबंगों ने रात्रि गश्त के दौरान रोकी पुलिस की सरकारी गाड़ी, पुलिस अधिकारी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

# कार सवार बदमाशों ने दरोगा पर ताना तमंचा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कोतवाली इलाके में बदमाशों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि अब उन्होंने खाकी को भी धमकाना शुरू कर दिया। ऐसी ही वारदात गुरुवार की रात्रि को यहां देखने को मिली। जहां रात्रि गश्त के दौरान क्रेटा कार सवार बदमाशों ने दरोगा की सरकारी गाड़ी को ओवरटेक कर रोका और तमंचा दिखाते हुए गोली मारने की धमकी भी दी। जब पुलिस ने पकड़ने की कोशिश की तो सरकारी गाड़ी को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अभियुक्तों की तलाश तेज कर दी है।

#### बाल-बाल बचे दरोगा-सिपाही

**रुद्रपुर** : रात्रि अधिकारी एवं दरोगा चंदन सिंह बिष्ट ने अपनी तहरीर में यह भी जिक्र किया है कि जिस वक्त ओवरटेक के बाद चालक व कार सवार बदमाश प्रवृत्ति के युवकों को बाहर निकलने का आदेश दिया तो उन्होंने अचानक कार दौड़ा दी। गनीमत यह रही कि कार के स्टार्ट होने की आवाज सुन कार के आगे बढ़ते ही दरोगा व सिपाही कूदकर किनारे हो गए। वरना कार सवार दरोगा व सिपाही को रौंदने की ठान चुके थे। जिस कारण पुलिसकर्मियों के साथ अप्रिय घटना घटित होने से बच गई।

#### बोला दबंग-सुन दरोगा, तेरी वर्दी उतरवा दूंगा

**रुद्रपुर** : दरोगा व सिपाही ने अपनी गाड़ी से उतरकर जैसे ही कार सवार युवकों को नीचे उतरने का आदेश दिया तो बदमाशों ने उन्हें धमकाना शुरू कर दिया। बोले कि वह पैसे वाले लोग है। उनकी अधिकारियों एवं नेताओं में अच्छी खासी पैठ है। तुझ जैसे दरोगा की वर्दी उतरवा दुंगा। उनमें से एक युवक ने तमंचा निकाला और दरोगा को गोली मारने की धमकी तक दे डाली। जिस प्रकार कानून की रक्षक को बदमाश चुनौती देते हैं उससे ऐसा प्रतीत होता है कि बदमाशों में खाकी का खौफ बिल्कुल भी नहीं दिख रहा है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली दरोगा एवं रात्रि अधिकारी चंदन सिंह बिष्ट ने तहरीर देते हुए बताया कि वह होमगार्ड व सरकारी वाहन चालक नरेश चंद्र जोशी के साथ 9 जुलाई की रात्रि को गश्त कर रहे थे। रात्रि गश्त के दौरान तड़के वह वापस कोतवाली जा रहे थे। इस बीच अचानक क्रेटा कार संख्या यूके-18 ई-9855 पर सवार युवकों ने ओवरटेक करते हुए सरकारी वाहन के आगे लगा दी। जब चालक ने उतरकर पूछताछ की तो अचानक कार सवार बदमाश प्रवृति के युवकों ने अभद्रता शुरू कर दी।

चालक से बहसबाजी सुनकर जब दरोगा चंदन बिष्ट भी उतरे और युवकों से पूछताछ की। इसी बीच कार में बैठे एक युवक ने तमंचा निकालते हुए दरोगा को गोली मारने की धमकी देनी शुरू कर दी। जिसे देखकर पुलिसकर्मी भी अलर्ट हो गए और कार सवारों को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन कार सवार बदमाशों ने पुलिसकर्मियों को कुचलने का प्रयास किया और सरकारी गाड़ी को टक्कर मारते हुए फरार हो गए। जिससे सरकारी गाड़ी का अगला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। वायरलैस के माध्यम से वारदात को प्रसारित किया तो इलाके की नाकाबंदी की गई, लेकिन कार सवार फरार हो चुके थे। कोतवाली पुलिस ने दरोगा की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है।

# गंभीर रूप से घायल कर्मचारी की एक टांग कटी

### सिलेंडर फटने से घायल लोगों में से पांच घायलों का स्वास्थ्य हुआ ठीक, अस्पताल ने छुट्टी कर घर भेजा

फॉलोअप

- सात घायलों का अब भी चल रहा अस्पताल में इलाज
- सूर्या फैक्ट्री में हाइड्रोजन गैस सिलेंडर फटने का है मामला

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** सूर्या रोशनी फैक्ट्री में हाइड्रोजन गैस सिलेंडर फटने से घायल हुए 12 लोगों में से पांच घायलों की स्थिति में सुधार होने पर अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। जबकि सात घायलों का अब भी इलाज चल रहा है। वहीं गंभीर रूप से घायल कर्मचारी की एक टांग काटनी पड़ी है।

गुरुवार की सुबह मुरादाबाद रोड़ स्थित सूर्या फैक्ट्री में हाइड्रोजन गैस सिलेंडर फटने से तेज विस्फोट हो गया था। जिसमें यूपी सीतापुर निवासी श्यामू यादव पुत्र हरिपाल सिंह की मौत हो गई थी। वहीं 12 कर्मचारी घायल हो गए थे। जिन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनमें से एक गंभीर रूप से घायल रोहित पुत्र कलुवा को आईसीयू में रखा गया था। धमाके से उसकी एक टांग के चिथड़े उड़ गए थे। वहीं अन्य घायलों को वार्ड में भर्ती कर प्राथमिक उपचार दिया गया। शुक्रवार को अस्पताल में भर्ती पांच घायल पूनम, रीता, आलोक, रोहितास और अंकित को चेकअप के बाद छुट्टी दे दी गई है। डॉ. विकास गहलोत ने बताया कि अन्य घायलों का इलाज जारी है। गंभीर रूप से घायल रोहित की एक टांग ऑपरेशन कर काटनी पड़ी। बताया कि उसकी हालत स्थिर है लेकिन अभी भी उसे आईसीयू में रखा गया है।


मृतक के पिता को मुआवजा राशि का चेक सौंपते एचआर हेड संजीव और मेयर दीपक बाली।


काशीपुर अस्पताल में भर्ती घायलों का हाल जानते विधायक त्रिलोक सिंह चीमा।

#### मृतक के पिता को सौंपा मुआवजा राशि का चेक

**काशीपुर** : मुरादाबाद रोड स्थित सूर्या रोशनी लिमिटेड में गुरुवार को हाइड्रोजन सिलेंडर फटने से हुए विस्फोट में जान गंवाने वाले सीतापुर (उत्तर प्रदेश) निवासी श्यामू यादव के परिजनों को सांत्वना स्वरूप सूर्या रोशनी लिमिटेड के एचआर हेड संजीव कुमार द्वारा पांच लाख की मुआवजा राशि का चेक नगर निगम महापौर दीपक बाली के माध्यम से मृतक के पिता हरिपाल सिंह को सौंपा गया। इस दौरान बताया गया कि मृतक को और आर्थिक मुआवजा दिया जाएगा, जो इस धनराशि से अलग होगा। साथ ही मृतक की पत्नी को प्रतिमाह लगभग 20 हजार रुपये पेंशन भी दी जाएगी।

#### विधायक ने जाना घायलों का हाल

**काशीपुर** : शुक्रवार को विधायक त्रिलोक सिंह चीमा और पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा निजी अस्पताल में भर्ती घायलों से मिलने पहुंचे। यहां उन्होंने भर्ती घायलों से बातचीत कर उनका हाल जाना। वहीं डॉक्टरों से भी वार्ता कर बेहतर उपचार देने को कहा।

#### नम आंखो से पुत्र का शव ले गए हरिपाल

**काशीपुर** : हादसे में मृतक श्यामू यादव का शव पोस्टमार्टम हाउस में रखा गया था। उनके परिजन गुरुवार देर रात काशीपुर पहुंचे। शुक्रवार की सुबह चिकित्सकों ने शव का पोस्टमार्टम कर स्वजनों को सौंप दिया। यहां नम आंखों से मृतक के पिता हरिपाल सिंह अपने पुत्र के शव को अपने साथ गांव ले गए। कंपनी की ओर से एंबुलेंस के माध्यम से शव सीतापुर भेजा गया।

# युवती को ब्लैकमेल कर शारीरिक संबंध बनाए

- आपत्तिजनक वीडियो एवं फोटो के नाम पर ब्लैकमेल करने का आरोप
- ब्लैकमेलिंग से परेशान युवती घर से हुई लापता

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** पुलभट्टा थाना अंतर्गत क्षेत्र में युवक द्वारा युवती को आपत्तिजनक फोटो एवं वीडियो को वायरल करने के नाम पर ब्लैकमेल कर जबरन शारीरिक संबंध बनाने एवं जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। आरोपी के ब्लैकमेल किए जाने से परेशान पीड़िता युवती अचानक घर से लापता हो गई। पुलिस ने लापता युवती के भाई की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

पुलभट्टा थाना पुलिस को दी शिकायत में थाना अंतर्गत ग्राम निवासी पीड़ित भाई ने बताया कि 10 जुलाई की दोपहर करीब 12 बजे वह खाना खाने के लिए घर पहुंचा तो उसकी बहन मोबाइल पर किसी युवक से बात कर रही थी। मोबाइल जांचने पर ज्ञात हुआ कि उसकी बहन ग्राम अजीतपुर बरा, थाना पुलभट्टा निवासी बृजेश नामक युवक से बात कर रही थी तथा पूर्व में भी उसके द्वारा कई बार बृजेश से बात करने पर पकड़े जाने के बाद पीड़ित ने आरोपी के जीजा से शिकायत की थी, लेकिन शिकायत के बावजूद आरोपी लगातार पीड़ित की बहन को परेशान व ब्लैकमेल करता रहा। पीड़ित ने आरोप लगाया कि पूछताछ के बाद उसकी बहन ने बताया कि आरोपी युवक बृजेश के पास उसकी आपत्तिजनक फोटो तथा वीडियो मौजूद है, जिसके चलते आरोपी लगातार ब्लैकमेल कर पीड़िता को जान से मारने की धमकी देकर कई बार जबरन शारीरिक संबंध बना चुका है।

पीड़ित भाई ने आरोप लगाया कि बार-बार ब्लैकमेल किए जाने से परेशान होकर उसकी बहन घर से अचानक लापता हो गई तथा काफी खोज के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा है। पीड़ित ने थाना पुलिस से लापता बहन को सकुशल बरामद करने तथा आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। फिलहाल पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी बृजेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

# संदिग्ध हालात में महिला ने लगाई फांसी, जान गई

- पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** एक महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि महिला ने बीमार होने के कारण यह आत्मघाती कदम उठाया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने महिला का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

सरवरखेड़ा की नई कॉलोनी में सुरेंद्र सिंह मेहनत-मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहा था। परिवार में उसकी पत्नी रश्मि देवी के अलावा एक बेटा व एक बेटी है। शुक्रवार को सुरेंद्र सिंह कहीं काम से गया था और बच्चे घर के बाहर खेल रहे थे। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की दोपहर जब घर में कोई नहीं था तब रश्मि देवी ने घर में लगी बल्ली में चुन्नी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के आने पर घटना की जानकारी हुई। बताया जा रहा है कि रश्मि देवी लगभग 8-9 महीने से पैरालाइसिस से ग्रसित थीं और बोल नहीं पाती थी। वह अपनी बीमारी को लेकर काफी परेशान रहा करती थीं। वह अपने पीछे एक 12 वर्षीय बेटा व एक 7 वर्षीय बेटी को रोता-बिलखता छोड़ गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### युवक की मौत के मामले में ट्रक चालक पर केस

**किच्छा** : पुलभट्टा थाना अंतर्गत क्षेत्र में एक सप्ताह पूर्व हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत के मामले में मृतक के पिता की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। थाना पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नंबर 7, थाना शेरगढ़, जिला बरेली निवासी अयूब खान ने बताया कि विगत 4 जुलाई को उनका पुत्र आरिफ खान अपने मित्र ग्राम परोही फॉर्म, थाना बहेड़ी, जिला बरेली निवासी हासिम पुत्र आसिम के साथ बाइक पर सवार होकर रुद्रपुर से शेरगढ़ आ रहे थे। बताया कि इस दौरान थाना अंतर्गत गोला नदी पुल पर शाम करीब साढ़े 4 बजे हाईवे कट के पास पीछे से आ रहे ट्रक के चालक ने पुत्र की बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। बताया कि घटना के तुरंत बाद पीड़ित के पुत्र आरिफ खान को तुरंत किच्छा के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# लूटकांड का पर्दाफाश, पांच अभियुक्त हुए गिरफ्तार

- नौ वाहन, नौ मोबाइल, तमंचा भी बरामद, सात जुलाई की है घटना, न्यायालय में पेश

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** 9 जुलाई को थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में हुई लूटपाट कांड के पांच अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को उनके कब्जे से कई बाइक, मोबाइल व तमंचा भी बरामद हुआ है। पुलिस ने अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

शुक्रवार को खुलासा करते हुए एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि 7 जुलाई को गायत्री पार्क आवास विकास निवासी सिडकुल कर्मी अनिल कुमार ने तहरीर सौंप बताया था कि वह रात्रि सवा एक बजे ड्यूटी से लौट रहा था। इस बीच बाइक पर सवार बदमाश आये और मोबाइल छीनकर फेंक दिया। साथ ही तमंचे की बट से कई वार कर घायल कर दिया। बताया कि बदमाशों ने हथियार दिखाकर हजारों की नगदी सहित पर्स भी लूट लिया था। प्रकरण की तफ्तीश के बाद थाना ट्रांजिट कैंप प्रभारी मोहन चंद्र पांडेय ने टीम का गठन किया। 10 जुलाई की रात्रि मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने लूटपाट के अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अभियुक्तों ने अपना नाम गांव भगोतीपुर मीरगंज बरेली व हाल निवासी शिवम गुप्ता, बरिपुरा शेरगढ़ हाल निवासी डिबडिबा यूपी का राजेश कुमार, गांव उसेला ओला बरेली व हाल निवासी सामिया गुलमोहर के विशाल उपाध्याय, शिव मंदिर ट्रांजिट कैंप निवासी केशन राम और शुक्र बाजार भुरारानी निवासी जवाब कुमार उर्फ पंवार को गिरफ्तार कर लिया और तलाशी के दौरान 9 मोबाइल एक 315 बोर का तमंचा भी बरामद हुआ। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वह संगठित होकर मोबाइल या फिर बाइक लूट की वारदात को अंजाम देते हैं। पुलिस ने अभियुक्तों की निशान पर नौ चोरी की बाइक भी बरामद की है।


घटना का खुलासा करते एसएसपी मणिकांत मिश्रा साथ में आरोपी। ● अमृत विचार

#### झाड़ियों से बरामद हुई नौ बाइक

**रुद्रपुर** : थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस को गिरफ्तारी के दौरान इस बात का इल्म भी नहीं था कि जिन अभियुक्तों को पकड़ा है। वह लुटेरे होने के साथ-साथ ऑटो लिफ्टर गैंग के सक्रिय सदस्य भी होंगे। पुलिस की सख्ती के बाद जब अभियुक्तों की निशानदेही पर टीम ने वनखंडी चौराहा स्थित झाड़ियों में छिपाकर रखी चोरी की 9 बाइकें भी बरामद कर लीं। पूछताछ में अभियुक्तों का कहना था कि वह वारदात के वक्त मोबाइल या फिर बाइक भी लूट लेते हैं।

#### हथौड़ा व कटर भी हुए बरामद

**रुद्रपुर** : गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि वारदात के दौरान उनके पास हमेशा एक हथौड़ा, पेचकस, कटर व तमंचा रहता है। घटना के वक्त जब व्यक्ति विरोध करता है तो कई बार हथौड़ा मार कर घायल कर दिया जाता था और हथौड़ा ताले तोड़ने में भी प्रयुक्त किया जाता है।

कार्यशाला

### इंस्पायर अवार्ड मानक : शिक्षकों की अभिमुखीकरण कार्यशाला में बताए टिप्स

# आइडिया बॉक्स के इस्तेमाल की दी जानकारी

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** विकासखंड के राजकीय माध्यमिक विद्यालय, आश्रम पद्धति विद्यालय, एकलव्य विद्यालय, अटल, पीएम श्री विद्यालयों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

राणा प्रताप इंटर कॉलेज में खंड शिक्षा अधिकारी भानु प्रताप कुशवाहा की अध्यक्षता और प्रबंधक गीताराम बंसल व प्रधानाचार्य रवींद्र पंत की उपस्थिति में आयोजित कार्यशाला में ब्लॉक विज्ञान समन्वयक निर्मल न्योलिया ने कई महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने अधिक से अधिक बच्चों को आइडिया बॉक्स का इस्तेमाल करते हुए स्कूल स्तर पर आइडिया कांटेस्ट के आयोजन के पश्चात पांच बेस्ट नवाचार पोर्टल पर अपडेट करने के लिए किस तरह के विचारों को प्राथमिकता दी जाय इस पर प्रस्तुतीकरण दिया। शिवालिक चिल्ड्रन साइंस फाउंडेशन के विज्ञान मित्र विनय जोशी और सुमित पांडेय ने आइडिया विकास, तकनीकी पक्ष, डिजाइन एवं प्रोटोटाइप निर्माण संबंधी महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर रश्मि सिंह, ललित जोशी, एकता रस्तोगी, डॉ. महेंद्र प्रताप पांडे, कीर्ति गहतोड़ी, प्रीति लोहिया, जय शंकर, प्रमोद कुमार आदि उपस्थित रहे।


खटीमा में आयोजित शिक्षण की कार्यशाला में जानकारी देते ब्लॉक समन्वयक। ● अमृत विचार

### कार की चपेट में आने से महिला हुई घायल

**बाजपुर** : एनएच-74 केलाखेड़ा बाईपास के नजदीक एक ढाबे के सामने तेज रफ्तार कार की चपेट में आकर एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। केलाखेड़ा पुलिस ने या अली इमदाद फाउंडेशन के अध्यक्ष नईम अहमद की मदद से निजी वाहन के जरिये उपजिला चिकित्सालय में भर्ती कराया घटना गुरुवार की मध्य रात्रि करीब डेढ़ बजे की बताई जा रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग-74 पर केलाखेड़ा बाईपास के नजदीक एक ढाबे के सामने तेज रफ्तार कार चालक ने महिला को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे महिला गंभीर घायल हो गई। घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। हादसे में घायल महिला अपना नाम व पता भी नहीं बता पाई है। मौके पर मौजूद राहगीरों ने बताया कि घटना के बाद लगातार 108 से संपर्क किया गया, लेकिन एंबुलेंस नहीं पहुंची, जिसके चलते या अली इमदाद फाउंडेशन के अध्यक्ष नईम अहमद ने घायल महिला को अपने निजी वाहन से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

# मौत के मामले में चालक को एक साल के सश्रम कारावास की सजा

- वर्ष 2017 का था हादसा, परिचालक था युवक
- द्वितीय अपर सिविल जज ने सुनाया फैसला

संवाददाता, रुद्रपुर



**अमृत विचार:** बस परिचालक विवेक की मौत के प्रकरण की सुनवाई करते हुए अदालत ने लापरवाही बरतने वाले दोषी चालक को एक साल सश्रम कारावास और एक हजार रुपये का अर्थदंड देने की सजा सुनाई है। द्वितीय अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन ने दोनों पक्षों की जिरह सुनने के बाद अपना फैसला सुनाया है।

शिकायतकर्ता की अधिवक्ता सागरिका ने बताया कि रुद्रपुर निवासी राकेश कुमार ने बताया कि उसका बेटा विवेक कुमार बस संख्या यूके-06पीए-0419 का परिचालक था। बस संचालन के दौरान 4 अप्रैल 2017 को कोतवाली के सामने चालक करन पाल निवासी मानपुर शीशगढ़ बहेड़ी यूपी ने बेटे को बस के टायर चेक करने को कहा। जब बेटा टायर की जांच को नीचे झुका तो चालक ने लापरवाही बरतते हुए तेज रफ्तार से बस दौड़ा दी। इससे बेटे की कुचलकर दर्दनाक मौत हो गई। आनन फानन में विवेक को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पोस्टमार्टम रिपोर्ट व साक्ष्य अदालत में पेश किए और हादसा प्रकरण की सुनवाई द्वितीय अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन श्वेता पांडेय की अदालत में हुई। जहां अधिवक्ता सागरिका ने अदालत के सामने नौ गवाह व पोस्टमार्टम रिपोर्ट सहित 12 साक्ष्य पेश किए। दोनों पक्षों की जिरह सुनने के बाद अदालत ने दोषी चालक करन पाल को एक वर्ष सश्रम कारावास और एक हजार रुपये का अर्थदंड देने की सजा सुनाई।

एकोदरसमुद्भूता एक नक्षत्र जातका।
न भवन्ति समा शीले यथा बदरिकण्टकाः॥

एक ही उदर से, एक ही नक्षत्र में जन्म लेने पर भी दो लोगों का स्वभाव एक समान नहीं होता। उदाहरण के लिए बेर और कांटों को देखा जा सकता है।

## संपादकीय

# कूटनीतिक दक्षता

भारत ने तीन दिन पहले संयुक्त राष्ट्र महासभा में अफगानिस्तान की स्थिति पर प्रस्ताव पर मतदान में भाग नहीं लिया। भारत के इस रुख को कूटनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना गया। यह रुख आदर्शवाद से नहीं, बल्कि यथार्थवाद से प्रेरित है। भारत ने स्पष्ट किया कि वह अफगानिस्तान के लोगों के साथ खड़ा है, लेकिन प्रस्ताव में आतंकवाद की चुनौती को लेकर स्पष्टता नहीं थी। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने एक प्रस्ताव पारित कर अफगानिस्तान से मानवाधिकारों को बनाए रखने, अंतर्राष्ट्रीय कानून का पालन करने तथा बिगड़ते मानवीय संकट, वापस लौटने वालों की बढ़ती संख्या तथा दशकों के संघर्ष के स्थायी प्रभाव के बीच आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई करने का आह्वान किया। संयुक्त राष्ट्र में प्रस्ताव से दूरी भारत की बदलती विदेश नीति का संकेत है। संयुक्त राष्ट्र प्रस्ताव पर दूरी बनाना इस बात का संकेत है कि भारत सिर्फ नैतिकता के आधार पर नहीं, बल्कि अपने राष्ट्रीय हितों के आधार पर कदम उठा रहा है। यदि तालिबान वैश्विक आतंकवाद से खुद को अलग रखने और अपने शासन को समावेशी बनाने के ठोस कदम उठाता है, तो भारत भी भविष्य में रिश्तों को औपचारिक बनाने की दिशा में आगे बढ़ सकता है-लेकिन फिलहाल, दूरी और संवाद के बीच की यह कूटनीतिक चाल ही भारत की नीति है।

भारत अफगानिस्तान में तालिबान शासन के साथ अपने संबंध मजबूत कर रहा है। तालिबान ने अगस्त 2021 में अमेरिका और उसके सहयोगियों के विरुद्ध दो दशक की बगावत के बाद अफगानिस्तान की सत्ता में वापसी की थी। भारत ने एक तरफ मानवीय सहायता बनाए रखी, वहीं दूसरी तरफ उसने तालिबान के साथ धीरे-धीरे अपना राजनयिक संवाद बढ़ाया। जानकारों का मानना है कि तालिबान के साथ जुड़कर भारत पाकिस्तान को दूर रख रहा है। पिछले कुछ सालों में अफगानिस्तान और पाकिस्तान के संबंध तनावपूर्ण रहे हैं। अफगानिस्तान पाकिस्तान के साथ-साथ चीन के नजरिए से भी भारत के लिए अहम है। गौरतलब है कि रूस, चीन और ईरान, जो दशकों से तालिबान को दुश्मन मानते रहे हैं, ने भी संयुक्त राष्ट्र के मतदान में हिस्सा नहीं लिया। पिछले वर्षों में चीन ने अफगानिस्तान में कई परियोजनाओं में भारी निवेश किया है। उसकी नजर यहां के प्राकृतिक संसाधनों पर है। हाल ही में अफगानिस्तान ने पहलगाम आतंकी हमले की उनकी निंदा की। भारत इसे अफगानिस्तान के साथ संबंध सुधारने के मौके के तौर पर देख रहा है। महत्वपूर्ण है कि भारत तालिबान के साथ बातचीत कर रहा है, लेकिन उसे आधिकारिक मान्यता नहीं दे रहा है। कुल मिलाकर भारत कूटनीतिक दक्षता से आदर्शवाद एवं यथार्थवाद का सही संतुलन बनाकर चल रहा है।

# ओली के हवाई दावे से भारत का बेफिक्र रहना ही अच्छा



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

> सवाल उठता है कि यदि ऐसे ही हवा हवाई सबूतों के आधार पर किसी भू क्षेत्र अथवा जन्मस्थली पर दावा ठोकना हो तो भारत भी नेपाल के लुंबिनी को अपने देश का हिस्सा कह सकता है। ऐसा कहने के लिए भारत के पास ऐतिहासिक और प्रमाणिक सबूत भी है।

नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की छवि भारत विरोधी की है, यह बात छिपी नहीं है लेकिन वे खुल्लम खुल्ला भारत को चुनौती देने की अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे, यह हैरान करने वाली बात है। वे कभी भारत के खिलाफ तीसरे देश के हाथ की कठपुतली बन जाते हैं तो कभी भारतीय भू क्षेत्र पर अपना दावा ठोक कर भारत को आंख दिखाते हैं। हद तो यह हो गई कि ओली अब भगवान राम के जन्म स्थान तक को नेपाल में होने का दावा कर रहे हैं। ओली के दावे पर नेपाल के ही एक टिप्पणीकार ने कहा इस पर गौर कर दिमाग खपाने से बेहतर है कि भारत बेफिक्र ही रहे।

ओली के इस तरह अनाप-शनाप बकवास के पीछे का एक सच यह है कि वे नेपाल की राजनीति में निष्प्रयोज्य होते जा रहे हैं। अभी वे गठबंधन सरकार के प्रधानमंत्री हैं। और उस दल के (नेपाली कांग्रेस) गठबंधन में हैं जो अपेक्षाकृत हिंदूवादी है और उसके भारत के हिंदूवादी नेताओं से अच्छे संबंध है। ऐसे में ओली को यह डर सताता रहता है कि भारत अपने समर्थक दल नेपाली कांग्रेस का पेंच जरा सा भी कस दिया तो उनकी कुर्सी गई।

इस डर के बीच ओली नेपाल की राजनीति में कम्युनिस्ट होते हुए ही हिंदुत्व कार्ड खेलने की रणनीति पर तेजी से काम शुरू कर दिया है। जाहिर है भगवान राम भारत और नेपाल में समान रूप से सर्वमान्य और पूज्यनीय हैं। भगवान राम का ससुराल जनकपुर में है जो नेपाल में स्थित है। यह माता सीता का मायका है। इस रिश्ते की वजह से ही भारत और नेपाल के बीच रोटी बेटी जैसे संबंध को प्रगाढ़ता मिली है जो आज भी कायम है।

नेपाल में इन दिनों राज संस्था और हिंदू राष्ट्र की मांग जोर शोर से चल रही है। आने वाले चुनाव में नेपाल में दो ही मुद्दे हावी रहेंगे। एक गणतंत्र और धर्मनिरपेक्ष दूसरे राजशाही और हिन्दू राष्ट्र! ओली संभावित राजनीति की इस धारा को बखूबी समझ रहे हैं और इससे भयभीत भी हैं। यही वजह है कि वे कभी देश भक्ति का कार्ड खेलते हैं तो कभी हिंदुत्व का।

> प्रधानमंत्री ओली आगे कहते हैं कि "हम पर्यटन की बातें करते हैं, लेकिन राम नेपाल में जन्मे थे–यह बात कोई और कहे,यह कब तक चलेगा? केवल कथाएं बना कर किसी और स्थान को जन्मभूमि बताना कहां तक उचित है?"ओली का इशारा साफ तौर पर भारत की ओर है।उन्होंने कहा, "राम के जन्म के वक्त नेपाल राज्य की क्या सीमाएं थीं, क्या प्रशासन था, वह अलग बात है। शायद वहां थारू समुदाय का गांव रहा होगा, लेकिन आज वह भूभाग नेपाल में ही है। इसलिए सच कहने में हिचक क्यों?"प्रधानमंत्री ओली ने स्पष्ट किया कि किसी को यह बात बुरी लग सकती है, इससे डर कर सत्य बोलने से नहीं रुकना चाहिए।

इस बार हिंदुत्व का कार्ड खेलते हुए ओली ने भगवान राम के नेपाल में जन्मने का राग अलापना शुरू किया है। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एमाले) के केंद्रीय पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में ओली ने स्पष्ट लहजे में कहा कि "प्रभु राम का जन्म नेपाल में ही हुआ है"यह सच्चाई कहने में किसी को डरने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि नेपाल के चितवन जिले के माड़ी में ही प्रभु श्री राम का जन्म हुआ है। वह पवित्र स्थल राम की जन्मस्थली है।

प्रधानमंत्री ओली आगे कहते हैं कि "हम पर्यटन की बातें करते हैं, लेकिन राम नेपाल में जन्मे थे-यह बात कोई और कहे,यह कब तक चलेगा? केवल कथाएं बना कर किसी और स्थान को जन्मभूमि बताना कहां तक उचित है?"ओली का इशारा साफ तौर पर भारत की ओर है।उन्होंने कहा, "राम के जन्म के वक्त नेपाल राज्य की क्या सीमाएं थीं, क्या प्रशासन था, वह अलग बात है। शायद वहां थारू समुदाय का गांव रहा होगा, लेकिन आज वह भूभाग नेपाल में ही है। इसलिए सच कहने में हिचक क्यों?"प्रधानमंत्री ओली ने स्पष्ट किया कि किसी को यह बात बुरी लग सकती है, इससे डर कर सत्य बोलने से नहीं रुकना चाहिए। उन्होंने कहा, "राम भगवान हैं या नहीं, यह हर किसी का व्यक्तिगत विश्वास है, लेकिन जो लोग भगवान राम को मानते हैं, उनके लिए राम की जन्मभूमि एक पवित्र स्थल है। ओली ने कहा "अगर सच्चाई बोलने से कोई नाराज़ होता है तो वह होता रहे।

प्रधानमंत्री ओली ने यह भी दावा किया कि भगवान शिव, ऋषि विश्वामित्र और कौशिक ऋषि भी नेपाल के ही हैं। उन्होंने कहा, "शिव यहीं के हैं, विश्वामित्र यहीं के हैं। यह रामायण में खुद लिखा है।"प्रधानमंत्री ओली ने कहा कि वाल्मीकि कृत रामायण में उल्लेख है कि विश्वामित्र ने राम और लक्ष्मण को कोशी नदी पार करके पश्चिम दिशा में यानी नेपाली भूभाग में ही शिक्षा दी थी। यह रामायण में यह लिखा गया है। वाल्मीकि रामायण में यह वर्णित है कि कोशी नदी पार करके विश्वामित्र ने राम-लक्ष्मण को शिक्षा दी। इससे स्पष्ट है कि विश्वामित्र चतरा (नेपाल) के थे।"

इतना ही नहीं उन्होंने नेपाल पर्यटन बोर्ड से कहा कि भगवान राम की जन्मस्थली का डिजिटल माध्यम से प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक विदेशी श्रृद्धालुओं को नेपाल आने के लिए आकर्षित किया जाय। ओली ने कहा कि नेपाल के धार्मिक स्थलों का प्रचार बिल्कुल आधुनिक तरीके से और आक्रामक ढंग से किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

प्रधानमंत्री ओली ने स्पष्ट किया कि धर्म में विश्वास करना या न करना हर व्यक्ति का स्वतंत्र अधिकार है, लेकिन भगवान राम नेपाल में जन्मे थे और सीता का निधन भी यहीं हुआ था, जैसी बातों का ग्रंथों में उल्लेख है, इसे पूरी दुनिया में प्रचारित करने से डरने की जरूरत नहीं है।

इसके पहले ओली जब भारत के उत्तराखंड में स्थित काला पानी, लिपुलेख और लिंपियाधुरा नामक पहाड़ी क्षेत्र को अपने भू भाग का हिस्सा बताते हुए भारत पर कब्ज़ा करने का आरोप मढ़ते हैं तो इससे वे खुद को पक्का देशभक्त साबित करने की कोशिश करते हैं। यह भू क्षेत्र उत्तराखंड के कुमाऊं मंडल के पिथौरागढ़ जिले का हिस्सा है। दर असल यह भू क्षेत्र भारत, नेपाल और चीन सीमा पर स्थित है जो नेपाल और भारत में बहने वाली काली या महाकाली नदी का उद्गम स्थल है। इस इलाके को काला पानी भी कहते हैं। यहीं पर लिपुलेख दर्रा भी है। यहां से उत्तर-पश्चिम की तरफ कुछ दूरी पर एक और दर्रा है, जिसे लिंपियाधुरा कहते हैं।

मई 2020 में भारत ने कैलाश मानसरोवर यात्रा को सुगम बनाने के लिए पिथौरागढ़ से लिपुलेख दर्रे तक 80 किमी लंबी नई सड़क का उद्घाटन किया था, जिसे लेकर नेपाल ने नाराजगी जताई थी।अंग्रेजों के साथ संधि के करीब 100 साल बाद तक इस इलाके को लेकर कोई विवाद नहीं हुआ। यहां तक कि भारत ने 1962 में चीनी आक्रमण को रोकने के लिए इस इलाके में अपनी सेना तक तैनात कर दी थी। अभी भी इस इलाके के कई हिस्सों में भारतीय सेना तैनात है। फिर ओली इस दुर्गम इलाके को अपना बताते हैं। सवाल उठता है कि यदि ऐसे ही हवा हवाई सबूतों के आधार पर किसी भू क्षेत्र अथवा जन्मस्थली पर दावा ठोकना हो तो भारत भी नेपाल के लुंबिनी को अपने देश का हिस्सा कह सकता है। ऐसा कहने के लिए भारत के पास ऐतिहासिक और प्रमाणिक सबूत भी है।

हाल ही जापान की एक संस्था ने करीब पांच साल तक लुंबिनी पर किए रिसर्च में लुंबिनी को भारत का हिस्सा बताया है। जापानी संस्था की यह रिपोर्ट लुंबिनी पर अपना दावा ठोकने के लिए एक ठोस सबूत है लेकिन भारत ऐसा कर नेपाल से अपने संबंधों में खटास नहीं लाना चाहता वहीं ओली हैं कि वे भारत को चिढ़ाने से बाज नहीं आते। मजे की बात यह है कि भारत ओली के ऐसे ऊल जलूल हरकतों पर ध्यान तक नहीं देता क्योंकि वह जानता है कि नेपाल की राजनीति नया करवट ले रही है जिसमें फिलहाल ओली किसी भी कोण पर टिकने वाले नहीं हैं।

## प्रसंगवश

# धर्मांतरण का धंधा: विदेशी फंडिंग

धर्म किसी भी समाज की आत्मा होता है, लेकिन जब धर्म का प्रयोग 'धंधे' में बदल जाए तो सवाल सिर्फ आस्था का नहीं, राष्ट्र की सुरक्षा, सामाजिक समरसता और नैतिक मूल्यों का हो जाता है। उत्तर प्रदेश में एटीएस द्वारा उजागर किए गए एक बड़े धर्मांतरण रैकेट ने यही भयावह सच्चाई हमारे सामने रखी है। कथित रूप से "छांगरू बाबा" उर्फ जमशेदुद्दीन के नेतृत्व में यह गिरोह न केवल भोले-भाले लोगों का धर्मांतरण कर रहा था, बल्कि इसके पीछे एक व्यवस्थित नेटवर्क, विदेशी फंडिंग और जातिगत लक्ष्य निर्धारण भी शामिल था।

जिस प्रकार से इस रैकेट की कार्यप्रणाली सामने आई है, वह धर्मांतरण को एक सुनियोजित व्यवसाय के रूप में प्रकट करती है। यह कोई व्यक्तिगत आस्था का निर्णय नहीं, बल्कि विदेशी पैसों से संचालित एक मिशन था-जिसमें धर्म, जाति, स्त्री और समाज को एक वस्तु की तरह देखा गया। एफआईआर और जांच रिपोर्ट के अनुसार, धर्मांतरण के लिए बाकायदा 'रेट कार्ड' था। ऊंची जाति की लड़कियों के लिए धर्मांतरण की दर 15-16 लाख रुपये तक थी, जबकि अन्य लड़कियों के लिए 8-10 लाख रुपये। सोचिए, जब धर्म को भी जाति और लिंग के आधार पर मूल्यांकित किया जाने लगे, तो वह किस स्तर तक गिरावट का प्रतीक बनता है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि इस रैकेट के पास 40 बैंक खाते थे जिनमें विदेशों से 100 करोड़ रुपये से अधिक की रकम भेजी गई। यह रकम किसके इशारे पर भेजी गई, किन उद्देश्यों के लिए, और किन देशों से - यह सवाल सिर्फ जांच एजेंसियों के नहीं, पूरे देश के हैं। क्या यह केवल धर्मांतरण के लिए था या इसके पीछे कोई और बड़ा वैश्विक, राजनीतिक या वैचारिक षड्यंत्र भी छिपा है?

इस रैकेट की कार्यशैली में सोशल मीडिया का जबरदस्त उपयोग किया गया। वीडियो, मोटिवेशनल भाषण, 'इस्लाम कबूल करने से मिली राहत' जैसे फर्जी वीडियो वायरल कर कमजोर तबकों को बरगलाया गया। पहले मानसिक रूप से प्रभावित किया गया, फिर आर्थिक लालच दिया गया और अंत में जबरन धर्मांतरण। यह साइकोलॉजिकल वॉरफेयर जैसा है-जहां पहले मस्तिष्क जीता जाता है, फिर शरीर। और सबसे दुखद यह कि इसे धर्म का नाम दिया गया।इस प्रकरण में बलरामपुर जिले के एक पूरे परिवार के धर्मांतरण की पुष्टि हुई है। वहां महिलाओं और बच्चों को टारगेट कर उन्हें धर्म बदलने के लिए मजबूर किया गया। यह कोई एक अपवाद नहीं, बल्कि उसी पैटर्न का हिस्सा है - जिसमें ग्रामीण, अशिक्षित और आर्थिक रूप से पिछड़े समुदायों को निशाना बनाया जाता है। यह सामाजिक असमानता का शोषण है। जब राज्य, समाज और प्रशासन इन परिवारों की रक्षा नहीं कर पाते, तो ऐसे गिरोह अपना मकड़जाल फैलाते हैं। इस रैकेट का सबसे खतरनाक पहलू था-जातिगत दर निर्धारण। ऊंची जाति की लड़कियों के धर्मांतरण के लिए अधिक पैसा दिया जाता था। इसका मतलब है कि धर्मांतरण सिर्फ धर्म का नहीं, जाति-सामाजिक संरचना को तोड़ने का औजार भी बन चुका है। यह न केवल हिंदू समाज को कमजोर करने की चाल है, बल्कि राष्ट्र को आंतरिक रूप से विखंडित करने की भी रणनीति है।



डॉ. सत्यवान 'सौरभ'
वरिष्ठ पत्रकार

यह मामला अकेला नहीं है। देश के विभिन्न हिस्सों में ऐसे गिरोह सक्रिय हैं जो सामाजिक दुर्बलता, आर्थिक मजबूरी और शिक्षा की कमी का लाभ उठाकर धर्मांतरण करा रहे हैं। इससे निपटने के लिए धर्मांतरण विरोधी कानूनों को और मजबूत बनाना चाहिए। विदेशी फंडिंग की निगरानी के लिए डिजिटल ट्रैकिंग तंत्र को सशक्त करना चाहिए। प्रभावित परिवारों के पुनर्वास और मनोवैज्ञानिक काउंसलिंग की व्यवस्था होनी चाहिए। शिक्षा और रोजगार के माध्यम से समाज को आत्मनिर्भर और सजग बनाना जरूरी है। धर्म आत्मा का विषय है, उसे सौदेबाज़ी का औजार बनाना न केवल अपराध है, बल्कि मानवता का भी अपमान है। धर्मांतरण जब व्यक्तिगत चेतना से नहीं, लालच, भय या फरेब से होता है, तो वह धर्म नहीं, शोषण होता है। जरूरी है कि धर्मांतरण की आड़ में चल रहे इन संगठित अपराधों को पहचानें, उनका विरोध करें और समाज को ऐसी गतिविधियों से बचाने के लिए संगठित प्रयास करें। धर्म को न बेचे, न खरीदें –बल्कि समझें, आत्मसात करें और उसकी गरिमा को बचाए रखें।

# हिंदुत्व से हटकर नैतिकता की राजनीति



संजय सक्सेना
स्वंतत्र पत्रकार, लखनऊ

> समिक भट्टाचार्य की ताजपोशी सिर्फ एक पद की नियुक्ति नहीं बल्कि एक राजनीतिक संकेत है भाजपा अब बंगाल को दिल्ली की नजरों से नहीं, बल्कि कोलकाता की चेतना से देखेगी।

पश्चिम बंगाल की राजनीति एक बार फिर उबाल पर है। इस बार तापमान बढ़ाने का काम भारतीय जनता पार्टी ने किया है, जिसने अपनी परंपरागत रणनीति से हटकर एक नई सियासी जमीन तैयार करने की कोशिश की है। अब भाजपा बंगाल में हिंदुत्व या राष्ट्रवाद की बजाय 'सांस्कृतिक पतन','महिला सुरक्षा'और 'शिक्षा व्यवस्था की गिरावट' जैसे मुद्दों को केंद्र में लाकर ममता बनर्जी की सरकार को घेरने का प्रयास कर रही है। यह केवल एक चुनावी बदलाव नहीं है, बल्कि भाजपा की उस व्यापक रणनीति का हिस्सा है जो उसे बंगाल की सत्ता के केंद्र तक पहुंचाने की दीर्घकालिक योजना को दर्शाती है। इसके लिए पार्टी ने संगठन में भी व्यापक फेरबदल किए हैं और एक ऐसे नेता को प्रदेश अध्यक्ष बनाया है जो बंगाली अस्मिता और सामाजिक चेतना की नब्ज को बेहतर तरीके से समझता है। समिक भट्टाचार्य की ताजपोशी सिर्फ एक पद की नियुक्ति नहीं बल्कि एक राजनीतिक संकेत है भाजपा अब बंगाल को दिल्ली की नजरों से नहीं, बल्कि कोलकाता की चेतना से देखेगी।

यह बदलाव ऐसे समय में किया गया है जब पार्टी को पिछले चुनावों में बंगाल में अपेक्षित सफलता नहीं मिली थी। 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने भारी संसाधन झोंकने के बावजूद सत्ता से दूरी बनाए रखी। उस चुनाव में पार्टी ने ममता बनर्जी के खिलाफ जिस आक्रामक हिंदुत्व की रणनीति अपनाई, वह बंगाल की पारंपरिक बहुसांस्कृतिक चेतना से टकरा गई। नतीजा यह रहा कि भाजपा को कई सीटों पर अप्रत्याशित हार का सामना करना पड़ा। अब पार्टी ने उस गलती से सबक लेते हुए रणनीति में मूलभूत बदलाव किया है। इस बार न तो जय श्री राम के नारे प्राथमिकता में हैं और न ही नागरिकता संशोधन कानून को हवा दी जा रही है। अब भाजपा बंगाल के पतनशील समाज, शिक्षा की विफलता और महिलाओं की असुरक्षा को ममता सरकार की नाकामी के रूप में प्रस्तुत कर रही है।

इस नई रणनीति का सबसे स्पष्ट उदाहरण अमित मालवीय की ओर से जारी किए गए वे वीडियो हैं, जिनमें कथित रूप से तृणमूल कांग्रेस के छात्र संगठन से जुड़े नेता कॉलेज परिसरों और यूनियन दफ्तरों का दुरुपयोग करते नजर आ रहे हैं। एक वायरल क्लिप में छात्र नेता को एक छात्रा से सिर की मालिश करवाते हुए दिखाया गया है। हालांकि इन वीडियो की पुष्टि स्वतंत्र रूप से नहीं की जा सकी है, लेकिन भाजपा ने इन्हें राज्य की नैतिक और शैक्षणिक गिरावट के प्रतीक के रूप में प्रचारित किया है। भाजपा का दावा है कि बंगाल जो कभी भारतीय पुनर्जागरण का केंद्र था, आज वहां की शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। पार्टी का कहना है कि छात्रों को मजबूरी में दूसरे राज्यों की ओर पलायन करना पड़ रहा है क्योंकि राज्य में उन्हें न सुरक्षित माहौल मिल रहा है और न ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा।

यह भी कोई संयोग नहीं कि भाजपा अब महिला सुरक्षा को लेकर लगातार आक्रामक हो रही है। संदेशखली की घटना को भाजपा ने राष्ट्रीय स्तर पर मुद्दा बनाया है, जहां तृणमूल कांग्रेस के पूर्व नेता पर कई महिलाओं ने यौन शोषण के आरोप लगाए। इसके अलावा आरजी कर अस्पताल में महिला डॉक्टर की हत्या, कोलकाता लॉ कॉलेज में बलात्कार जैसी घटनाओं को भाजपा लगातार ममता सरकार की नाकामी के रूप में प्रस्तुत कर रही है। भाजपा की फैक्ट फाइंडिंग टीम, जिसकी अगुवाई मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त सत्यपाल सिंह कर रहे हैं, ने लॉ कॉलेज मामले की न्यायिक जांच की मांग की है। विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया है कि तृणमूल के छात्र संगठन के पास सत्ता का ऐसा संरक्षण है कि वे कॉलेज परिसरों में खुलेआम सत्ता का दुरुपयोग कर रहे हैं। उन्होंने इसके समर्थन में 50 से ज्यादा तस्वीरें जारी की हैं और दावा किया है कि ये तस्वीरें उस तंत्र का हिस्सा हैं जो राज्य के युवाओं को नैतिक रूप से भ्रष्ट कर रहा है।

शुभेंदु अधिकारी ने इस मुद्दे को एक बड़े सामाजिक आंदोलन का रूप देने की कोशिश की है। उन्होंने ममता बनर्जी की 21 जुलाई को होने वाली शहीद दिवस रैली के दिन एक समानांतर 'कन्या सुरक्षा यात्रा' निकालने की घोषणा की है। इस पूरे घटनाक्रम को देखें तो यह साफ़ हो जाता है कि भाजपा अब सिर्फ चुनाव जीतने की राजनीति नहीं कर रही, बल्कि वह बंगाल की सामाजिक चेतना को बदलने की कोशिश कर रही है। पार्टी अब वहां एक वैकल्पिक नैतिक विमर्श गढ़ रही है, जिसमें ममता सरकार को भ्रष्ट, नैतिक रूप से पतित और जनता से कटे हुए शासन के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। भाजपा यह दिखाने की कोशिश कर रही है कि वह न केवल विकल्प है, बल्कि वह सुधार की आवश्यकता है।

## सोशल फोरम

# कभी कभार की अनहोनी

सावन के बादलों का इंतज़ार बस प्रेमियों को रहता हो ऐसी कतई नही है। सड़क बनाने वाले ठेकेदार और अफसर उनसे भी ज्यादा अधीरता से निहारते है बादलों को। बादलों की प्राथमिक ज़िम्मेदारी है कि वो आएं और सड़कों को बहा ले जाएं। सड़क बनाने वाले ठेकेदार और अफसर आस्तिक होते है। भगवान भी प्रेम करता है उनसे और आमतौर पर हर साल बादल भेजना याद रखता है। सलोने बादल आते हैं। बरसते हैं ,और उनका रास्ता ताकती भावनाओं से भरी सड़कें बह जाती हैं।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

सड़कें बहने के लिए ही बनाई जाती हैं हमारे यहां। पर कभी कभार अनहोनी भी होती ही हैं। कुछ ढीठ किस्म की सड़कें नहीं भी बहती। ऐसा ही अजीब वाकया हुआ एक शहर में। एक सड़क बादलों के मनुहार के बावजूद नहीं बही। दुनिया का सातवां आश्चर्य। देखते ही देखते यह खबर आग की तरह फैली। हैरान जनता झुंड बना बना कर उसे देखने आई। पब्लिक को सतयुग आने का शक हुआ। लोगों ने आंखें मल मल कर देखा बिना बही सड़क को। एक दूसरे को चिकोटी काट कर तस्दीक की कि कहीं वो सपना तो नहीं देख रहे। और जो चीज देख रहे हैं वो सड़क ही है या कुछ और है। फिर जनता हो हो कर हंसी और उसने सड़क बनाने वाले अफसर और ठेकेदार को गधा करार दिया।

खबर सड़क बनाने के लिए जिम्मेदार महकमे तक भी पहुंची। संबंधित अफसर को बाक़ी अफसरों ने दया भाव से देखा। सब हंसे उस पर। वो अपनी ग़ैरज़िम्मेदारी पर शर्मिंदा हुआ। उसने फौरन सड़क बनाने वाले ठेकेदार को तामील किया। ठेकेदार आया। घबराया और आंखें नीचे किए रहा। साहब अनमना है बहुत। शर्मा ऐसी उम्मीद थी नहीं तुमसे। ठेकेदार सचमुच शर्मिंदा है। दुखी है अपने ही पेट पर लात मारने के लिए। सर मैंने डांटा है अपने बंदों को।

साहब मायूस भी हैं। ये क्या कर बैठे तुम ? बिना बही सड़कें साख खराब करती हैं। अब बड़े अफसर तुम्हारे साथ मुझे भी नौसिखिया मानेंगे। सबका नुकसान कर दिया तुमने। नई नई नौकरी है मेरी। मुझे डर है कहीं प्रोबेशन पीरियड न बढ़ा दिया जाए मेरा।

**-फेसबुक वॉल से**

# बचपन अब एक दौर नहीं, एक दौड़ है



डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर, मथुरा

> यह एक मौन आपातकाल है–जिसमें हर बच्चा 'ठीक है' कहता तो है, लेकिन भीतर कहीं न कहीं थका हुआ है। वह सिर्फ स्कूल में नहीं, घर में भी हर वक्त जांच की निगाहों में है।

बचपन अब एक स्मृति होता जा रहा है-समय से पहले ही बीतता हुआ। बच्चों की सुबहें अलार्म पर खुलती हैं, दिन ट्यूशन और टेस्ट के बीच सिमट जाते हैं, शामें स्क्रीन पर गुजरती हैं, और रातें होमवर्क और ट्यूशन वर्क के नीचे दब जाती हैं। यह दिनचर्या अब अपवाद नहीं रही- यह सामान्य हो चुकी है। एक उम्र जो पहले खेलने, उलझने और धीरे-धीरे बनने के लिए होती थी, अब वहां बनने से पहले ही तय कर लिया जाता है कि क्या बनना है। और उस तयशुदा मंज़िल तक पहुंचने की दौड़ बहुत पहले शुरू हो जाती है- कभी होश में, कभी अनजाने में।

आज यह मान लेना सहज हो गया है कि बच्चे 'सही' रास्ते पर हैं- वे पढ़ाई कर रहे हैं, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में हैं, भाषाएं और स्किल्स सीख रहे हैं। लेकिन इस पूरे परिदृश्य में एक सवाल लगातार अनुत्तरित रह जाता हैः क्या वे कुछ महसूस भी कर पा रहे हैं? क्या उनके पास यह जानने की जगह बची है कि उन्हें क्या पसंद है, किस बात से डर लगता है, किस दिशा में वे स्वयं को देखना चाहते हैं? या फिर यह मान लिया गया है कि नंबर लाना, दूसरों से बेहतर होना और जल्दी किसी स्थिति तक पहुंचना ही काफी है?

इस चुप्पी में जो सबसे पहले दबता है, वह है- बच्चों का स्वयं से परिचय। वे असफलता से डरते हैं, पर कह नहीं पाते। वे उम्र से बड़ी बातें करने लगे हैं, लेकिन अपनी उम्र के छोटे-छोटे सुख भूल चुके हैं। धीरे-धीरे उनके भीतर यह भाव बनने लगता है कि अगर वे थोड़ा भी पीछे रह गए, तो घर में उनका महत्व कम हो जाएगा। यह भावना कोई कल्पना नहीं, बल्कि उन असंख्य सूक्ष्म संकेतों से उपजती है जो उन्हें रोज़ मिलते हैं -कभी तुलना से, कभी प्रशंसा की शर्तों से, और कई बार सिर्फ हमारी चुप्पी से।

यह चुप्पी सिर्फ घर की नहीं है। बच्चों को कई बार स्कूल भी एक प्रोजेक्ट साइट सरीखे लगते हैं जहां सीखने की जगह तो है ही, लेकिन साथ ही यहां भी प्रदर्शन के मायने ज्यादा हैं। शिक्षक भी उसी दबाव के शिकार हैं, जो हर वक्त रैंकिंग, रिपोर्ट और रिजल्ट सेबंधा है। कोचिंग संस्थानों का विस्तार किसी से छुपा नहीं है। एक साधारण मध्यमवर्गीय परिवार अपनी आय का बड़ा हिस्सा अपने बच्चों से जुड़े इन्हीं 'शैक्षणिक निवेश' में लगा देता है - इस उम्मीद में कि शायद यह सफलता की गारंटी बन जाए। ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति और जटिल है, जहां संसाधनों की कमी का बोझ बच्चे अपने आत्मविश्वास पर उठाते हैं। बच्चों के लिए असफलता सिर्फ एक नतीजा नहीं, पहचान का संकट बन जाती है।

माता-पिता इस व्यवस्था के न तो निर्माता हैं, न ही उसका समाधान। वे स्वयं इसमें उलझे हुए सह-यात्री हैं। वे अपने बच्चों के लिए वह सब कुछ चाहते हैं जो उसके सुखद और सुरक्षित भविष्य को सुनिश्चित करता हो, वह सब कुछ भी जो शायद कभी उनके पास नहीं हो पाया, या जो उनसे किन्हीं कारणों से खो अथवा छिन गया। लेकिन यह समझना जरूरी है कि इरादों की यह पवित्रता भी कभी-कभी बच्चों पर असहनीय आकांक्षा का बोझ बन जाती है। यह अपेक्षा अब इतनी सामान्य हो गई है कि उसकी उपस्थिति दिखती नहीं, लेकिन हर बच्चे की धड़कनों में गूंजती है।

आज अगर कोई बात सबसे अधिक ज़रूरी है, तो वह है यह समझना कि बच्चे केवल नंबर नहीं, अनुभव भी हैं। वे केवल प्रदर्शन की परियोजना नहीं, एक बनती हुई संवेदना हैं। उन्हें कोई एक दिशा देने से पहले समझना होगा- वे क्या सोचते हैं, क्या महसूस करते हैं। ठहराव और उलझन किसी भी यात्रा का अभिन्न अंग हैं - इन्हें विफलता की तरह नहीं, विकास की तरह देखना चाहिए। इन्हें कमजोरी की तरह नहीं, हिस्सेदारी की तरह देखा जाना चाहिए।

यह एक मौन आपातकाल है-जिसमें हर बच्चा 'ठीक है' कहता तो है, लेकिन भीतर कहीं न कहीं थका हुआ है। वह सिर्फ स्कूल में नहीं, घर में भी हर वक्त जांच की निगाहों में है। वक्त है चीज़ों को थोड़ा अलग देखने का-जहां स्कूल सिर्फ सिलेबस खत्म करने की जगह न हो, घर सिर्फ उम्मीदों से भरा एक कमरा न हो, और समाज हर बार यह पूछने से पहले कि बच्चा कहाँ तक पहुंचा, कभी यह भी पूछे कि वह कैसा महसूस कर रहा है। क्योंकि सबसे आगे निकल जाने की होड़ में अगर कोई चीज़ सबसे पहले गिरती है, तो वह सहजता होती है। और जो सबसे आखिर में चुपचाप पीछे छूट जाती है, वह होती है-बचपन।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# अभियान चला लोगों को जागरूक करेंगे पीएलवी

## मध्यस्थता राष्ट्र के लिए अभियान के तहत दंपती विवाह, दुर्घटना दावे, घरेलू हिंसा समेत विभिन्न वाद मध्यस्थता से निपटाए जाएंगे

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** विशेष मध्यस्थता अभियान मध्यस्थता राष्ट्र के लिए कार्यक्रम के प्रचार के तहत जूनियर डिवीजन न्यायिक मजिस्ट्रेट अमित भट्ट ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्राप्त बैनर को न्यायालय परिसर में लगवाया और कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि यह अभियान 1 जुलाई से शुरू हुआ था जो कि 90 दिन तक चलेगा। बताया कि अभियान के तहत पीएलवी जागरूकता अभियान चलाएंगे। जिसमें दंपति विवाह, दुर्घटना दावे, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, वाणिज्य विवाद, सेवा मामले, समझौता योग्य आपराधिक मामले, उपभोक्ता संरक्षण विवाद, ऋण वसूली के मामले, विभाजन विवाद, बेदखली के मामले, भूमि अधिग्रहण के मुद्दे सहित अन्य उपयुक्त सिविल मामले मध्यस्थता द्वारा निपटाए जा सकते हैं।

इस अवसर पर डिप्टी नजीर संजय शुक्ला, हरिश्चंद्र, पीएलवी विमल कुमार, भगवत गोस्वामी, सत्यम, बलवंत, विनोद आदि उपस्थित रहे।


खटीमा के कोर्ट परिसर में लगे अभियान के बैनर के साथ न्यायिक मजिस्ट्रेट अमित भट्ट।


बाजपुर में पीएमश्री जीजीआईसी में विचार रखतीं सिविल जज सुमन भंडारी।

### शिविर लगा 103 लाभार्थियों की एनीमिया जांच की, दी दवा की किट

**खटीमा :** भारत विकास परिषद के तत्वाधान में परिषद के संस्थापक डॉ. सूरज प्रकाश की जयंती के उपलक्ष्य में मनाए जाने वाले सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत होने वाले कार्यक्रमों के क्रम में देवरी में स्वास्थ्य शिविर व महिला जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भारत माता व विवेकानंद के चित्रों के सम्मुख दीप जलाकर किया गया। कार्यक्रम में 103 लाभार्थियों की एनीमिया की जांच की गई और दवाओं की किट अन्य स्वास्थ्य संबंधी सामग्री एवं गुड़ चना व लोहे की कढ़ाई वितरित की गई। परिषद् की महिला सदस्यों ने महिला सशक्तिकरण एवं जागरूकता अभियान के तहत संवाद किया। कार्यक्रम में परिषद् सदस्य दलजीत खिंडा, अतुल अरोड़ा, विक्रम गुलाटी का विशेष सहयोग रहा। प्रांतीय महासचिव हरीश शर्मा, विशाल गोयल, नीरज वर्मा, मधु शर्मा, रितु गुप्ता, बबीता अग्रवाल, रेनू वर्मा, सपना गुलाटी, विवेक अग्रवाल, अमरनाथ गोयल, संजय आदि रहे।


खटीमा में दवा किट और कढ़ाई के साथ महिलाएं और आयोजक।

### बाजपुर में विधिक सेवाओं की जानकारी दी

**बाजपुर, अमृत विचार :** विश्व जनसंख्या स्थिरीकरण दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव योगेंद्र कुमार सागर के आदेशानुसार पीएमश्री राजकीय कन्या इंटर कालेज में जन जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन दीवानी न्यायालय बाजपुर की सिविल जज सुमन भंडारी ने किया। कार्यक्रम के दौरान एसिड अटैक, पॉक्सो, महिला हिंसा, सड़क सुरक्षा, बाल विवाह निषेध, यौन शोषण, नालसा डालसा की नि:शुल्क विधिक सेवा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही जनसंख्या स्थिरीकरण के उपायों के बारे में भी बताया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्या मीता बोस, परमजीत कौर सैनी, पैनल अधिवक्ता महिपाल सिंह, पीएलवी बृजवाला शर्मा, शशि गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## जिपं सदस्य के 75 दावेदारों ने नाम लिया वापस

**रुद्रपुर, अमृत विचार:** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत जिला पंचायत सदस्य पद के लिए नाम वापसी का दौर शुक्रवार को पूरा हो गया। नाम वापसी के आखिरी दिन 59 दावेदारों ने अपना नामांकन वापस ले लिया। इससे पहले गुरुवार को 16 प्रत्याशियों ने नाम वापसी की थी। इस तरह दो दिन में कुल 75 उम्मीदवारों ने मैदान छोड़ दिया।

जिला पंचायत सदस्य के 35 पदों के लिए कुल 267 दावेदारों ने नामांकन दाखिल किया था। नामांकन पत्रों की जांच के दौरान चार नामांकन पत्रों को निरस्त कर दिया गया था, जबकि 263 नामांकन पत्र वैध घोषित किए गए थे। नाम वापसी के बाद अब इन 35 सीटों पर 188 उम्मीदवारों के बीच मुकाबला होगा। चुनावी मैदान में बचे प्रत्याशियों ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है और गांव-गांव जाकर समर्थन जुटाने में जुट गए हैं।

## सार-संक्षेप


कार्यक्रम में शामिल विद्यालय के छात्र व वन विभाग के कर्मचारी। ● अमृत विचार

### भारती देवी जूनियर हाईस्कूल में किया पौधरोपण

**शक्तिफार्म :** एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत भारती देवी जूनियर हाई स्कूल निर्मल नगर में वन महोत्सव में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वन विभाग के कर्मचारी भी शामिल हुए। भारती देवी जूनियर हाई स्कूल निर्मल नगर में आयोजित वन महोत्सव कार्यक्रम में विद्यार्थियों को वनों के महत्व, आवश्यकता उपयोगिता एवं पर्यावरण संरक्षण में वनों की महत्ता के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए जागरूक किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों विद्यार्थियों आदि द्वारा जगतारपुर में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक विश्वजीत सरकार, वन दरोगा रामचंद्रनिषाद, हेमंत गाईन, मीना, मीनाक्षी, पूनम, रीमा, नीरज सिंह, गोविंद कुमार, प्रियंका व अनामिका आदि मौजूद थे।



जसपुर में पदभार ग्रहण करतीं क्लब की नई पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### आईडब्ल्यूसी की पदाधिकारियों ने ग्रहण किया पदभार

**जसपुर :** इनरव्हील क्लब (आईडब्ल्यूसी) की नई पदाधिकारियों को पूर्व अध्यक्ष ने पदभार ग्रहण कराया। इस दौरान क्लब की कार्यकारी समिति का विस्तार भी किया गया। हरिद्वार में आयोजित 55वीं जिला असेंबली एवं पुरस्कार समारोह में रेनू गोयल को अध्यक्ष, मीता अग्रवाल को उपाध्यक्ष, संगीता शर्मा को सेक्रेटरी, ममता अग्रवाल को कोषाध्यक्ष, प्राची को एडीटर एवं मनीषा को आईडब्ल्यूसी की स्थानीय कार्यकारी समिति का आईएसओ चुना गया था। शुक्रवार को अफजलगढ़ मार्ग स्थित एक होटल में स्वागत समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष डॉ. छवि वर्मा ने अपनी टीम के साथ नई पदाधिकारियों को बैच एवं कॉलर पहनाकर नई जिम्मेदारी सौंपी। क्लब की नई सेक्रेटरी संगीता शर्मा ने बताया कि सुरभि अग्रवाल, निषि अग्रवाल, बबीता अग्रवाल, डॉ. छवि वर्मा एवं ऋचा बंसल को नई कार्यकारी समिति में सदस्य बनाया गया। वहां प्रदीप गोयल, विवधेश शर्मा, निकेश अग्रवाल, संजय गर्ग आदि थे।


बाजपुर में उप जिला चिकित्सालय में लगा ट्रांसफार्मर व आसपास उगी झाड़ियां।

### जमीन में स्थापित ट्रांसफार्मर से करंट फैलने का खतरा

**बाजपुर :** उप जिला चिकित्सालय बाजपुर में लगे ट्रांसफार्मर से करंट फैलने का खतरा बना लगा है। इन दिनों क्षेत्र में बारिश का अलर्ट है जिसके चलते सरकारी अस्पताल के आवासीय परिसर में जमीन पर रखे विद्युत ट्रांसफार्मर से करंट फैलने की संभावना जताई जा रही है। आवासीय परिसर में निवासरत लोगों और आने-जाने वाले मरीजों में डर का माहौल बना हुआ है। सरकारी अस्पताल की सड़क की ऊंचाई पहले कम थी और अब सड़क ऊंची होने के कारण विद्युत ट्रांसफार्मर सड़क के लेबल में आ गया है। जिसके चलते कुछ देर की बारिश से विद्युत ट्रांसफार्मर के चारों ओर पानी भर जाता है। जिसके चलते करंट फैलने का खतरा बना रहता है। विद्युत ट्रांसफार्मर के समीप अभी सफा-सफाई भी नहीं करवाई गई है तथा काफी झाड़ियां भी उगी हुई हैं। लोगों ने ट्रांसफार्मर को ऊंचाई पर शिफ्ट करने की मांग की है।


रेलवे के अंडरपास पुल में हुए जलभराव की निकासी करवाते पालिकाध्यक्ष गित्ते।

### रेलवे अंडरपास पुल में हुए जलभराव की निकासी कराई

**बाजपुर :** आलापुर-चकरपुर मोटर मार्ग पर स्थित रेलवे के अंडरपास पुल में हुए जलभराव से ग्रामीणों व राहगीरों को होने वाली दिक्कत को देखते हुए पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते ने शुक्रवार को नगरपालिका टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जल निकासी करवाई। इस दौरान चेयरमैन गुरजीत सिंह गित्ते ने कहा कि लोगों को किसी भी परेशानी से जूझने नहीं दिया जाएगा। बाजपुर को जलभराव से निजात दिलाने के लिए पालिका प्रशासन अलर्ट मोड़ पर है। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार दास, सीताराम तिवारी आदि मौजूद थे।

## आवास विकास से की दिनदहाड़े बाइक चोरी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** आवास विकास चौकी इलाके में दिनदहाड़े बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने घटना की जानकारी लेने के बाद सीसीटीवी कैमरे खंगालने शुरू कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार आदर्श कॉलोनी स्थित गुरुकृपा कुल प्वाइंट दुकान स्वामी के कहने पर मैकेनिक पुष्पेंद्र सक्सेना निवासी रामनगर शुक्रवार की दोपहर को आवास विकास गया और निर्माणाधीन मकान में एसी फिटिंग करने चले गया। इस दौरान उसने अपनी बाइक को लॉक कर बाहर खड़ी कर दिया था। थोड़ी देर बाद जब वह वापस लौटा तो बाइक चोरी हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने जानकारी ली और चोरों की तलाश शुरू कर दी है। इधर, काशीपुर के वैशाली कॉलोनी निवासी अजय गोला ने आईटीआई पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बाइक अज्ञात चोर ले गए हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू की है।

### घर के बाहर से बाइक उड़ाई

**बाजपुर :** वार्ड-चार गांधीनगर निवासी अमरीक सिंह सहोता ने पुलिस को बताया कि 9 जुलाई को उसने अपनी बाइक घर के बाहर खड़ी की थी। आरोप है कि देर रात करीब 8:20 बजे अज्ञात व्यक्ति बाइक चोरी करके ले गया है। घटना सीसीटीवी में दर्ज हो गई है। आसपास काफी तलाशने के बाद भी चोर एवं बाइक का कुछ पता नहीं चल पाया है। वहीं पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की तलाश शुरू कर दी है।

## गुरु जाहरवीर गोगा जी की निशान यात्रा निकाली

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** नगर में सावन माह के प्रथम दिन नाथ संप्रदाय की ओर से भगवान शिव का अवतार माने जाने वाले श्री गुरु गोरखनाथ जी महाराज के सेवक गुरु जाहरवीर गोगा जी महाराज की निशान यात्रा निकाली गई। जिसमें नाथ संप्रदाय से जुड़े संत एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शिरकत की।

शुक्रवार की सायं नाथ संप्रदाय के संत एवं श्रद्धालु मुख्यमार्ग पर हल्द्वानी बस अड्डा स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में एकत्र हुए जहां से वैदिक मंत्रोच्चारण एवं विधिवत पूजा-अर्चना के उपरांत निशान यात्रा की शुरुआत की गई। ढोल-नगाड़ों के साथ निकली निशान शोभायात्रा नगर में मुख्यमार्ग पर बेरिया मोड़, भगत सिंह चौक, रेलवे क्रासिंग, डॉ. पांडेय रोड से होते हुए करीब ढाई किलोमीटर सिंह कालोनी चकरपुर स्थित मां श्री दक्षिणेश्वरी सिद्ध कालीपीठ मंदिर बाजपुर धाम पहुंची, जहां श्रद्धाभाव के साथ यात्रा को विश्राम दिया गया।

इस मौके पर मुख्य महंत विकास नाथ महाराज ने बताया कि सावन माह में पूजे जाने वाले बाबा जाहरवीर गोगा जी महाराज की यह निशान यात्रा हर वर्ष निकाली जाती है। भगवान शिवजी से आशीर्वाद लेकर इस यात्रा को निकाला गया है। इस मौके पर योगी मनोहर नाथ महाराज, योगी महेंद्र नाथ महाराज, जूना अखाड़ा के महंत भगवान गिरि महाराज, सरोज, जमुना, कमला, कुंता, करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष सूरज चौधरी, प्रदेश महामंत्री हरीश प्रकाश, नमन अग्रवाल, सागर चौधरी, सुमित भारती, रोहित पवार, राहुल पवार, अंकित जोशी आदि मौजूद रहे।


बाजपुर में शुक्रवार को प्राचीन शिव मंदिर से निशान यात्रा निकालते नाथ संप्रदाय से जुड़े संत एवं श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## कच्ची शराब के साथ दो महिलाएं गिरफ्तार

**किच्छा/पुलभट्टा, अमृत विचार:** कोतवाली पुलिस की टीम ने एक महिला को कच्ची शराब बेचते रंगेहाथ पकड़ लिया। उपनिरीक्षक मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में चीता पुलिस टीम के कांस्टेबल बृजमोहन सिंह, कांस्टेबल देवराज सिंह, महिला कांस्टेबल रेखा डालाकोटी एवं रेखा आर्य की टीम चीनी मिल गेट के सामने झोपड़ी के बाहर बैठी किच्छा निवासी विद्या देवी के पास से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की। देर शाम अंधेरा होने के चलते पुलिस में महिला को गिरफ्तार नहीं किया। जबकि आबकारी अधिनियम की धाराओं में नोटिस तामील कराया गया। इधर पुलभट्टा थाना पुलिस की टीम ने पुराना बरेली मार्ग पर पैदल जा रही ग्राम बंगाली कॉलोनी, थाना पुलभट्टा निवासी चरणजीत कौर के कब्जे से 20 लीटर शराब बरामद की।

## साइकिल से ज्योतिर्लिंगों की यात्रा करेंगे जितेंद्र

संवाददाता, सुल्तानपुर पट्टी

**अमृत विचार:** सावन माह की पावन शुरुआत के साथ ही नगर के मोहल्ला शिवनगर निवासी जितेन्द्र सैनी पुत्र रामपाल सैनी साइकिल से बारह ज्योतिर्लिंगों और चार धाम की यात्रा पर निकले हैं। जितेन्द्र ने शुक्रवार को अपनी यात्रा की शुरुआत अपने निवास से विधिवत पूजन और परिजनों के आशीर्वाद के साथ की। नगरवासियों ने ढोल-नगाड़ों और फूलों की वर्षा कर उनका जोरदार स्वागत किया। यात्रा से पहले नगर के पुरोहित पं. दीपक शर्मा ने धार्मिक अनुष्ठान कराया। इस अवसर पर नगर पंचायत चेयरमैन राजीव कुमार सैनी भी विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने जितेन्द्र को तिलक लगाकर, माला पहनाकर शुभकामनाएं दीं। लगभग 13 माह लंबी कठिन और धार्मिक यात्रा की शुरुआत जितेंद्र गुजरात स्थित प्रथम ज्योतिर्लिंग सोमनाथ से करेंगे। वहां से वे क्रमशः मल्लिकार्जुन, महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर, केदारनाथ, भीमाशंकर, विश्वनाथ, त्र्यंबकेश्वर, बैद्यनाथ, नागेश्वर, रामेश्वरम, घुश्मेश्वर और अन्य पवित्र स्थलों की यात्रा करते हुए आगे बढ़ेंगे।


सुल्तानपुर पट्टी में साइकिल से धार्मिक यात्रा पर निकलते जितेंद्र सैनी। ● अमृत विचार

### पहले भी की है केदारनाथ की पदयात्रा

धार्मिक यात्राओं में जितेन्द्र का यह पहला प्रयास नहीं है। इससे पहले वह केदारनाथ की पैदल यात्रा भी पूरी कर चुके हैं, जो उनके धार्मिक समर्पण और मजबूत इच्छाशक्ति को दर्शाता है। नगर में जितेन्द्र की यह साइकिल यात्रा नगर में चर्चा का विषय बनी हुई है। युवाओं में खासकर इसे लेकर उत्साह देखा जा रहा है। जितेन्द्र के पिता रामपाल सैनी ने जानकारी दी कि जितेन्द्र का उद्देश्य केवल धर्म और समाज के लिए सेवा भाव से प्रेरित है। धर्म, साहस और समर्पण का अद्वितीय उदाहरण आज जब आधुनिक जीवनशैली में धर्म और अध्यात्म से जुड़ाव कम होता जा रहा है, ऐसे में एक युवा द्वारा की जा रही यह यात्रा समाज के लिए धर्म और समर्पण का अद्वितीय उदाहरण बनकर सामने आई है।

## दो बीडीसी और दो प्रधान हुए निर्विरोध

**काशीपुर:** पंचायत चुनाव में दो ग्राम प्रधान और दो बीडीसी मेंबर का निर्विरोध चुना जाना तय हो गया है।

शुक्रवार को रिटर्निंग ऑफीसर एके जॉन ने बताया कि पंचायत चुनाव में नाम वापसी व पर्चों के जांच के दौरान प्रधान के 66, बीडीसी के 33 और ग्राम पंचायत सदस्य के 31 कुल 130 नाम वापसी व पर्चे जांच के बाद निरस्त किए गए हैं। उन्होंने बताया कि 34 ग्राम प्रधान में 2 प्रधान निर्विरोध चुने गए हैं। जिसमें ग्राम पंचायत फिरोजपुर से ग्राम प्रधान मंजू देवी व दोहरी वकील से पूनम निर्विरोध चुनी गई हैं। वहीं 33 बीडीसी में से दो निर्विरोध जिसमें ग्राम फिरोजपुर से चंद्र प्रभा और मानपुर से गुरनाम सिंह चुने गए हैं। इसके अलावा 350 ग्राम पंचायत सदस्यों में से 197 सदस्य निर्विरोध चुने गए हैं। पंचायत चुनाव में कुल 201 दावेदार निर्विरोध हुए हैं।


नोजगे पब्लिक स्कूल में एनसीसी भर्ती प्रक्रिया का निरीक्षण करते एनसीसी के अधिकारी।

### एनसीसी सीनियर डिवीजन और विंग में 25 कैडेट्स भर्ती

**खटीमा, अमृत विचार :** नोजगे पब्लिक स्कूल में एनसीसी की सीनियर डिवीजन एवं सीनियर विंग कैडेट्स की भर्ती प्रक्रिया शुरू हुई। जिसमें 25 कैडेट्स का चयन किया गया। 78 यूके बटालियन एनसीसी हल्द्वानी के हवलदार विनोद गोस्वामी और टी भूटिया ने भर्ती का निरीक्षण किया। भर्ती प्रक्रिया में दौड़, पुलअप्स, पुशअप्स, पांच मीटर शटल रन, 60 मीटर स्प्रिंट और लिखित परीक्षा आयोजित की गई। प्रबंधिका सुरेंद्र कौर और प्रधानाचार्य आरिज अल्वी ने एनसीसी के अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर एएनओ दीपेंद्र गुरुंग, थर्ड ऑफिसर मुकेश पांडे, नवीन चंद, ललित चंद, आरपी पंत, वीरेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह सौन, अभिषेक भटनागर, उस्मान बाबर, प्रभा ज्याला, डॉ अनिल शर्मा, धीरज गुप्ता, हरप्रीत कौर, जसप्रीत कौर, मंजू रावत, मिनल भट्ट, मधुमिता मुखर्जी आदि उपस्थित रहे।

चुनावी रण

ग्राम प्रधान पद की महिला प्रत्याशी चपला साना ने अपने पक्ष में मांगा समर्थन, जगदीशपुर, चड़ीपुर, कालीनगर, उदयनगर में घर-घर जाकर मांगे वोट

## चपला साना ने कालीनगर में किया व्यापक जनसंपर्क

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के चुनाव चिह्न आवंटन होने से पूर्व प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ व्यापक जनसंपर्क कर रहे हैं। खराब मौसम के चलते महिलाएं बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहीं हैं। विजयनगर से प्रधान पत्र की प्रत्याशी चपला साना को लोगों से अपना समर्थन दिया।

शुक्रवार को विजयनगर ग्राम पंचायत प्रधान पद की शिक्षित प्रत्याशी चपला साना ने जगदीशपुर, चड़ीपुर, कालीनगर, उदयनगर में घर-घर जाकर जनसंपर्क किया। मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने महिलाओं के विकास के मुद्दों के साथ प्रधानमंत्री आवास, लिंक मार्गों का पक्कीकरण, शिक्षा, पेयजल, पानी निकासी न होने पर सोकता व सुलभ शौचालय बनवाने आदि समस्याओं से निजात दिलाने का वादा किया। शिक्षित प्रधान पद की प्रत्यासी चपला साना ने अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस मौके पर सन्यासीचरन मंडल, सुभाष साना, भारत बाला, सतीश मंडल, लोकनाथ मंडल, दिलीप मंडल, मंगल ढाली, वीरेन्द चंद्र मंडल, अमरीक सिंह, रविंद्र साना, शुभम मंडल, तपन साना, विमल मंडल कार्तिक मंडल, मृत्युंजय शाहा ने समर्थन दिया।


समर्थकों के साथ जनसंपर्क करतीं विजयनगर से प्रधान पद प्रत्याशी चपला साना।


खटीमा के सिसैया में आयोजित सभा में प्रत्याशी सहित उपस्थित ग्रामीण। ● अमृत विचार

### जिपंस प्रत्याशी सागर के समर्थन में सिसैया में सभा

**खटीमा :** जिला पंचायत सदस्य की नगरा तराई सीट के भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सागर सिंह धामी (सूरज) के समर्थन में सिसैया में पूर्व जिला पंचायत सदस्य किशन सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। मुख्य वक्ता उत्तराखंड राज्य सहकारी बैंक के प्रदेश अध्यक्ष दान सिंह रावत ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए सागर को भारी बहुमत से विजयी बनाने की अपील की। भुवन भट्ट, रामदत्त जोशी, जीवन सिंह धामी, गंभीर सिंह धामी, नंदन सिंह खड़ायत, डॉ. नवीन भट्ट, सतीश, प्रकाश तिवारी, रामायण, सोभनाथ मौर्य, मोहन सिंह चुफाल, महेश राणा, बलदेव सिंह, तारा बिष्ट, अंजना, आरती, कमला देवी, मुद्रिका प्रसाद, कुंदन बोरा, शंकर धामी, प्रकाश भंडारी, सतनाम सिंह मल्ली, अमरजीत सिंह कुशवाहा, गणेश मनोला आदि रहे।

# सावन मास के साथ ही शुरू हुई कांवड़ यात्रा

## कांवड़ मेला सकुशल संपन्न कराने को डीजीपी दीपक सेठ ने अधिकारियों के साथ किया गंगा पूजन

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** सावन माह की शुरूआत के साथ ही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुक्रवार को कांवड़ यात्रा भी आरंभ हो गयी। पहले दिन ही हजारों की संख्या में कांवड़िए गंगा जल भरने के लिए धर्मनगरी हरिद्वार पहुंचे।

करीब एक पखवाड़े तक चलने वाली इस यात्रा में हर साल देश के विभिन्न राज्यों से कांवड़िए हरिद्वार से गंगा जल भरकर ले जाते हैं और उससे शिवरात्रि के अवसर पर अपने गांवों और घरों के शिवालयों में भगवान शिव का अभिषेक करते हैं। हर की पैड़ी सहित हरिद्वार के विभिन्न घाटों पर सुबह से ही बड़ी संख्या में कांवड़िए स्नान करते और गंगा जल भरते दिखे जिससे वहां का नजारा केसरिया रंग में रंगा हुआ नजर आ रहा है । कांवड़ मेले की तैयारियों को परखने हरिद्वार पहुंचे पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दीपम सेठ द्वारा हर की पैड़ी पर मां गंगा का पूजन कर सकुशल मेला सम्पन्न कराए जाने हेतु मां गंगा का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उनके साथ पुलिस महानिरीक्षक अपराध एवं कानून व्यवस्था नीलेश आनंद भरणे, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र सिंह डोबाल सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

डीजीपी सेठ ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से कांवड़ यात्रा सकुशल आयोजित कराने के लिए पुलिस, अर्धसैनिक बल, जल पुलिस, अभिसूचना, विशेष कार्यबल, राज्य आपदा प्रतिवादन बल, पीएसी और आतंकवाद निरोधी दल के 7000 से अधिक कार्मिकों को तैनात किया गया है। मेला क्षेत्र को 16 सुपर जोन, 37 जोन और 134 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। ड्रोन, सीसीटीवी और सोशल मीडिया की निगरानी के जरिए हर संदिग्ध गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है। वहीं, पिछले कुछ वर्षों में गंगा जल भरने वाले शिवभक्त कांवड़ियों की संख्या बढ़ती जा रही है। पिछले साल कांवड़ यात्रा में चार करोड़ से अधिक कांवड़िए हरिद्वार और ऋषिकेश पहुंचे थे। प्रशासनिक सूत्रों ने बताया कि इस बार करीब छह-सात करोड़ कांवड़ियों के आने की उम्मीद है।



हरिद्वार में गंगा पूजन करते डीजीपी दीपम सेठ, डीएम व एसएसपी के साथ पुलिस अधिकारी।

# ग्राम प्रधान की 57 सीटों के लिए 250 प्रत्याशी चुनाव मैदान में

- 40 बीडीसी सीटों के लिए 165 प्रत्याशी मैदान में

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** त्रिस्तरीय चुनाव के नाम वापसी के प्रथम दिन कई प्रत्याशियों ने अपना नाम वापस लिया। इस दौरान ब्लाक परिसर पर दिनभर गहमा-गहमी का माहौल बना रहा। नाम वापसी के प्रथम दिन ग्राम पंचायत सदस्य के 633 सीटों के लिए हुए 581 नामांकन में से 8 नामांकन वापस लिया है जिसमें से 354 निर्विरोध चुने गए हैं बाकी 219 के बीच चुनाव होना है।

वहीं ग्राम प्रधान पद की 59 सीटों में 275 नामांकन हुए थे जिसमें से 23 नामांकन वापस हुए और दो प्रत्याशी निर्विरोध चुने गए अब प्रधान पद के 57 सीटों के लिए 250 प्रत्याशियों के बीच चुनाव होना हैं। वहीं बीडीसी की 40 सीटों के लिए 176 नामांकन हुए थे जिसमें से 11 वापस हुए अब 165 प्रत्याशी मैदान में है। बीडीओ धर्मेन्द्र कन्याल ने बताया कि नाम वापसी के प्रथम दिन 42 लोगों ने नाम वापिस किया। नाम वापसी के बाद फिर 14 जुलाई को चुनाव चिन्ह आवंटित होंगे। एडीओ पंचायत शबनम कुरैशी ने बताया कि आज नाम वापसी का अंतिम दिन है। ग्राम पंचायत सदस्य व ग्राम प्रधान व बीडीसी के कुल 1032 प्रत्याशियों में से 42 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन वापस लिया है।



मेयर और भाजपा के अन्य पदाधिकारियों के सम्मुख भाजपा की सदस्यता लेतीं मंजू।

## ग्राम पंचायत फिरोजपुर से निर्विरोध प्रधान भाजपा में शामिल

**काशीपुर :** ग्राम पंचायत फिरोजपुर से निर्विरोध ग्राम प्रधान बनने पर मंजू ने अपने दर्जनों समर्थकों के साथ निगम कार्यालय में पहुंचकर महापौर दीपक बाली की मौजूदगी में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। इस दौरान भाजपा के काशीपुर विधानसभा के पंचायत चुनाव प्रभारी विवेक सक्सेना, जिलाध्यक्ष मनोज पाल, मंडल अध्यक्ष मानवेंद्र मानस, मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह, मंडल अध्यक्ष बृजेश पाल, मंडल अध्यक्ष कल्पना राणा, गगन काम्बोज, जसवीर सिंह सैनी, चौधरी समरपाल सिंह समेत अनेक भाजपा कार्यकर्ता और नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान के दर्जनों समर्थक मौजूद रहे। महापौर दीपक बाली सहित सभी ने मंजू को निर्विरोध चुने जाने पर हार्दिक शुभकामनाएं दी और भाजपा में शामिल होने पर उनका स्वागत किया।

# अपंजीकृत नशामुक्ति केंद्र बंद होंगे: कुमार

- स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने दिए बैठक में निर्देश

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, डॉ. आर. राजेश कुमार ने शुक्रवार को सचिवालय में राज्य मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण की बैठक में प्रदेश के सभी नशा मुक्ति केंद्रों की स्थिति, पंजीकरण, मानकों की पूर्ति और निरीक्षण की प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा की।

सचिव स्वास्थ्य ने निर्देश दिए कि मानसिक स्वास्थ्य देखरेख अधिनियम 2017 के तहत सभी जिलों में जिलास्तरीय निरीक्षण टीमें अविलंब गठित की जाएं। इन टीमों द्वारा प्रत्येक नशा मुक्ति केंद्र की गहन जांच की जाएगी। जो संस्थान निर्धारित मानकों को पूरा नहीं करते या बिना पंजीकरण के कार्यरत हैं, उन्हें चिन्हित कर आर्थिक दंड और तत्काल बंदी की कार्रवाई की जाएगी।

स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार प्रदेश को नशे की प्रवृत्तियों से मुक्त करने के लिए कटिबद्ध है। नशा मुक्त उत्तराखंड केवल एक सरकारी अभियान नहीं, बल्कि एक जन आंदोलन का रूप ले रहा है, जिसमें समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

डॉ. कुमार ने सख्त शब्दों में कहा कि प्रदेश में किसी भी अवैध और अपंजीकृत नशा मुक्ति केंद्र को संचालित नहीं होने दिया जाएगा। मानसिक स्वास्थ्य और पुनर्वास सेवाओं की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं करेंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि मानसिक स्वास्थ्य देखरेख अधिनियम के अनुसार केवल उन्हीं संस्थानों को कार्य करने की अनुमति दी जाए जो न्यूनतम मानकों को पूर्ण करते हैं।

डॉ. कुमार ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राधिकरण को और अधिक सशक्त, पारदर्शी और उत्तरदायी बनाया जाए, जिससे मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं में विश्वसनीयता और परिणाम सुनिश्चित किए जा सके। बैठक में महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ. सुनीता टम्टा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शिखा जंगपांगी, संयुक्त निदेशक डॉ. सुमित बरमन, सहायक निदेशक डॉ. पंकज सिंह सहित प्राधिकरण और समिति के सदस्य मौजूद रहे।



देहरादून में बैठक लेते सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, डॉ. आर.राजेश कुमार।

## वारंटी घर से गिरफ्तार

**नैनीताल:** फरार चल रहे वारंटियों एवं वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत तल्लीताल पुलिस ने सफलता प्राप्त की है। एसपी अपराध एवं यातायात डॉ. जगदीश चंद्रा के दिशा-निर्देशन और थानाध्यक्ष तल्लीताल रमेश बोहरा के नेतृत्व में वारंटी श्यामलाल पुत्र दानीराम, निवासी सूर्यागांव दोगड़ा, ज्योलीकोट को गिरफ्तार किया गया। आरोपी पिछले लंबे समय से फरार चल रहा था। टीम ने आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार किया। टीम में ज्योलीकोट चौकी इंचार्ज श्याम सिंह बोरा, कांस्टेबल धर्मेंद्र साहनी, दीपक जोशी शामिल रहे।

## देसी शराब के 144 पव्वे बरामद

भवाली : पंचायती चुनाव की दृष्टिगत की जा रही संघन चेकिंग अभियान के दौरान भौरिया बैंड के समीप विनोद कुमार पुत्र पनी राम निवासी गंगोरी सुयालबाड़ी के कब्जे से 144 पव्वै देसी मसालेदार शराब बरामद की गई। आरोपी के विरुद्ध धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई। पुलिस अवैध रूप से शराब ले जाने वालों पर सतर्क दृष्टि रख रही है।

# नकली सिगरेट की 22100 डिब्बियां बरामद

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** स्मोकिंग करने वालों के लिए यह चेतावनी है कि अब सिगरेट नकली होने के साथ-साथ और भी जहरीली हो गई है। स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने राजधानी के दर्शनी गेट इलाके में एक गोदाम पर छापा मारकर ब्रांडेड कम्पनी की नकली सिगरेटों का जखीरा बरामद किया है।

एसएसपी एसटीएफ नवनीत सिंह ने शुक्रवार को बताया कि, एसटीएफ देहरादून को आईटीसी कंपनी द्वारा अधिकृत लान्सर नेटवर्क कम्पनी के मैनेजर ने सूचना दी थी कि देहरादून के कुछ सिगरेट, तम्बाकू एवं अन्य प्रोडक्ट के व्यापारियों द्वारा गोल्ड फ्लैक एवं अन्य ब्रांडेड कम्पनियों की नकली छोटी व बड़ी सिगरेटों को अवैध रूप से विक्रय किया जा रहा है, जिनके गोदामों पर नकली सिगरेटों की खेप मिल सकती है। इस पर एसएसपी के आदेशानुसार पुलिस उपाधीक्षक अंकुश मिश्रा के निर्देशन में टीम का गठन किया गया। टीम ने दर्शनी गेट स्थित निशांत ट्रेडर्स के गोदाम पर छापा मारा जहां से नकली सिगरेट की 22100 डिब्बियां बरामद हुईं। इनके पैकेटों पर गोल्ड फ्लैक लिखा मिला, जिनको कम्पनी के प्रतिनिधि द्वारा जांचा गया तो उक्त गोल्ड फ्लैक नकली होना पाया गया। सिगरेट के डिब्बों पर लिखी इबारत भी नकली मिली, जिसे असली मार्का से कॉपी कर असली बताकर बाजार में बिक्री की जा रही थी। एसएसपी के अनुसार, सभी सिगरेट सील कर आरोपी निशान्त के खिलाफ कापी राइट एवं बीएनएस की उचित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया गया है।



एसटीएफ द्वारा बरामद किया गया नकली सिगरेट का जखीरा।

## मुजफ्फरनगर और दिल्ली से जुड़े तार

एसएसपी के अनुसार, प्रारंभिक जांच में सामने आया कि इन नकली सिगरेटों को बिना किसी वैधानिक अनुमति और कर अदायगी के तैयार कर स्थानीय बाजारों सहित अन्य राज्यों में सप्लाई किया जा रहा था। यह नकली सिगरेट विक्रेता व्यापारियों का गिरोह है, जिनका सम्बन्ध मुजफ्फरनगर व दिल्ली से है, जो लोग मुख्य रूप से उत्तराखंड राज्य में सप्लाई करते हैं। उत्तराखंड में निशान्त जैसे अन्य थोक विक्रेता उक्त व्यक्तियों से नकली सिगरेट को सस्ते दामों में लेकर असली के रूप में फुटकर विक्रेताओं को उचित दामों में बेचते हैं, जिसका लेन-देन बैंक के बजाय नकद किया जाता है। इस प्रकरण में सरकार को लाखों रुपये की कर चोरी की चोट पहुंचायी जा रही थीं।

## बारकोड, लोगो और चेतावनी भी नकली

सिगरेट के पैकेट्स पर जाली बारकोड, ब्रांड लोगो और स्वास्थ्य चेतावनी की भी नकल की गई थी। यह पूरा नेटवर्क संगठित ढंग से चलाया जा रहा है। एसटीएफ द्वारा पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ जारी है और पूरे नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने हेतु अन्य स्थानों पर भी छापेमारी की जा रही है। यह भी संदेह है कि इस गिरोह के तार अन्य राज्यों अथवा अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक जुड़े हो सकते हैं।

## मुख्यमंत्री धामी ने की कलश यात्रा रवाना

**देहरादून, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सीएम आवास से उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जनपद में भगवान सूर्य की मूर्ति के जलाभिषेक के लिए कलश यात्रा का फ्लैग ऑफ किया। कुशीनगर में सूर्य की मूर्ति के जलाभिषेक के लिए देश से लगभग 151 पवित्र नदियों का जल एकत्र किया जा रहा है। इसी क्रम में देवभूमि उत्तराखंड की पवित्र नदियों से एकत्रित जल की कलश यात्रा को मुख्यमंत्री ने रवाना किया। इस दौरान, महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी संतोषानंद देव, पूर्वांचल महोत्सव समिति अध्यक्ष विनय राय और समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# सभी को साथ ले विकास कर रहे महापौर: पूर्व विधायक अग्रवाल

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** पूर्व विधायक राजीव अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान दौर में जब काशीपुर विकास के क्षेत्र में काफी पिछड़ गया था ऐसे में काशीपुर को मेयर के रूप में दीपक बाली जैसे ईमानदार और विकास के मामले में दूरदर्शी सोच रखने वाले युवा नेता की ही जरूरत थी। वे अल्प समय में ही जनता की उम्मीदों का दीपक बनकर उभरे हैं।

शुक्रवार को पूर्व विधायक राजीव अग्रवाल नगर निगम महापौर कार्यालय पहुंचे। उन्हें वहां लोगों की भीड़ दिखाई दी। अग्रवाल ने आश्चर्य जताया कि महापौर बाली के कार्यालय में आने वाली जनता नगर निगम से संबंधित कार्यों के लिए कम बल्कि अन्य विभागों के कार्यों के लिए अधिक आ रही है और बाली भी तत्काल पीड़ितों के सामने ही संबंधित अधिकारियों को फोन कर उनकी समस्या का समाधान करा रहे हैं।



काशीपुर में मेयर कार्यालय में महापौर के साथ मौजूद पूर्व विधायक राजीव अग्रवाल।

## वर्ग पहेली-29

**बाएं से दाएं**

1.1. जर्मनी का एक प्रसिद्ध राजनीतिक दल जिसका पराभव द्वितीय विश्वयुद्ध में हुआ 2. उक्त दल का सदस्य।

2.1. हंसने का उपक्रम 2. हंसने का तरीका।

7. जो जनता के लिए उपयोगी या हितकर हो (बात या काम)।

10.1. जो सुलझी न हो, जो सुलझाई न जा सकी हो, उलझी हुई 2. जिस समस्या का समाधान न किया गया हो उसका विशेषण।

**ऊपर से नीचे**

3. सहयोग या सहायता करने वाला व्यक्ति।


4.1. खोटे या दुष्ट होने की अवस्था

5. रोला छंद का एक नाम।

6. पाश्चात्य चिकित्सा प्रणाली या पद्धति अर्थात एलोपैथी द्वारा उपचार करने वाला डॉक्टर।

8.1. बहुत अधिक थका हुआ, शिथिल, थका-मांदा, अशक्त 2. जो असफल होने पर उत्साह रहित हो गया हो, पस्त।

9.1. उतनी मात्रा जितना एक बार में पेरने या पीसने के लिए चक्की में डाला जाए 2. उतना अंश जितना एक बार में बनाया या पकाया जाए 3. कठोर प्रहार, चोट।





## वर्ग पहेली -28 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 च | 2 ना | | 3 उ | | | 4 अ |
| | 5 सा | गू | दा | ना | | फ़ |
| | ज़ | | री | | | सो |
| | | 6 चो | क | | | स |
| | 7 खँ | खा | र | | | ज |
| | | | ण | | | न |
| 8 झाँ | झ | न | | 9 पो | त | क |

## सुडोकू -36

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 7 | | 4 | | 1 |
| 3 | | | | 6 | 5 | 7 | | |
| | 7 | | 4 | | | | 8 | |
| 6 | | | 7 | | 3 | | | 8 |
| | 1 | | | | | | 9 | |
| 5 | | | 1 | | 8 | | | 2 |
| | 9 | | | | 4 | | 7 | |
| | | 3 | 2 | 8 | | | | 4 |
| 8 | | 4 | | 1 | | | 3 | |

## सुडोकू - 35 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 3 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 4 | 6 | 1 | 9 | 5 | 2 |
| 6 | 2 | 4 | 5 | 8 | 9 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 |
| 2 | 5 | 7 | 9 | 1 | 3 | 8 | 6 | 4 |
| 4 | 6 | 9 | 8 | 7 | 5 | 2 | 1 | 3 |
| 8 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 7 | 2 | 9 |
| 3 | 7 | 2 | 1 | 9 | 8 | 6 | 4 | 5 |
| 9 | 4 | 6 | 7 | 5 | 2 | 1 | 3 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 12 जुलाई, शनिवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, द्वितीया-13 जुलाई 01.46 तक तत्पश्चात तृतीया।

## आज का पंचांग





दिशाशूल- पूर्व, ऋतु- वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराषाढ़ा 06.36 तक तत्पश्चात श्रवण।

**मेष** — आज कार्यक्षेत्र का वातावरण अनुकूल रहेगा। आप सामाजिक कार्यों में रुचि लेंगे। अधिकारी वर्ग आपसे अत्यंत प्रसन्न रहेगा। परिवार के बड़े-बुजुर्गों का सानिध्य प्राप्त होगा। पैतृक संपदा प्राप्त होने के योग बन रहे हैं।

**वृष** — आज स्वास्थ्य को लेकर समस्या दूर होगी। अधीनस्थ कर्मचारी आपसे अत्यंत प्रसंन रहेंगे। समस्याओं से मुक्ति मिलेगी। घर में अतिथियों का आगमन हो सकता है। रुके हुए कार्यों को पूर्ण करने का दबाव रहेगा। उच्च दार्शनिक विषयों के प्रति आकर्षित रहेंगे।

**मिथुन** — आज का दिन कुछ निराशाजनक हो सकता है। वर्तमान मौसम में परिवर्तन के कारण सर्दी-खांसी की समस्या होने की आशंका है। स्वास्थ्य को लेकर थोड़े चिन्तित रहेंगे। महिलाओं को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। क्रोधी व्यवहार के कारण आपकी छवि होने की आशंका है।

**कर्क** — आज नया काम आरम्भ करने के लिए दिन बहुत अच्छा है। दोपहर के समय शुभ समाचार मिल सकते हैं। पूरी मेहनत से आप अपने काम के प्रति समर्पित रहेंगे। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर अत्यंत सक्रिय रहेंगे। पार्टनरशिप को लेकर चली आ रही दुविधा समाप्त होगी।

**सिंह** — आज जीवनसाथी से मानसिक सहयोग प्राप्त होगा। प्रभावशाली लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। विरोधी आपके विरुद्ध दुष्प्रचार कर सकते हैं। बच्चों के साथ समय बिताने से आपका मन प्रसन्न होगा। प्रेमी जन के साथ डेट पर जा सकते हैं।

**कन्या** — आज परिस्थितियां आपके लिए शानदार रहने वाली हैं। बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। घर में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। रचनात्मक कार्यों में आपका मन लगेगा। अचल संपत्ति को लेकर विवाद शांत हो सकते हैं।

**तुला** — आज शीघ्रता और भावुकता में लिए गए निर्णय आपको समस्या में डाल सकते हैं। भाइयों के साथ आपके संबंध मधुर रहेंगे। वाहन का प्रयोग सावधानीपूर्वक करें। मन में कुछ बड़ा करने की योजना होगी। अपनी कमियों में सुधार करें। बच्चों के लिए शॉपिंग कर सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज दिन उमंग और उत्साह से भरपूर रहेगा। धन के कारण जो काम लंबित थे वे आज पुन: प्रारम्भ होने की संभावना है। परिवार के सदस्य आपसे अत्यंत प्रसन्न रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों की प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नव विवाहित जोड़े यात्रा के लिए जा सकते हैं।

**धनु** — आज आपकी पाचन क्रिया थोड़ी कमजोर हो सकती है। किसी को उधार धन देने से पहले पेपरवर्क अवश्य कर लें। आय के स्रोतों में कमी आ सकती है। जीवनसाथी का अच्छा सहयोग प्राप्त होगा। पुण्य कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं।

**मकर** — आज कार्यक्षेत्र में आपकी कार्यशैली की प्रशंसा होगी। प्रतियोगी परीक्षा में आपको बड़ी सफलता मिल सकती है। थोक व्यापारियों के कारोबार में वृद्धि होगी। अध्यात्म में आप अत्यंत रुचि ले सकते हैं। आज प्रियजनों के साथ अच्छा समय बितायेंगे।

**कुंभ** — आज अपनी योजनाओं को गुप्त रखें। मांसपेशियों में जकड़न की समस्या हो सकती है। धैर्य बनाकर रखें और प्रयास करते रहें। क्योंकि आपके काम देरी से ही सही पर पूर्ण अवश्य होंगे। घर के किसी अविवाहित सदस्य के विवाह की चिंता होने की संभावना है।

**मीन** — आज समाज के प्रभावशाली लोगों में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कारोबार में आपकी आय बढ़ेगी। प्रेमी जन के साथ आप समय बिताना पसंद करेंगे। रुके हुए काम आज करने का मन बनायेंगे। आज आप घर पर बहुत अच्छा समय बितायेंगे।

### पिछले पांच माह से हार्निया से पीड़ित था मरीज, मेडिकल कॉलेज के अधीन बेस में किया था मरीज को भर्ती

# लैप्रोस्कोपिक विधि से हार्निया का पहला ऑपरेशन

संवाददाता, अल्मोड़ा


बेस अस्पताल में मरीज के हार्निया का लैप्रोस्कोपिक विधि से ऑपरेशन करते डॉक्टर्स।

**अमृत विचार:** पांच माह से हार्निया से पीड़ित मरीज का शुक्रवार को बेस अस्पताल में दूरबीन (लैप्रोस्कोपिक) विधि से सफल ऑपरेशन किया गया। डॉक्टरों के अनुसार जिले में लैप्रोस्कोपिक विधि से हार्निया का यह पहला ऑपरेशन है। अब आगे भी मरीजों के इस विधि से ऑपरेशन किए जाएंगे।

मेडिकल कॉलेज के मुताबिक, खैरना गरमपानी निवासी 40 वर्षीय व्यक्ति को पिछले पांच माह से हार्निया की दिक्कत थी। बीते गुरुवार को मरीज को मेडिकल कॉलेज के अधीन बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया। शुक्रवार को सर्जरी विभाग की ओर से मरीज की लैप्रोस्कोपिक हार्निया सर्जरी (ट्रांस एब्डॉमिनल प्री-पेरिटोनियल रिपेयर सर्जरी) की गई। डॉक्टरों ने बताया कि ऑपरेशन के बाद अब मरीज की हालत ठीक है। डॉक्टरों की टीम में सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश चौहान, डॉ. निशांत बिष्ट, डॉ. रुद्रा शंकर, डॉ. रवि कुमार, एनेस्थीशिया विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. उर्मिला पलड़िया, डॉ. स्वरूप, डॉ. करनजोत, रजत, हिमानी आदि रही।

> मरीज पांच महीने से हार्निया की समस्या से पीड़ित था। शुक्रवार को लैप्रोस्कोपिक हार्निया सर्जरी की गई। इस तरह की अल्मोड़ा जनपद में यह पहली सर्जरी है। मरीज की हालत अब ठीक है। -**डॉ. निशांत**, सर्जरी विभाग मेडिकल कॉलेज

वहीं, ऑपरेशन की सफलता पर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सीपी भैसोड़ा, एमएस डॉ. अमित, नोडल अधिकारी डॉ. अनिल पांडेय आदि ने पूरे स्टाफ को बधाई दी और आने वाले समय में जटिल ऑपरेशनों के लिए प्रोत्साहित भी किया।

## मारपीट के आरोपी पर कार्रवाई की मांग

**बनबसा, अमृत विचार :** बनबसा निवासी एक युवक ने थाने में तहरीर देकर उसके साथ मारपीट के आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। स्थानीय निवासी प्रकाश ज्याला ने तहरीर में कहा कि महेंद्र नगर नेपाल निवासी युवक पर मारपीट व गलत टिप्पणी करने का आरोप लगाया है।

उन्होंने कहा कि जब मैंने हरीश भट्ट को रोकने की कोशिश की तो उसने मुझ पे धारदार हथियार से हमला कर दिया जिसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उसे रोका गया। उन्होंने हरीश भट्ट पर आए दिन वसूली को लेकर भारतीय लोगों के साथ गलत टिप्पणी करने का आरोप लगाकर उचित कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष सुरेन्द्र कोरंगा ने बताया कि मामला दूसरे देश से जुड़े व्यक्ति के विरुद्ध है, जांच कर उचित कार्रवाई की जायेगी।

# महिला से मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, पिथौरागढ़

**अमृत विचार :** एक महिला से मारपीट व बाइक सवार को जान से मारने का प्रयास करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सूरज सिंह द्वारा थाना जाजरदेवल में तहरीर देते हुए बताया कि वह नौ जुलाई को अपने घर भड़कटिया जा रहे थे। तभी आर्मी सेना पुलिस कंट्रोल रूम के पास उन्होंने देखा कि एक कमांडर जीप चालक एक महिला के साथ मारपीट कर रहा है।

महिला के शोर मचाने पर उनके द्वारा हस्तक्षेप कर चालक को समझाया गया, जिसके बाद चालक वहां से चला गया। वह महिला को उसकी सुरक्षा हेतु मोटरसाइकिल में बैठाकर उसके घर छोड़ने के लिए जा रहे थे, तभी जीप चालक ने पीछा करते हुए बाइक को पीछे से टक्कर मार दी और जान से मारने की नीयत से दोबारा टक्कर मारी। इस दौरान वह किसी प्रकार अपनी जान बचाकर भागे।

मौजूद आर्मी जवानों ने दोनों को मिलिट्री हॉस्पिटल पहुंचाया। तहरीर के आधार पर थाना जाजरदेवल में आरोपी के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। थानाध्यक्ष मनोज पांडेय एवं चौकी प्रभारी वड्डा उप निरीक्षक आशीष रावत के नेतृत्व में टीम ने आरोपी भगवान सिंह, निवासी मड़मानले, हाल जाजरदेवल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया।

# निर्वाचन में पारदर्शिता व निष्पक्षता सबसे बड़ी जिम्मेदारी: जिलाधिकारी

### गौरलचौड़ मैदान चम्पावत के ऑडिटोरियम में हुआ अधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न

संवाददाता, टनकपुर/चम्पावत


चम्पावत में मत पेटी का निरीक्षण करते जिलाधिकारी मनीष कुमार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** आगामी त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारी प्रथम के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को गौरलचौड़ मैदान चम्पावत के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को मतदान की प्रक्रिया, आचार संहिता, मतगणना और आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने जैसे विषयों पर जानकारी दी गई।

जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) मनीष कुमार ने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि चुनाव जैसे संवेदनशील कार्य में निष्पक्षता, पारदर्शिता और समयबद्धता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि चुनाव कार्य में लापरवाही अथवा गलती क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने सभी कार्मिकों से प्रशिक्षण में बताई गई बातों को गंभीरता से समझने और पालन करने को कहा।

डीएम ने मतदान प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की, विशेष रूप से वर्षा ऋतु में सावधानियों, मतपेटियों की सुरक्षा और सामग्री प्रबंधन पर भी जोर दिया। उन्होंने प्रशिक्षण सत्र के दौरान मतपेटियों से संबंधित अभ्यास का स्वयं निरीक्षण किया और उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक व्यवहारिक दिशा-निर्देश भी दिए।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर जीवन कलोनी, एम.पी. जोशी व पी.एस. उपाध्याय द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि मतपत्रों की पहचान और मतगणना में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए पदों के अनुसार भिन्न-भिन्न रंगों के मतपत्र प्रयोग किए जाएंगे।ग्राम पंचायत सदस्य में सफेद, प्रधान में हरा,क्षेत्र पंचायत सदस्य में नीला और जिला पंचायत सदस्य में गुलाबी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम सहित अन्य मौजूद रहे।

## भीमपुरी-उदयपुरी में सांड का आतंक

**कालाढूंगी, अमृत विचार :** ग्राम सभा भीमपुरी-उदयपुरी में एक आवारा सांड का आतंक बढ़ता जा रहा है।सांड ने पूर्व सूबेदार राजेंद्र सिंह के घर में घुसकर अचानक उन पर जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना में उन्हें गहरी चोटें आई हैं।

इससे पूर्व इंस्पेक्टर दीवानी राम टम्टा को टहलते समय अचानक सांड ने उन पर भी हमला कर दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। ग्रामीणों का कहना है कि यह सांड पहले भी कई लोगों पर हमला कर चुका है। निवर्तमान ग्राम प्रधान अनिल चन्याल ने वन विभाग से सांड को पकड़ने की मांग की है।

## मलबे में दबने से महिला की मौत

**देहरादून :** उत्तरकाशी जिले में शुक्रवार को पहाड़ी से पत्थर-मलबा गिरने से एक महिला की दबकर मौत हो गयी। बड़कोट थानाध्यक्ष दीपक कठैत ने बताया कि हादसा सुबह करीब दस बजे उस समय हुआ जब तुनालका गांव की रहने वाली लज्जा देवी (57) पास के जंगल से घास लेने गयी थी और इसी दौरान पहाड़ी से पत्थर-मलबा गिरने लगा। उन्होंने बताया कि देवी की मलबे के नीचे दबकर मौके पर ही मौत हो गयी।

# विश्व प्रसिद्ध जागेश्वर धाम में 16 जुलाई से शुरू होगा श्रावणी मेला


जागेश्वर में श्रावणी मेले की तैयारियों को लेकर अधिकारियों, मंदिर समिति और ग्रामीणों को दिशा-निर्देश देते डीएम।

संवाददाता, अल्मोड़ा

- **जिलाधिकारी ने अधिकारियों और मंदिर समिति की ली बैठक**
- **मेले के दौरान व्यवस्थाएं दुरस्त करने के दिए निर्देश**

**अमृत विचार :** विश्व प्रसिद्ध जागेश्वर धाम में श्रावणी मेले को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। शुक्रवार को डीएम आलोक कुमार पांडेय ने अधिकारियों, मंदिर समिति और स्थानीय ग्रामीणों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने मेले का आयोजन पूर्णतः नियम-कानूनों के अंतर्गत, पारदर्शिता और समन्वय के साथ किया जाए के निर्देश दिए। जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

जागेश्वर धाम में आगामी 16 जुलाई से शुरू श्रावणी मेले का शुभारंभ होगा। इस मौके पर डीएम ने बताया कि मेले के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री की उपस्थिति प्रस्तावित है। जिसके दृष्टिगत संपूर्ण व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया जाना आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि दुकान आवंटन की प्रक्रिया पूर्णतः निष्पक्ष और पारदर्शी होनी चाहिए। डीएम ने श्रद्धालुओं की अनुमानित संख्या को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा, चिकित्सा, विद्युत, जल, स्वच्छता, यातायात एवं ठहराव जैसी सभी मूलभूत सुविधाओं की ठोस व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मेले से पूर्व समस्त मार्गों की स्थिति दुरुस्त करने तथा वृद्ध जागेश्वर मार्ग पर विशेष ध्यान देने, सोलर लाइट्स एवं स्ट्रीट लाइट्स की मरम्मत सुनिश्चित करने, पर्याप्त पेयजल आपूर्ति, वाटर एटीएम की व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। इसके अलावा पर्यटन विभाग को आरतोला स्थित पार्किंग की निगरानी सुनिश्चित करने को के निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम सदर संजय कुमार, तहसीलदार बरखा जलाल, लोनिवि ईई विभोर गुप्ता, उप खंड शिक्षा अधिकारी दीक्षा बेलवाल, वीथिका सहायक जनमेजय तिवारी, मंदिर समिति सदस्य आदि मौजूद रहे।


कैलाश मानसरोवर यात्रा के दूसरे दल के सदस्यों का मेडिकल चेकअप करते डाक्टर्स।

## गुंजी पहुंचा कैलाश मानसरोवर का दूसरा दल

**पिथौरागढ़, अमृत विचार :** कैलाश मानसरोवर यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं का दूसरा दल सीमांत क्षेत्र गुंजी पहुंचा, जहां स्थानीय लोगों ने पारंपरिक तरीके से उनका भव्य स्वागत किया। शुक्रवार को आईटीबीपी की ओर से यात्रियों का मेडिकल चेकअप किया गया, जिसमें स्वास्थ्य से संबंधित सभी पहलुओं की जांच की गई ताकि आगे की यात्रा सुरक्षित और सुगम हो सके। मेडिकल जांच के बाद स्थानीय जनता द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पारंपरिक गीतों, वाद्य यंत्रों और लोकनृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियों ने यात्रियों को स्थानीय संस्कृति से परिचित कराया। इन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने न केवल उनका मनोबल बढ़ाया, बल्कि उन्हें मानसिक और भावनात्मक रूप से भी यात्रा के लिए प्रेरित किया। स्थानीय प्रशासन द्वारा ठहरने और भोजन की उचित व्यवस्था की गई थी।

## जनसंख्या दिवस पर चलाया अभियान

**टनकपुर, अमृत विचार:** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चम्पावत के सचिव भवदीप रावते सिविल जज सीनियर डिवीजन के निर्देशन में विश्व जनसंख्या दिवस पर टनकपुर के जीजीआईसी में प्रधानाचार्य विनीता जोशी की अध्यक्षता में विद्यालय परिवार के साथ अधिकार मित्र अजय गुरूरानी, किरन गहतोड़ी व बबीता पुनेठा द्वारा साक्षरता कार्यक्रम आयोजित की गई।

इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्य व स्वरूप की जानकारी, जैनेटिक व ब्रांडेड दवाओं, बढ़ती हुई जनसंख्या के प्रभाव एवं दुष्परिणामों के प्रति छात्राओं को जागरूक किया गया। इस दौरान योग ग्राम परिसर में योग ग्राम परिवार के साथ पौधरोपण किया गया। साथ ही योग परिवार को पर्यावरण एवं एक वृक्ष मां के नाम लगाने के लिए संकल्पित किया गया।

# छात्राओं ने सीखे रोबोटिक्स के गुर


मानसखंड विज्ञान केंद्र में आयोजित कार्यशाला में मौजूद छात्राओं को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

- **मानसखंड साइंस सेंटर में हुई एक दिवसीय कार्यशाला**
- **जलवायु परिवर्तन गैलरी, तारामंडल का भी कराया भ्रमण**

**अमृत विचार:** मानसखंड साइंस सेंटर में टिंकरिंग कार्यशाला आयोजित हुई। यहां छात्राओं को रोबोटिक्स, कोडिंग और नवाचार के गुर सिखाए गए। छात्राओं ने फन साइंस गैलरी, जलवायु परिवर्तन गैलरी, पारंपरिक चिकित्सा दीर्घा और तारामंडल का भ्रमण भी किया।

कार्यशाला में जिला आयुर्वेदिक व यूनानी अधिकारी डॉ. मोहम्मद शाहिद ने आयुर्वेद और पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों की वैज्ञानिक उपयोगिता की जानकारी दी। केंद्र के प्रभारी डॉ. नवीन चंद्र जोशी ने विज्ञान और तकनीक को कल्पनाओं को साकार करने का माध्यम बताया। एमेरिटस वैज्ञानिक डॉ. एसएस सामंत ने बताया कि वैज्ञानिक शोध के माध्यम से औषधीय पौधों का संरक्षण और सतत उपयोग संभव है। इसके अलावा छात्राओं ने ऑब्जेक्ट फॉलोवर और कलर सॉर्टर, लाइन फॉलोवर जैसे स्मार्ट रोबोट्स का निर्माण कर सेंसर तकनीक और कोडिंग जैसे तकनीकी विषयों को सीखा। यहां प्रदीप तिवारी, भाष्कर देवड़ी, संजय कनवाल, शिवम पंत, तमन्ना, मनीष, पारस आदि रहे।

# रितिका दिल्ली फ्रेंच दूतावास में सम्मानित

संवाददाता, रानीखेत



**अमृत विचार :** आईएफआईवीआई (यानिकी इंटरनेशनल फ्रांस वॉलियंटर्स इन इंडिया) परियोजना के तहत, सर्विस सिविक की पूर्णता के बाद फ्रांस से भारत लौटी। उत्तराखंड के रानीखेत निवासी फ्रांस वॉलियंटर्स बेटी रीतिका को नई दिल्ली स्थित फ्रेंच दूतावास में आयोजित समापन समारोह में सम्मानित किया गया। बतौर मुख्य अतिथि भारत में फ्रांस राजदूत थिएरी माथू और कार्यकारी निदेशक यान डेलुनाय ने रितिका सहित देश के अन्य प्रांतों से आए फ्रांस वॉलियंटर्स को बीती सात जुलाई सोमवार को प्रमाण पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर रात्रि भोज का भी आयोजन हुआ। इस दौरान वॉलेंटियर्स ने अपने अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में गणमान्य नागरिकों सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

मालूम हो कि रानीखेत निवासी पिता गिरीश चंद्र पांडे तथा आईसीडीएस से सेवानिवृत्त सीडीपीओ नीरु पांडे की बेटी रितिका पांडे को फ्रांस सरकार द्वारा आईएफआईवीआई मिशन के तहत पूर्ण वित्तीय सहायता के साथ सितंबर 2024 से मार्च 2025 सात माह तक के लिए फ्रांस वॉलेंटियर के रूप में चुना गया। इस दौरान रितिका ने फ्रांस के ऑक अंतर्गत गेर्स स्थित प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में बतौर वोलिंटियर प्रतिभाग किया था।

# एसएसपी ने कराई साप्ताहिक परेड


अल्मोड़ा पुलिस लाइन में जवानों के साथ दौड़ लगाते एसएसपी देवेंद्र पींचा। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

- **साप्ताहिक परेड के दौरान जवानों को स्वस्थ रहने के दिए टिप्स**
- **पुलिस लाइन में निर्माणाधीन कार्यों के बारे में भी ली जानकारी**

**अमृत विचार:** एसएसपी देवेंद्र पींचा ने शुक्रवार सुबह पुलिस लाइन पहुंचकर साप्ताहिक परेड में जवानों के साथ दौड़ लगाई। इस दौरान उन्होंने आपदा उपकरणों की जांच की। सीएफओ ने उपकरणों को डेमो दिखाकर संचालन की जानकारी दी।

इस मौके पर एसएसपी ने परेड का निरीक्षण किया और पुलिस बल के साथ स्वयं भी दौड़ लगाकर अच्छी फिटनेस के लिये प्रेरित किया। परेड के दौरान दौड़, तेज चाल से मंच से गुजरना, ड्रिल, शस्त्राभ्यास, स्क्वाड ड्रिल आदि का भी अभ्यास कराया गया। परेड के बाद एसएसपी ने पुलिस लाईन का निरीक्षण कर प्रगतिशील निर्माण कार्यों के संबंध में से जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। यहां यहां सीओ जीडी जोशी, सीओ संचार राजीव कुमार टम्टा, महिला थाना प्रभारी जानकी भण्डारी, प्रतिसार निरीक्षक उमाशंकर पांडे, पीआरओ मदन मोहन जोशी आदि मौजूद रहे।

# सूर्यास्त के बाद निगम डिपो से लकड़ी ले जाने पर रोक

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** वन निगम के जीएम डॉ. धीरज पांडे ने निगम के लकड़ी डिपो के अधिकारियों को सूर्य उदय के बाद वाहन की एंट्री व सूर्य अस्त के पहले ही वाहनों की निकासी के आदेश जारी किए गए हैं। गुरुवार की रात पीरूमदारा पुलिस चौकी के पास लकड़ी के गिल्टो से लदे ट्रक को भाजपा नेता मदन जोशी ने पुलिस की मदद से पीछा कर पकड़ा।

आरोप लगाया कि आमडंडा डिपो से कर्मचारियों की मिलीभगत से लकड़ी की तस्करी हो रही है। रात में ही वन विभाग व वन निगम के अधिकारी मौके पर पहुंचे। वन विभाग ने लकड़ी से लदे ट्रक को हल्दुआ बैरियर पर खड़ा कर दिया है।

वन निगम डीएसएम सावित्री गिरी ने बताया कि तराई पश्चिम वन प्रभाग की एसओजी टीम व निगम मामले की जांच कर रहा है। बताया कि ट्रक निगम के गेट से साढ़े चार बजे जसपुर के लिए निकल गया था। बड़ा सवाल यह है कि जब ट्रक साढ़े चार बजे निकल गया था तो उसे 45 मिनट में जसपुर पहुंच जाना चाहिए था। सात घंटे यानी साढ़े 11 बजे पीरूमदारा में पकड़ा गया। सात घंटे तक लकड़ी भरा ट्रक कहां रूका था, किस रूट से गया था। वन निगम के जीएम डॉ. धीरज पांडे ने बताया कि लापरवाही पाए जाने पर आरोपियों पर कार्रवाई की जाएगी।

# दिव्यांगों की प्रति माह पेंशन नौ हजार रुपये करने की मांग

- **अल्मोड़ा में राष्ट्रीय दृष्टिहीन संघ की बैठक में समस्याओं पर चर्चा**
- **बसों में भी मुक्त यात्रा सुविधा देने की उठाई मांग**

संवाददाता, अल्मोड़ा



राष्ट्रीय दृष्टिहीन संघ की बैठक के दौरान मौजूद वक्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय दृष्टिहीन संघ की शुक्रवार को मासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में दृष्टिबाधितों की तमाम समस्याओं पर चर्चा के साथ ही पेंशन नौ हजार रुपये प्रति माह करने की मांग उठाई।

संघ कार्यालय में आयोजित बैठक में दृष्टिबाधितों ने कहा कि उन्हें पेंशन नाम मात्र की मिल रही हैं। रोडवेज बसों में आरक्षित सीट तय होने के बाद भी सीट और परिचालकों का सहयोग नहीं मिलने की बात कही। दृष्टिबाधितों ने 9000 रुपये प्रतिमाह पेंशन देने की मांग की। सदस्यों ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए संचल स्वास्थ्य वाहन संचालित करने को कहा। साथ ही राशन कार्ड बनाने, रोडवेज में सीटें देने, बागेश्वर और द्वाराहाट में संघ की शाखा खोलने आदि की भी मांग की। बैठक में महेन्द्र सिंह अधिकारी, चन्द्रमणी भट्ट, हेम जोशी, जमशेद चौहान, स्वाति तिवारी, दिनेश वाल्मिकी, मंजू चौहान, अरूण कुमार आर्या, सुनैना मेहरा आदि रहे।



| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 82,500.47 | 25,149.85 |
| गिरावट | 689.81 | 205.40 |
| प्रतिशत में | 0.83 | 0.81 |



# आईटी-वाहन शेयरों में बिकवाली से बाजार धड़ाम

## मिले जुले वैश्विक रुझान के बीच तीसरे दिन बड़ी गिरावट, सेंसेक्स 690 तो निफ्टी 205 अंक लुढ़का

**मुंबई, एजेंसी**

मिले-जुले वैश्विक रुझानों के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), वाहन और बिजली शेयरों में भारी बिकवाली से शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 690 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी में 205 अंकों की गिरावट आई।

वैश्विक बाजारों में मिले-जुले रुख के बीच अमेरिकी शुल्क को लेकर जुड़ी अनिश्चितताओं ने भी निवेशकों की धारणा पर असर डाला। बीएसई का सेंसेक्स 689.81 अंक गिरकर 82,500.47 अंक पर बंद हुआ। एनएसई का निफ्टी भी 205.40 अंक गिरकर 25,149.85 अंक पर बंद हुआ। साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स में 932.42 अंक की गिरावट देखी गई जबकि एनएसई निफ्टी में 311.15 अंक यानी 1.22 प्रतिशत की नरमी रही। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से टीसीएस का शेयर जून तिमाही के नतीजे आने के बाद 3.46% नुकसान में रहा। टीसीएस ने जून तिमाही में शुद्ध लाभ 6% बढ़कर 12,760 करोड़ होने की सूचना दी है। रुपये में राजस्व 1.3% बढ़कर 63,437 करोड़ रुपये हो गया। इसके अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, टाटा मोटर्स, टाइटन, एचसीएल टेक, बजाज फाइनेंस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, ट्रेंट, इन्फोसिस और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) के शेयरों में 4.61% की तेजी रही। इसके अलावा एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो) और भारतीय स्टेट बैंक शामिल हैं।



• बाजार पर अमेरिकी शुल्क से जुड़ी अनिश्चितताओं ने भी डाला असर

### मिड और स्मॉल कैप में आई गिरावट

छोटी कंपनियों से संबंधित बीएसई स्मालकैप सूचकांक में 0.70% की गिरावट रही जबकि मझोली कंपनियों से जुड़ा मिडकैप सूचकांक 0.65% नुकसान में रहा। क्षेत्रवार सूचकांकों में प्रौद्योगिकी खंड में सर्वाधिक 1.85% की गिरावट देखी गई जबकि आईटी खंड में 1.65%, वाहन खंड में 1.72% और तेल एवं गैस खंड में 1.28% की गिरावट रही। बीएसई पर सूचीबद्ध 2,450 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए जबकि 1,557 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। वहीं 158 अन्य कंपनियों के शेयर अपरिवर्तित रहे।

### एशियाई बाजार में दिखा मिला-जुला असर

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की गिरावट के साथ बंद हुए जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर कारोबार में गिरावट का रुख था। गुरुवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए थे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.31% बढ़कर 68.85 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने गुरुवार को 221.06 करोड़ के शेयर खरीदे हैं।

### अपंजीकृत मंचों को लेकर रहे सतर्क : बीएसई-एनएसई

**नई दिल्ली।** शेयर बाजारों बीएसई और एनएसई ने निवेशकों को अपंजीकृत ऑनलाइन बॉण्ड मंच प्रदाताओं (ओबीपीपी) के साथ लेनदेन को लेकर शुक्रवार को आगाह किया। इन मंचों की लोकप्रियता के बीच निवेशकों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। ये मंच बॉण्ड जैसे निश्चित-आय वाले कई साधनों तक आसान पहुंच प्रदान करते हैं। दोनों शेयर बाजारों ने संयुक्त बयान में कहा कि निवेशक किसी भी ऑनलाइन बॉण्ड मंच के जरिये निवेश करने से पहले कई प्रमुख कारकों पर विचार करें। इनमें बॉण्ड की क्रेडिट रेटिंग, जारीकर्ता का पुनर्भुगतान रिकॉर्ड, निवेश साधन की तरलता, निपटान समय-सीमा और कर संबंधी प्रभाव शामिल हैं।

## वस्तु व्यापार : वैश्विक अर्थव्यवस्था का आधार

वस्तु व्यापार वह प्रक्रिया है, जिसमें एक देश दूसरे देश से भौतिक वस्तुओं का आयात या निर्यात करता है। इसमें कृषि उत्पाद, खनिज, मशीनरी, इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं, कपड़ा आदि शामिल हैं। यह व्यापार वैश्विक अर्थव्यवस्था का आधार है, जो देशों के बीच संसाधनों के आदान-प्रदान को संभव बनाता है। वस्तु व्यापार न केवल विदेशी मुद्रा अर्जित करने का माध्यम है, बल्कि यह उद्योग, रोजगार और तकनीकी विकास को भी बढ़ावा देता है। हालांकि, इससे स्थानीय उद्योगों पर दबाव, व्यापार घाटा और पर्यावरणीय प्रभाव जैसे कुछ नुकसान भी होते हैं।

### देशों को लाभ

- **आर्थिक विकास :** निर्यात से विदेशी मुद्रा प्राप्त होती है जिससे अर्थव्यवस्था मजबूत होती है।
- **रोजगार सृजन :** उत्पादन व लॉजिस्टिक्स जैसे क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ते हैं।
- **विशेषीकरण :** देश वस्तुओं के उत्पादन में विशेषज्ञता विकसित कर सकते हैं।
- **उपभोक्ता विकल्प :** आयात से उपभोक्ताओं को विविध उत्पाद उपलब्ध होते हैं।
- **तकनीकी उन्नति :** आयातित मशीनरी व तकनीक से उद्योगों का आधुनिकीकरण होता है।



बात काम की

### वस्तु व्यापार का महत्व

वस्तु व्यापार विश्व अर्थव्यवस्था का स्तंभ है, जहां देश अपनी उत्पादन क्षमताओं और संसाधनों के अनुसार वस्तुएं निर्यात कर लाभ कमाते हैं तथा आवश्यक वस्तुएं आयात करते हैं। यह व्यापार आपसी निर्भरता को बढ़ाता है और वैश्विक शांति एवं सहयोग को बढ़ावा देता है।

### होने वाली संभावित हानि

- **व्यापार घाटा :** आयात ज्यादा और निर्यात कम होने से देश पर वित्तीय दबाव बढ़ सकता है।
- **पर्यावरणीय दुष्प्रभाव :** अत्यधिक उत्पादन और परिवहन से प्रदूषण बढ़ता है।
- **कृषि पर प्रभाव :** सस्ते कृषि आयात से किसानों को नुकसान होता है।

### अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

- **व्यापार समझौते :** द्विपक्षीय और बहुपक्षीय समझौते व्यापार को प्रभावित करते हैं।
- **मूल्य अस्थिरता :** वैश्विक कीमतों में उतार-चढ़ाव से वस्तु व्यापार प्रभावित होता है।
- **भंडारण व परिवहन लागत :** अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में लॉजिस्टिक्स एक प्रमुख चुनौती होती है।
- **नियामक बाधाएं :** टैरिफ, गैर-टैरिफ और गुणवत्ता मानक व्यापार को प्रभावित करते हैं।

# जापान में चीन के अंतर को भर सकता है भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) ने शुक्रवार को कहा कि जापान को सिले-सिलाए कपड़ों के बड़े निर्यातक चीन की घटती हिस्सेदारी से जो कमी आई है, भारत में उसे पूरा करने की क्षमता है। एईपीसी ने कहा कि परिषद प्रमुख जापानी ब्रांड और खुदरा श्रृंखलाओं के साथ निर्यात बढ़ाने और निवेश आकर्षित करने के लिए टोक्यो में उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रही है। जो 15-17 जुलाई तक टोक्यो में आयोजित 'इंडिया टेक्स ट्रेंड फेयर' में भाग लेगा।

परिधान बाजार




भारत के 150 से अधिक परिधान निर्यातक इस मेले में घरेलू परिधान उत्पादों की विविध पेशकश प्रदर्शित करने के लिए भाग लेंगे। एईपीसी के चेयरमैन सुधीर सेखरी ने कहा, परिषद एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल को टोक्यो ले जाएगी, ताकि शीर्ष जापानी ब्रांड और खुदरा श्रृंखलाओं के साथ गहन संपर्क स्थापित करके व्यापार और निवेश बढ़ाने की संभावनाओं का पता लगाया जा सके। सेखरी ने कहा कि जापानी बाजार के साथ गहन जुड़ाव के परिणामस्वरूप दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का अधिक उपयोग हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत, जापान को सिले-सिलाए कपड़े के सबसे बड़े निर्यातक चीन की घटती हिस्सेदारी से पैदा हुए खालीपन को आसानी से भर सकता है। साल 2024 में जापान को भारत का परिधान निर्यात 23.45 करोड़ डॉलर था। पिछले साल टोक्यो ने लगभग 23 अरब डॉलर मूल्य के इन सामानों का आयात किया था। इसमें भारत की हिस्सेदारी केवल एक प्रतिशत है। कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह टोक्यो में मेले का उद्घाटन करेंगे।

# पुरानी कारों की बिक्री 8- 10% बढ़ने का अनुमान : क्रिसिल

**कोलकाता।** पुरानी कारों की बिक्री में चालू वित्त वर्ष में 8-10% की वृद्धि होने की उम्मीद है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल रेटिंग्स ने यह अनुमान लगाया है।

रिपोर्ट में कहा कि बढ़ते डिजिटल उपयोग और बेहतर वित्तीय पहुंच से चालू वित्त वर्ष में पुरानी कारों की बिक्री लगभग 60 लाख इकाई तक पहुंच सकती है। पुरानी कारों की तुलना में नई कारों की बिक्री का अनुपात बढ़कर 1.4 हो गया है, जो पांच साल पहले एक से भी कम था। पुरानी कारों का बाजार मूल्य चार लाख करोड़ होने का अनुमान है। इस क्षेत्र में संगठित कंपनियों को नवीनीकरण, लॉजिस्टिक और वित्तपोषण पर उच्च परिचालन लागत का सामना करना पड़ रहा है। मजबूत राजस्व वृद्धि से चालू वित्त वर्ष और अगले वित्त वर्ष (2026-27) में परिचालन लाभ के स्तर पर संतुलन कायम होने की उम्मीद है। रेटिंग्स ने कहा कि कंपनियों की कर्ज साख धन जुटाने और वृद्धि को सहारा देने को नकदी बनाए रखने पर निर्भर करेगी।

# डॉलर का विकल्प तलाशने को विवश ब्रिक्स देश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिका की आर्थिक और भू-राजनीतिक कार्रवाइयों से ही देश डॉलर से इतर मुद्राओं में व्यापार करने को प्रेरित हुए हैं। आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने शुक्रवार को यह बात कही। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने डॉलर से इतर मुद्राओं में व्यापार करने वाले सभी ब्रिक्स देशों पर 10% शुल्क का प्रस्ताव रखा है। भारत, ब्राजील, रूस, चीन, दक्षिण अफ्रीका, सऊदी अरब, मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात, इथियोपिया, इंडोनेशिया और ईरान ब्रिक्स के सदस्य हैं।

'ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव' (जीटीआरआई) ने कहा कि रूस, ईरान तथा वेनेजुएला जैसे देशों पर अमेरिकी प्रतिबंधों ने डॉलर-आधारित भुगतान को अवरुद्ध कर दिया है जिससे भारत और चीन जैसे देशों को रूस के साथ स्थानीय मुद्राओं में व्यापार करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, डॉलर से इतर दूसरी मुद्राओं का रुख करना कोई विद्रोह नहीं है... बल्कि एकमात्र रास्ता यही बचा था। उन्होंने कहा, रूस-चीन का 90% से अधिक व्यापार अब रूबल (रूस की मुद्रा) या युआन (चीन की मुद्रा) में होता है। भारत रूसी तेल के लिए रुपये और दिरहम (संयुक्त अरब अमीरात की मुद्रा) में भुगतान करता है। यहां तक कि सऊदी अरब भी डॉलर से इतर दूसरी मुद्राओं में तेल व्यापार के लिए तैयार है जो 1970 के दशक के 'पेट्रो-डॉलर' समझौते को तोड़ रहा है। शोध संस्थान ने कहा कि ट्रंप इस तथ्य की अनदेखी कर रहे हैं कि यह अमेरिका की कार्रवाइयां ही थीं, जिन्होंने देशों को डॉलर के विकल्प तलाशने के लिए मजबूर किया। श्रीवास्तव ने कहा कि ब्रिक्स पर ट्रंप की 10 प्रतिशत शुल्क की योजना और रूसी तेल खरीदने वाले देशों पर 500 प्रतिशत जुर्माना लगाने से देशों के लिए अमेरिका के साथ व्यापार समझौते करना मुश्किल हो रहा है।




• जीटीआरआई के अनुसार, अमेरिका की आर्थिक कार्रवाइयों से हैं प्रेरित

## राष्ट्रीय

### एक नजर

#### पुल हादसा : मृतकों की संख्या बढ़कर हुई 20

**वडोदरा।** गुजरात के वडोदरा जिले में महिसागर नदी पर बने पुल के ढहने की घटना में घायल एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत के बाद मृतकों की संख्या शुक्रवार को बढ़कर 19 हो गई। अधिकारियों ने बताया कि लापता दो लोगों की तलाश अब भी जारी है। बुधवार सुबह पादरा कस्बे के निकट गंभीरा गांव के पास चार दशक पुराने पुल का एक हिस्सा ढह जाने से कई वाहन महिसागर नदी में गिर गए। यह पुल आणंद और वडोदरा जिलों को जोड़ता है।

#### भाजपा ने राजा सिंह का इस्तीफा स्वीकार किया

**नई दिल्ली।** भाजपा ने तेलंगाना के अपने विधायक टी राजा सिंह का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। पार्टी ने राजा सिंह के आरोपों को अप्रासंगिक बताते हुए खारिज कर दिया है। राजा सिंह ने भाजपा की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष के चयन की आलोचना करते हुए पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। भाजपा की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष के रूप में रामचंदर राव की संभावित नियुक्ति से नाराज राजा सिंह ने 30 जून को तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष जी किशन रेड्डी को एक पत्र लिखा था।

#### कमलनाथ व गोविंद के खिलाफ याचिका खारिज

**इंदौर।** मप्र हाईकोर्ट की इंदौर पीठ ने कुख्यात हनी ट्रैप कांड की सीडी को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और पूर्व मंत्री गोविंद सिंह के खिलाफ दायर जनहित याचिका खारिज कर दी है। याचिका में दोनों नेताओं के बयान पर दावा था कि हनी ट्रैप कांड की सीडी उनके पास है। याचिका में गुहार थी कि दोनों को निर्देशित किया जाना चाहिए कि वे विशेष जांच दल (एसआईटी) को सीडी सौंप दें।

# वामपंथी संगठनों पर नकेल कसेगा महाराष्ट्र

## मुख्यमंत्री फडणवीस ने उग्रवादी संगठनों पर अंकुश लगाने के विधेयक को विधानसभा की मंजूरी को सराहा

विशेष जन सुरक्षा विधेयक

**मुंबई, एजेंसी**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को वामपंथी संगठनों की गतिविधियों पर अंकुश संबंधी विधेयक को विधानसभा की मंजूरी मिलने की सराहना करते हुए कहा कि राज्य में सक्रिय लेकिन अन्य राज्यों में प्रतिबंधित ऐसे समूहों पर नकेल कसने के लिए यह आवश्यक था। साथ ही मुख्यमंत्री ने इसके दुरुपयोग की आशंकाओं को दूर करने का प्रयास किया।

फडणवीस ने बताया कि छह ऐसे संगठन हैं जो अन्य राज्यों में प्रतिबंधित हैं, लेकिन महाराष्ट्र में सक्रिय हैं। विशेष जन सुरक्षा विधेयक में पर्याप्त कानूनी सुरक्षा उपाय शामिल हैं। शहरी नक्सलवाद और पैसिव मिलिटेंसी पर केंद्रित वामपंथी उग्रवादी संगठनों की गैरकानूनी गतिविधियों को रोकने के उद्देश्य से लाया गया यह विधेयक विधानसभा द्वारा पारित कर दिया गया है। जल्द ही विधान परिषद में पेश होने की उम्मीद है। पैसिव मिलिटेंसी, संघर्ष का तरीका है, जिसमें लोग बिना हिंसा का सहारा लिए, सरकार या किसी अधिकार के खिलाफ असहमति व्यक्त करते हैं। फडणवीस महाराष्ट्र के गृह मंत्री भी हैं। उन्होंने चरमपंथी संगठनों से निपटने में इस विशेष विधेयक पर जोर दिया और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम और महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) जैसे कड़े कानूनों की सीमाओं के बारे में बताया। फडणवीस ने यहां विधान भवन में पत्रकारों से कहा कि मुझे खुशी है कि महाराष्ट्र विशेष सार्वजनिक सुरक्षा विधेयक 2024 को गुरुवार को विधानसभा द्वारा मंजूरी दे दी गयी, जिसे पिछले साल दिसंबर में शीतकालीन सत्र के दौरान पेश किया गया था। यह पूछे जाने पर कि विधेयक के कानून बन जाने से कितने संगठन प्रभावित होंगे, इस पर फडणवीस ने कहा कि राज्य में 64 संगठन सक्रिय हैं, जिनमें से छह पहले से ही इसी तरह के कानूनों के तहत अन्य राज्यों में प्रतिबंधित हैं।



• सीएम बोले- शहरी नक्सलवाद और पैसिव मिलिटेंसी रोकने के लिए लाया गया विधेयक

### कैंटीन कर्मी पर हमले की जांच के लिए इंतज़ार नहीं करे पुलिस

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को कहा कि बासी खाना परोसने के आरोप में शिवसेना विधायक संजय गायकवाड़ द्वारा कैंटीन कर्मचारी पर हमला किए जाने की घटना की जांच शुरू करने के लिए पुलिस को किसी औपचारिक शिकायत की प्रतीक्षा करने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने विधानभवन परिसर में कहा कि पुलिस को मामले की जांच करनी चाहिए और अगर यह संज्ञेय अपराध है, तो वे उचित कार्रवाई करेंगे। एक वायरल वीडियो में गायकवाड़ एमएलए हॉस्टल की कैंटीन में बासी खाना परोसने पर एक कर्मचारी के साथ मारपीट करते हुए दिख रहे हैं। इससे पहले, मुख्यमंत्री फडणवीस ने इस घटना की निंदा करते हुए कहा था कि विधायकों का इस तरह का आचरण गलत संदेश देता है। इससे पहले, गृह राज्य मंत्री योगेश कदम ने कहा कि पुलिस गायकवाड़ के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर सकती, क्योंकि इस संबंध में उनके खिलाफ कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

# 75 साल की उम्र में नेता रिटायर हों : भागवत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने नागपुर में एक कार्यक्रम में कहा कि नेताओं को 75 साल की उम्र में रिटायर हो जाना चाहिए। उन्होंने मोरोपंत पिंगले की स्मृति में किताब लोकार्पण समारोह में यह बात कही।

भागवत ने कहा कि जब कोई व्यक्ति 75 साल का हो जाता है और लोग उसे बधाई देने लगते हैं, तब उसे रुक जाना चाहिए और दूसरों को अवसर देना चाहिए। उन्होंने पिंगले के जीवन और उनके राजनीतिक पूर्वानुमानों की प्रशंसा की। भागवत के इस बयान से राजनीतिक हलचल तेज हो गई क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी इसी वर्ष सितंबर में 75 वर्ष के होने जा रहे हैं।



### मोदी को भागवत ने दिलाई 75 साल की याद : कांग्रेस

भागवत की टिप्पणी पर प्रधानमंत्री मोदी पर कटाक्ष करते कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री के लिए यह कैसी घर वापसी है कि विदेश से लौटने पर भागवत ने उन्हें याद दिलाया कि वह इस साल 75 साल के हो जाएंगे। प्रधानमंत्री भी भागवत से कह सकते हैं कि वह भी तो 11 सितंबर को 75 साल के हो जाएंगे।

# राहुल गांधी को बचाने के लिए संविधान बचाओ रैली राजनीतिक पर्यटन : प्रधान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने ओडिशा में संविधान बचाओ रैली पर शुक्रवार को कांग्रेस पर कटाक्ष किया कि यह संविधान के बजाय कांग्रेस के 'शहजादे' राहुल गांधी एवं पार्टी को बचाने के लिए राजनीतिक पर्यटन है। प्रधान ने तंज कसा कि आज राहुल गांधी की स्थिति नाच न आवे आंगन टेढ़ा कहावत को चरितार्थ करती है।

प्रधान ने एक्स पर कहा, राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा भुवनेश्वर में आयोजित संविधान बचाओ रैली दरअसल कांग्रेस के शहजादे का एक और राजनीतिक पर्यटन था। यह संविधान बचाओ नहीं बल्कि राहुल गांधी और कांग्रेस बचाओ समावेश है। ओडिशा में भाजपा की जनहितैषी सरकार के प्रति जनता का अडिग विश्वास कांग्रेस को परेशान कर रहा है। ओडिशा में कांग्रेस का कोई वजूद ही नहीं है। ओडिशा के गरीबों, दलितों, आदिवासियों, किसानों और मजदूरों ने कांग्रेस को दशकों पहले नकार दिया था। उन्होंने कहा, कांग्रेस का इतिहास हमेशा से गरीबों और कमजोर वर्गों के अधिकारों की अनदेखी करने का रहा है। दिल्ली से कांग्रेस की सरकारों द्वारा भेजे पैसों को कभी बिचौलिए लूट लेते थे, तो कभी कांग्रेस अपने खास वोटबैंक को समर्पित कर देती थी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि संविधान बचाने का उपदेश कांग्रेस दे रही है, जिसने उसका गला घोंटा है।



# छत्तीसगढ़ : 37.50 लाख के इनामी 22 नक्सलियों ने किया सरेंडर

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में 22 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में से कुछ पर कुल 37.50 लाख रुपये का इनाम था। आत्मसमर्पण करने वाले 22 नक्सलियों में आठ महिला नक्सली भी शामिल हैं। डिवीजनल कमेटी सदस्य मनकू कुंजाम उर्फ सुखलाल पर आठ लाख, एरिया कमेटी सदस्य हिड़मे कुंजाम, मिलिशिया कमांडर पुन्ना लाल उर्फ बोटी और सनीराम कोर्राम उर्फ धर्मू पर पांच-पांच लाख का इनाम था। इसके अलावा आत्मसमर्पण करने वाले 11 नक्सलियों पर एक-एक लाख और 7 नक्सलियों पर 50-50 हजार रुपये का इनाम था। ये नारायणपुर जिले के माड़ संभाग के कुतुल, नेलनार और इंद्रावती एरिया कमेटी अंतर्गत सक्रिय थे। नारायणपुर एसपी रोबिनसन गुड़िया ने बताया, हम नक्सली भाई-बहनों से अपील करते हैं कि भ्रामक विचारधारा त्याग कर सरेंडर करें।

# 20 नदियां उफान पर, असम और बिहार में 3 स्थानों पर स्थिति गंभीर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) ने शुक्रवार को जारी दैनिक बाढ़ बुलेटिन में कहा कि देश भर में 20 नदियों में बाढ़ की स्थिति है, जिनमें से असम में एक और बिहार में दो स्थान बाढ़ की गंभीर स्थिति हैं। बाढ़ की गंभीर स्थिति वाले असम के गोलाघाट में ब्रह्मपुत्र और उसकी सहायक नदियों के किनारे स्थित इलाके तथा बिहार के मुजफ्फरपुर और गोपालगंज में गंगा की सहायक नदियों क्रमशः बागमती और गंडक के तट पर स्थित हैं। इन स्थानों पर जल स्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। कुल मिलाकर, केंद्रीय जल आयोग ने 20 स्थानों के लिए बाढ़ को लेकर चिंता जताई है, जिनमें असम, बिहार, ओडिशा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल हैं। ब्रह्मपुत्र और गंगा नदी उच्च-जोखिम वाले स्थानों पर हैं। हालांकि, अभी तक कोई भी नदी बाढ़ के सर्वकालिक उच्च स्तर पर नहीं पहुंची है। आयोग ने 17 स्थानों पर बाढ़ की स्थिति को असमान्य बताया है।



# प्रधानमंत्री, आरएसएस पर आपत्तिजनक पोस्ट का मामला, कार्टूनिस्ट पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यकर्ताओं के आपत्तिजनक कार्टून अपलोड करने के आरोपी इंदौर के कार्टूनिस्ट की अग्रिम जमानत पर सुनवाई के लिए शुक्रवार को सहमत हो गया। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और जॉयमाल्या बागची की पीठ ने हेमंत मालवीय द्वारा दायर उस याचिका पर 14 जुलाई को सुनवाई करेगी, जिसमें मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के उन्हें राहत देने से इनकार करने के आदेश को चुनौती दी गई है। वकील वृंदा ग्रोवर ने इस मामले पर तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया है। उच्च न्यायालय ने कहा था कि यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का घोर दुरुपयोग है।

### कांग्रेस के पूर्व विधायक वापस जेल में करें आत्मसमर्पण

सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा के पूर्व कांग्रेस विधायक धर्म सिंह छोकर को 1500 करोड़ के धनशोधन मामले में 12 जुलाई को वापस जेल में आत्मसमर्पण करने को कहा तथा पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ उनकी याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। छोकर को ईडी ने 4 मई को नई दिल्ली स्थित पांच सितारा होटल से गिरफ्तार किया था। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने 19 जून को छोकर को चिकित्सा आधार पर जमानत दी थी। अदालत ने कहा कि जमानत एक बार के लिए है व 12 जुलाई को आत्मसमर्पण करें।

# डंकी रूट मामले में पंजाब और हरियाणा में फिर ईडी का छापा

**जालंधर (पंजाब)।** ईडी ने इस साल अमेरिका द्वारा प्रत्यर्पित किए अवैध भारतीय प्रवासियों से जुड़े डंकी रूट मामले की धन शोधन की जांच में पंजाब और हरियाणा में शुक्रवार को फिर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पंजाब के मनसा और हरियाणा के कुरुक्षेत्र और करनाल में 7 स्थानों पर तलाशी ली जा रही है।

उन्होंने बताया कि ये छापे नौ जुलाई को इन दोनों राज्यों में 11 स्थानों पर ली गई तलाशी के दौरान प्राप्त विश्वसनीय सूचनाओं पर आधारित हैं। 9 जुलाई की तलाशी के बाद एजेंसी ने गुरुवार को कहा था कि उसने 30 मूल पासपोर्ट बरामद किए हैं और विभिन्न एजेंट और आव्रजन एजेंसियों के नाम भी पता लगाए हैं जो बड़े पैमाने पर भारतीयों को डंकी रूट से विदेश भेजने का धंधा चला रहे थे। मानव तस्करों ने भारत के बाहर अवैध रास्तों की व्यवस्था करने के लिए डॉनकर्स (मानव तस्करी के दलालों) के साथ मिलीभगत की थी।

# खुद अकादमी खुलवाई तो क्यों की बेटी की हत्या

टेनिस खिलाड़ी की हत्या का मामला

**गुरुग्राम, एजेंसी**

गुरुग्राम पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि वह पूर्व टेनिस खिलाड़ी राधिका यादव की हत्या की जांच कर रही है, जिसमें यह भी शामिल है कि घटना के समय उसकी मां क्या कर रही थीं। राधिका के चाचा कुलदीप यादव की शिकायत पर दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, घटना के समय राधिका की मां मंजू यादव मकान की पहली मंजिल पर ही थीं। वहीं बताया जा रहा है कि राधिका के कंधे में चोट के बाद अभ्यास नहीं कर पाने पर दीपक ने डेढ़ करोड़ की लागत टेनिस एकेडमी बनाया था। सवाल ये है कि फिर दीपक ने ऐसा क्यों किया।

गुरुग्राम के पॉश इलाके सुशांत लोक में स्थित दो मंजिला मकान में गुरुवार को दीपक यादव ने बेटी राधिका (25) की गोली मारकर हत्या कर दी थी। राधिका पिछले साल संगीत वीडियो में नजर आई थीं। पुलिस के अनुसार इसकी वजह से घर में तनाव हो, इसलिए वह इसकी भी जांच करेंगे। दीपक ने राधिका पर गोली चलाई क्योंकि उसे उसकी कमाई पर निर्भर रहने का ताना मारा जाता था। दीपक द्वारा खुलवा गया टेनिस अकादमी ही दोनों में विवाद का कारण रहा। पुलिस प्रवक्ता संदीप सिंह ने कहा दीपक ने खुलासा किया कि उसे बेटी द्वारा टेनिस अकादमी चलाने पर आपत्ति थी, जिसे लेकर दोनों में विवाद हुआ था। दीपक ने राधिका को अकादमी बंद करने के लिए कहा था, लेकिन वह नहीं मानी।



आरोपी दीपक यादव।

### अदालत ने आरोपी पिता को पुलिस हिरासत में भेजा

अपनी बेटी एवं टेनिस खिलाड़ी राधिका यादव की हत्या के आरोप में गिरफ्तार पिता दीपक यादव को अदालत ने शुक्रवार को एक दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। अदालत के बाहर एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि उन्होंने आरोपी की दो दिन की हिरासत मांगी थी। हमें उसकी लाइसेंसी रिवॉल्वर (अपराध में इस्तेमाल) की गोलियां बरामद करनी है। हमें यह भी सत्यापित करना है कि उसने कितनी गोलियां खरीदी थी। अधिकारी ने कहा, रेवाड़ी के पास कसाम गांव में आरोपी की जमीन है। हमें गोलियां वहीं से लानी है।

# आप यहां छुट्टी मनाने के लिए नहीं आए हैं : गंभीर

● बीसीसीआई के परिवार नियम का समर्थन किया भारतीय मुख्य कोच ने



लंदन, एजेंसी

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने लंबी विदेशी यात्राओं के दौरान क्रिकेटरों के परिवार की उपस्थिति को सीमित करने के भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देश का समर्थन करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को यह महसूस करना चाहिए कि वे छुट्टी पर नहीं बल्कि राष्ट्रीय कर्तव्य पर हैं।

बीसीसीआई ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारतीय टीम की ऑस्ट्रेलिया से 1-3 की हार के बाद एक संशोधित यात्रा नीति तैयार की है। इसके तहत 45 दिनों से अधिक के दौरों के लिए परिवार के सदस्यों के रहने की अवधि अधिकतम दो सप्ताह तक सीमित कर दी गई है। छोटे दौरों के लिए यह अवधि सात दिनों तक सीमित कर दी गई थी। गंभीर ने 'सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क' पर चेतेश्वर पुजारा से कहा परिवार की भूमिका महत्वपूर्ण है लेकिन आपको एक बात समझनी होगी। आप यहां एक उद्देश्य के लिए आए हैं। यह कोई छुट्टी नहीं है। आप एक बहुत बड़े उद्देश्य के लिए यहां हैं। उस ड्रेसिंग रूम में या इस दौरे पर बहुत कम लोग हैं जिन्हें देश को गौरवान्वित करने का यह अवसर मिलता है। उन्होंने कहा मैं परिवारों को हमारे साथ नहीं रखने के खिलाफ नहीं हूं।'' इससे पहले दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने खिलाड़ियों के साथ परिवार को रखने का समर्थन किया था। कोहली का तर्क था कि अधिक दबाव वाली स्थितियों के दौरान परिवार की मौजूदगी से काफी मदद मिलती है।

गंभीर ने हालांकि बाकी सब चीजों से पहले देश को रखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा परिवार का होना महत्वपूर्ण है। आपका ध्यान अगर देश को गौरवान्वित करने की ओर है और आपकी भूमिका किसी भी अन्य चीज़ से कहीं ज्यादा बड़ी है और आप उस लक्ष्य, उस उद्देश्य के प्रति प्रतिबद्ध हैं तो मुझे लगता है कि बाकी सब ठीक है। मुझे लगता है कि वह उद्देश्य और वह लक्ष्य किसी भी अन्य चीज से कहीं ज्यादा अहम है। इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट के इतर गंभीर ने यह भी स्वीकार किया कि उन्हें खेल से खुद को अलग करना मुश्किल लगता है। उन्होंने खुलासा किया कि बर्मिंघम में इंग्लैंड पर भारत की जीत के कुछ ही मिनटों बाद वह टीम संयोजनों के बारे में सोच रहे थे। गंभीर से जब पूछा गया कि वह तनाव मुक्त कैसे होते है तो उन्होंने कहा यह एक कठिन सवाल है।



भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ी, अंपायर और अन्य लोगों के साथ, शुक्रवार को लंदन के लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन खेल शुरू होने से पहले रूथ स्ट्रॉस फाउंडेशन के लिए एक श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गय। ● एजेंसी

## एक नजर

### सुरक्षा समीक्षा के बाद ही हॉकी टीम भारत भेजेगा पाकिस्तान

**कराची :** पाकिस्तान इस साल के आखिर में होने वाले एशिया कप और जूनियर विश्व कप के लिए अपनी राष्ट्रीय हॉकी टीम को भारत भेजने से पहले वहां की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करेगा। एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने कहा है कि यदि राष्ट्रीय टीम को सुरक्षा को लेकर किसी तरह का खतरा होगा तो उसे भारत नहीं भेजा जाएगा। प्रधानमंत्री युवा विकास एवं खेल कार्यक्रम के अध्यक्ष राणा मसूद ने कहा कि सरकार के सुरक्षा स्थिति से पूरी तरह संतुष्ट होने के बाद ही पाकिस्तान की टीम को भारत का दौरा करने की अनुमति दी जाएगी। पूर्व मंत्री मसूद ने कहा, सरकार पाकिस्तानी नागरिकों के लिए भारत में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करेगी और यदि वह संतुष्ट नहीं होगी तो वह अपने किसी भी खिलाड़ी को भारत में खेलने के लिए भेजकर उसे खतरे में नहीं डालेगी। उन्होंने बताया कि भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तानी नागरिकों के लिए भारत यात्रा करना सुरक्षित नहीं है।

### लारा ने कहा, मुल्डर को रिकॉर्ड बनाना चाहिए था

**जोहानिसबर्ग :** ब्रायन लारा के नाबाद 400 रन के सर्वोच्च व्यक्तिगत टेस्ट स्कोर के करीब होने के बावजूद उनके रिकार्ड को तोड़ने का प्रयास नहीं करने के वियान मुल्डर के फैसले को वेस्टइंडीज के इस महान खिलाड़ी ने भी सही नहीं बताया और कहा कि दक्षिण अफ्रीका के इस बल्लेबाज को उस मुकाम तक पहुंचना चाहिए था। मुल्डर जिंबॉब्वे के खिलाफ हाल में टेस्ट मैच के दौरान जब 367 रन बनाकर खेल रहे थे तब उन्होंने पारी समाप्त करने की घोषणा करके लारा का रिकॉर्ड तोड़ने का सुनहरा अवसर गंवा दिया था। दक्षिण अफ्रीका के कार्यवाहक कप्तान ने बाद में कहा कि लारा के प्रति सम्मान के कारण उन्होंने ऐसा किया। लारा ने 2004 में इंग्लैंड के खिलाफ यह ऐतिहासिक पारी खेली थी। दोनों ने हाल ही में एक-दूसरे से बात की और मुल्डर ने कहा कि लारा उनके फैसले से पूरी तरह सहमत नहीं थे।

### भारत ए के यूरोपीय दौरे का पूरा फायदा उठाना चाहते हैं केंचे

**नई दिल्ली :** अपनी तेज गति और आक्रामक खेल के कारण फारवर्ड वेंकटेश केंचे ने मौजूदा यूरोपीय दौरे में भारत ए के लिए अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है और वह शीर्ष स्तर की हॉकी में बड़े लक्ष्य हासिल करने के लिए किसी भी तरह की ढिलाई नहीं बरतना चाहते हैं। भारत ए पुरुष टीम ने आयरलैंड के खिलाफ लगातार दो जीत (6-1 और 6-0) दर्ज करके अपने आठ मैचों के यूरोपीय दौरे की शानदार शुरुआत की। भारत की तरफ से अभी तक जिन खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया है उनमें केंचे भी शामिल हैं और वह अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### अदिति की फ्रांस में सधी शुरुआत संयुक्त सातवें पायदान पर

**एवियन ले बेंस (फ्रांस) :** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने अमुंडी एवियन चैंपियनशिप के शुरुआती दिन शुक्रवार को चार अंडर 67 के कार्ड के साथ शानदार शुरुआत की। अपना 45वां 'मेजर' खेल रही अदिति इस शानदार शुरुआत के बाद तालिका में संयुक्त सातवें स्थान पर है। वह शीर्ष पर काबिज खिलाड़ी से दो शॉट पीछे है। अदिति ने पहले, सातवें, नौवें और 11वें और 14वें होल पर बर्डी लगाया। वह 13वें होल पर बोगी कर बैठी।

# भारत दो विकेट पर 100 रन के पार पहुंचा

## तीसरे टेस्ट मैच का दूसरा दिन : इंग्लैंड पहली पारी में 387 रन पर सिमटा



लंदन के लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन अपनी पारी के दौरान शाट लगाते केएल राहुल। ● एजेंसी

लंदन, एजेंसी

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (74 रन देकर पांच विकेट) के सुबह के खतरनाक स्पैल की बदौलत भारत ने शुक्रवार को यहां तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन जो रूट के 37वें शतक के बावजूद इंग्लैंड को पहली पारी में 387 रन पर समेट दिया। बुमराह ने इस तरह कपिल देव के विदेशी सरजमीं पर 12 बार पांच विकेट लेने के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। भारत ने खबर लिखे जाने तक दो विकेट पर 107 रन बना लिए थे। केएल राहुल 37 और कप्तान शुभमन गिल 16 रन बनाकर खेल रहे थे। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल सिर्फ 13 रन बना सके।

इससे पहले बुमराह के अब तक टेस्ट में 15 बार पांच विकेट लेने का कारनामा दिखाया। उन्होंने यह उपलब्धि लगातार दो टेस्ट मैचों में हासिल की है जिसमें लीड्स के पांच विकेट भी शामिल हैं। युवा खिलाड़ी जायसवाल (13) टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने वाले तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर का पहला शिकार बने। लेकिन अनुभवी केएल राहुल 13 रन और करुण नायर 18 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए हैं। नायर हालांकि आर्चर और ब्रायडन कार्स की गेंदों के खिलाफ थोड़े असहज दिखे। लेकिन सुबह का सत्र निश्चित रूप से बुमराह के नाम रहा जिन्हें कार्यभार प्रबंधन के तहत एजबेस्टन टेस्ट के दौरान आराम दिया गया था। रूट (199 गेंदे में 104 रन) ने दिन की पहली ही गेंद पर चौका लगाकर अपना आठवां शतक जड़ा जो लॉर्ड्स में किसी भी बल्लेबाज द्वारा बनाए गए सबसे ज्यादा सैकड़े हैं। इंग्लैंड ने दिन की शुरुआत चार विकेट पर 251 रन से की। लेकिन बुमराह के तीन विकेट झटकने से उसका स्कोर सात विकेट पर 271 रन हो गया था। बुमराह ने पहले घंटे में कप्तान बेन स्टोक्स (44), रूट (104) और क्रिस वोक्स (0) के विकेट झटके। जिसके बाद फॉर्म में चल रहे जैमी स्मिथ (56 गेंद में 51 रन) और कार्स (56 रन) ने आठवें विकेट के लिए 84 रन की साझेदारी कर मेजबान टीम का स्कोर 350 रन के पार पहुंचाया। स्मिथ को इस दौरान जीवनदान भी मिला जब केएल राहुल ने मोहम्मद सिराज की गेंद पर फॉर्म में चल रहे इस विकेटकीपर बल्लेबाज का कैच छोड़ दिया। बुमराह पर स्क्वायर कट लगाने के बाद अगली गेंद पर स्टोक्स बोल्ड हो गए। इस भारतीय तेज गेंदबाज की 'राउंड द विकेट' से डाली गयी खूबसूरत गेंद ऑफ स्टंप के ऊपर से जा टकराई और स्टोक्स सिर हिलाने के अलावा कुछ नहीं कर सके। दिन की पहली ही गेंद पर लॉर्ड्स में अपना रिकॉर्ड आठवां टेस्ट शतक पूरा करने वाले रूट अपनी पारी को आगे नहीं बढ़ा सके।

### मैं इंग्लैंड की इन पिचों पर गिल को गेंदबाजी नहीं करना चाहूंगा : स्टार्क

मेलबर्न : ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज गेंदबाज मिचेल स्टार्क भारत और इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला के दौरान बल्लेबाजी के लिए आसान पिचों पर हैरानी जताते हुए कहा कि वह 'बिल्कुल सपाट पिचों' पर शुभमन गिल जैसे फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज को गेंदबाजी नहीं करना चाहेंगे। भारत के नये कप्तान गिल ने सिर्फ दो टेस्ट में लगभग 600 रन बना लिये हैं। इसमें दो बड़े शतक और एक दोहरा शतक शामिल है। पांच मैचों की श्रृंखला फिलहाल 1-1 से बराबरी पर है। स्टार्क ने 'विलियम टॉक पॉडकास्ट' पर कहा मैं इंग्लैंड में उसे (गिल को) गेंदबाजी नहीं करूंगा। मैंने वहां के मैच ज्यादा नहीं देखे है लेकिन मैंने स्कोरकार्ड देखा है। उन्होंने कहा कुछ खिलाड़ी थे जो जाग रहे थे (ऑस्ट्रेलिया के समयानुसार इन मैचों का प्रसारण देर रात तक होता है)। खासकर मार्नस (लाबुशेन), एलेक्स कैरी और स्टीव स्मिथ कॉफी मशीन के पास बैठकर मैच देखते थे। मैंने स्कोर देखे। इंग्लैंड में ऐसी पिचें गेंदबाजों के लिए काफी चुनौतीपूर्ण है। स्टार्क ने आगे कहा मैंने जो खबरें पढ़ी है उसके मुताबिक ये पिचें उपमहाद्वीप जैसी थी। मेरे लिए इस पर विश्वास करना मुश्किल था लेकिन पिच गेंदबाजों के लिए बहुत कठिन थीं। रोहित शर्मा की जगह भारतीय टेस्ट कप्तान बने गिल ने बर्मिंघम टेस्ट में 269 और 161 रन की पारी खेल भारत को बड़ी जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा की। उन्होंने इससे पहले लीड्स में खेले गये पहले टेस्ट की शुरुआती पारी में भी शतक जड़ा था।

### भारत को नीतीश को टीम में बनाए रखना चाहिए : कुंबले

**लंदन :** पूर्व भारतीय कप्तान अनिल कुंबले ने ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्हें टेस्ट टीम में नियमित रूप से शामिल किया जाना चाहिए क्योंकि उन्होंने खुद को अनुशासन और प्रतिभा का बेहतरीन मिश्रण साबित किया है। इंग्लैंड के मौजूदा दौरे में अपना दूसरा मैच खेल रहे रेड्डी गुरुवार को तीसरे टेस्ट के पहले दिन दो विकेट लेकर सबसे सफल भारतीय गेंदबाज रहे। कुंबले ने जियोस्टार से कहा मैं यह देखकर हैरान था कि नीतीश कुमार रेड्डी ने कितनी अच्छी गेंदबाजी की। उन्होंने लगातार सही क्षेत्रों में गेंद डाली। वह भाग्यशाली थे जो उन्हें लेग साइड में डाली गई शॉर्ट पिच गेंद पर विकेट मिला।


### भारतीय गेंदबाजों के सामने रन बनाना आसान नहीं: पोप

लंदन : इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप ने भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन अपनी टीम की रक्षात्मक बल्लेबाजी का बचाव करते हुए कहा कि यह ऐसी पिच नहीं है जिस पर आप आक्रामक होकर खेल सकते हैं। इंग्लैंड ने पिछले कुछ वर्षों में आक्रामक बल्लेबाजी शैली को अपनाया है लेकिन गुरुवार को उसने भारतीय गेंदबाजों के सामने रक्षात्मक बल्लेबाजी की और पहले दिन का खेल समाप्त होने तक चार विकेट पर 251 रन बनाए। पोप ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा यह ऐसी पिच नहीं है जिस पर आप खुलकर खेल सकें। भारतीय गेंदबाजों ने अपनी लेंथ बनाए रखी और रन बनाना मुश्किल कर दिया।

# सिनियाकोवा और वरबीक ने मिश्रित युगल खिताब जीता

लंदन, एजेंसी

महिला युगल की दिग्गज खिलाड़ी कैटरीना सिनियाकोवा ने सेम वरबीक के साथ मिलकर लुइसा स्टेफनी और जो सैलिसबरी को 7-6(3), 7-6(3) से हराकर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में मिश्रित युगल का खिताब जीता। चेक गणराज्य की 10 बार की ग्रैंड स्लैम महिला युगल चैंपियन सिनियाकोवा ने गुरुवार को सेंटर कोर्ट पर खेले गए फाइनल में पहले मैच प्वाइंट पर ही करारा शॉट जमाकर खाितब अपनी झोली में डाला। वरबीक का यह पहला ग्रैंड स्लैम खिताब है। नीदरलैंड के इस खिलाड़ी ने अपने पिता के लिए जन्मदिन का गीत गाकर दर्शकों के साथ जश्न मनाया। सिनियाकोवा दो बार की ओलंपिक चैंपियन भी हैं। उन्होंने पिछले साल पेरिस ओलंपिक खेलों में टॉमस मचाक के साथ मिश्रित युगल में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने 2021 के टोक्यो ओलंपिक खेलों में बारबोरा क्रेजिकोवा के साथ मिलकर महिला युगल का स्वर्ण पदक जीता था।



मिश्रित युगल फाइनल जीतने के बाद नीदरलैंड के विजेता सेम वरबीक (बाएं) और चेक गणराज्य की कैटरीना सिनियाकोवा (दाएं) ट्रॉफी चूमते हुए। ● एजेंसी

## कार्लोस अल्काराज लगातार तीसरी बार विंबलडन के फाइनल में

**लंदन :** दूसरी वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज ने पांचवीं सीड अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को शुक्रवार को चार सेटों के संघर्षपूर्ण मुकाबले में हराकर लगातार तीसरी बार विंबलडन टेनिस प्रतियोगिता के पुरुष एकल फाइनल में प्रवेश कर लिया। दो बार के गत विजेता कार्लोस अल्काराज ने अमेरिकी टेलर फ्रिट्ज को 6-4, 5-7, 6-3, 7-6(6) से हराकर लगातार तीसरी बार विंबलडन फाइनल में प्रवेश किया। धूप से तपते सेंटर कोर्ट पर खेलते हुए, अल्काराज ने अपने पहले सर्व के 88 प्रतिशत अंक जीते, लेकिन दो घंटे 48 मिनट तक चले मुकाबले के दौरान उन्हें कई बार दबाव में रहना पड़ा।

# दबदबा कायम रखना चाहेगी महिला टीम

बर्मिंघम, एजेंसी

समय : रात 11:05 बजे से

● इंग्लैंड के खिलाफ पांचवां व अंतिम मैच आज

● भारतीय टीम 3-1 की निर्णायक बढ़त कर चुकी है हासिल

श्रृंखला पहले ही अपने नाम कर चुकी भारतीय टीम शनिवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले पांचवें और अंतिम मैच में अपना दबदबा कायम रखते हुए पांच मैचों की महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला का शानदार अंत करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।

भारतीय टीम ने शुरुआती मैचों में बल्ले और गेंद ने कमाल दिखाया, लेकिन चौथे मैच में उसकी फील्डिंग भी शानदार रही जिससे वह इंग्लैंड के खिलाफ पहली बार खेल के सबसे छोटे प्रारूप में श्रृंखला जीतने में सफल रही। अरुंधति रेड्डी के सीमा रेखा पर लिए गए तीन शानदार कैच और राधा यादव की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत भारत ने इंग्लैंड को सात विकेट पर 126 रन पर रोक दिया और फिर यह मैच छह विकेट से जीतकर श्रृंखला में 3-1 की निर्णायक बढ़त हासिल की।



भारतीय उपकप्तान समृति मंधाना।

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हरलीन देयोल, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, एन श्री चरणी, शुचि उपाध्याय, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे।

**इंग्लैंड :** टैमी ब्यूमोंट (कप्तान), एम अर्लट, लॉरेन बेल, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फाइलर, एमी जोन्स (विकेट कीपर), पैगी स्कोल्फील्ड, लिंसे स्मिथ, डैनी व्याट-हॉज, इसी वोंग, बाउचियर।



पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता सुमित अंतिल बेंगलुरु में पुरुषों की भाला फेंक एफ64 स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा करते हुए। ● एजेंसी

# सुमित, प्रीति ने पहले दिन स्वर्ण जीते

**इंडियन ओपन पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप**

बेंगलुरु, एजेंसी

दो बार के पैरालंपिक चैंपियन सुमित अंतिल ने शुक्रवार को यहां सातवीं इंडियन ओपन पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन पुरुषों की भाला फेंक (एफ12 एवं एफ64) स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर अपना दबदबा कायम रखा। हरियाणा के अंतिल ने 72.25 मीटर की दूरी तक भाला फेंक कर शीर्ष स्थान हासिल किया। उनके राज्य के मंजीत ने 54.56 मीटर के शानदार प्रयास के साथ रजत पदक जीता, जबकि एसएससीबी (सेना खेल संवर्धन बोर्ड) के प्रदीप कुमार ने 45.17 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता।

यह चैंपियनशिप काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह इस साल के आखिर में आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित नयी दिल्ली 2025 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेने वाले भारतीय दल का चयन यहां के प्रदर्शन पर काफी निर्भर करेगा।

हरियाणा का स्वर्णिम प्रदर्शन एफ40 एवं एफ41 भाला फेंक वर्ग में भी जारी रहा। पेरिस पैरालंपिक चैंपियन नवदीप सिंह ने 42.63 मीटर भाला फेंककर शीर्ष स्थान हासिल किया। प्रिंस ने 31.90 मीटर के प्रयास के साथ रजत पदक जीता और दिल्ली के रितेन्द्र ने 30.85 मीटर के थ्रो के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। भाला फेंक एफ 46 वर्ग में राजस्थान के सुंदर सिंह गुर्जर ने 64.53 मीटर के थ्रो के पहला स्थान हासिल किया जबकि हरियाणा के रिंकू हुड्डा (63.98 मीटर) उत्तर प्रदेश के अजीत सिंह (63.25 मीटर) को काफी कम अंतर से पछाड़कर दूसरे पायदान पर रहे। ट्रैक स्पर्धाओं में महिलाओं की 100 मीटर (टी 35, टी 37 और टी 42) दौड़ में उत्तर प्रदेश की प्रीति पाल ने 15 सेकंड की प्रभावशाली स्प्रिंट के साथ स्वर्ण पदक जीता।

उनके बाद गुजरात की बीना मोर्दिया रहीं जिन्होंने 17.20 सेकंड का समय लिया, जबकि हरियाणा की अवनी ने 20.40 सेकंड के साथ कांस्य पदक जीता। महिलाओं की 100 मीटर (टी12 और टी 13) वर्ग में उत्तर प्रदेश की सिमरन ने अपनी शानदार लय जारी रखते हुए 12.30 सेकंड में दौड़ पूरी कर स्वर्ण पदक जीता।

## ट्रेनिंग के दौरान अपनी एक समस्या पर काम कर रहा हूं: नीरज चोपड़ा



**गुरुग्राम :** भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने अपने खेल में एक समस्या की पहचान की है और जल्द से जल्द इसमें सुधार करने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि वह इस साल के अंत में विश्व चैंपियनशिप में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीतना चाहते हैं। चोपड़ा 13-21 सितंबर को तोक्यो में होने वाले विश्व चैंपियनशिप में पदक के सबसे प्रबल दावेदार हैं। वह 57 दिन तक चेक गणराज्य के प्राग और निम्बर्क में ट्रेनिंग लेंगे। वह आज रात अपने फिजियो इशान मारवाह के साथ रवाना होंगे और पांच सितंबर तक यूरोपीय देश में रहेंगे जिसका कुल खर्चा 19 लाख रुपये है।

# अनिश्चितता के कारण आईएसएल स्थगित

नई दिल्ली, एजेंसी

इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) ने शुक्रवार को घोषणा की कि टूर्नामेंट के आयोजकों और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के बीच 'मास्टर राइट्स एग्रीमेंट' (एमआरए) के नवीनीकरण को लेकर अनिश्चितता के कारण 2025-26 सत्र को स्थगित कर दिया गया है।

देश की शीर्ष स्तरीय फुटबॉल लीग आमतौर पर सितंबर से अप्रैल तक चलती है। आईएसएल का आयोजन करने वाली 'फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड' (एफएसडीएल) और एआईएफएफ के बीच मौजूदा एमआरए (मास्टर अधिकार समझौता) आठ दिसंबर 2025 को समाप्त होने वाला है। तब तक आईएसएल का तीसरा महीना शुरू हो जाएगा।

एफएसडीएल ने आईएसएल के सभी क्लबों को लिखे पत्र में कहा दिसंबर के बाद किसी निश्चित अनुबंधीय समझौते के अभाव में हम 2025-26 आईएसएल सत्र की प्रभावी योजना बनाने, इसे आयोजित करने या इसका व्यवसायीकरण करने में असमर्थ हैं। इसमें कहा गया इस स्थिति को देखते हुए हमें आपको यह बताते हुए खेद हो रहा है कि हम वर्तमान में 2025-26 आईएसएल सत्र को आगे बढ़ाने की स्थिति में नहीं हैं और मौजूदा एमआरए अवधि के अंत के बाद अनुबंधीय रूपरेखा पर और स्पष्टता आने तक इसे स्थगित कर रहे हैं।

# अमेरिका ने कनाडा पर 35% आयात शुल्क की घोषणा की

- दोनों देशों के दशकों पुराने संबंधों में खटास आने की आशंका

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को एक पत्र में कहा कि वह कनाडा से आयातित वस्तुओं पर शुल्क 35 प्रतिशत करने जा रहे हैं। अमेरिका के इस कदम से दो करीबी साझेदार देशों के बीच दशकों पुराने संबंधों में और दरार आ सकती है।

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी को लिखे गए एक पत्र में ट्रंप ने फरवरी में घोषित 25 प्रतिशत शुल्क को और बढ़ाने का निर्णय लेने का जिक्र किया। यह कदम कथित रूप से कनाडा पर 'फेंटानायल' की तस्करी पर रोक लगाने के लिए दबाव बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है। हालांकि अमेरिका में इस मादक पदार्थ की तस्करी में कनाडा की भूमिका सीमित मानी जाती है।

नई शुल्क दरें एक अगस्त से लागू होंगी। राष्ट्रपति ट्रंप ने पत्र में लिखा, मुझे यह भी उल्लेख करना चाहिए कि फेंटानायल की तस्करी ही हमारे लिए कनाडा के साथ एकमात्र चुनौती नहीं है। कनाडा कई प्रकार की शुल्क और गैर-शुल्क नीतियां अपनाए हुए है तथा व्यापारिक अड़चनें भी हैं। ट्रंप के पत्र से कुछ घंटे पहले कार्नी ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर के साथ अपनी एक तस्वीर 'एक्स' पर साझा की और लिखा, वैश्विक व्यापारिक चुनौतियों के बीच, विश्व अब कनाडा जैसे भरोसेमंद आर्थिक साझेदारों की ओर देख रहा है।

## विमान हादसे पर प्रारंभिक जांच रिपोर्ट बहुत जल्दः नायडू

**मुंबई।** नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने शुक्रवार को कहा कि पिछले महीने अहमदाबाद में हुई एअर इंडिया विमान दुर्घटना पर विमान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट बहुत जल्द आने की उम्मीद है।

नायडू ने इस बात पर जोर दिया कि मंत्रालय जांच में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित कर रहा है। नायडू इस सवाल का जवाब दे रहे थे कि एअर इंडिया विमान दुर्घटना पर प्रारंभिक जांच रिपोर्ट कब जारी होने की उम्मीद है। मंत्री ने यहां एक सम्मेलन से इतर कहा कि मंत्रालय यह सुनिश्चित कर रहा है कि पूरी जांच प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही हो।

# सेटेलाइट इंटरनेट

## सुविधाओं के साथ चुनौतियां भी



सेटेलाइट आधारित इंटरनेट सेवा एक ऐसी तकनीक है जिसमें इंटरनेट कनेक्टिविटी ग्राउंड-बेस्ड केबल्स या मोबाइल टावरों के बजाय धरती के सेटेलाइट्स के माध्यम से प्रदान की जाती है। इस तकनीक के जरिए इंटरनेट सेवाएं दूरदराज पहाड़ी या समुद्री इलाकों में भी उपलब्ध होती है, जबकि साधारण इंटरनेट सेवाओं का कवरेज एरिया निश्चित होता है जो ज्यादातर शहरी इलाकों में ही होता है। सेटेलाइट इंटरनेट की स्पीड 50 से 200 एमबीपीएस तक हो सकती है जो फाइबर इंटरनेट की तुलना में बहुत ज्यादा है।

### इन बदलावों की उम्मीद

- गांवों, पहाड़ी क्षेत्रों तक हाईस्पीड इंटरनेट की पहुंच से ग्रामीण भारत में ऑनलाइन शिक्षा, ई-हेल्थ और डिजिटल सेवाओं को बढ़ावा मिलेगा। छोटे किसानों और व्यवसायों की बाजार तक पहुंच बढ़ेगी।
- देश के हर कोने से डिजिटल उद्यम उभर सकते हैं। ई-कॉमर्स, ऑनलाइन सर्विसेज, फ्रीलांसिंग आदि में ग्रामीण भागीदारी और छोटे शहरों में वैश्विक स्तर की कंपनियां उभरने की उम्मीद रहेगी।
- शिक्षा और हेल्थ सेक्टर में क्रांति संभव है। रिमोट लर्निंग और टेलीमेडिसिन का ग्रामीण क्षेत्रों में विस्तार होगा। छात्र घर बैठे वर्चुअल क्लास में जुड़ सकेंगे। गांवों में विशेषज्ञ डॉक्टरों से ऑनलाइन इलाज संभव।

### ये होती है तकनीक

इंटरनेट सिग्नल किसी जियोस्टेशनरी या लो अर्थ ऑर्बिट सेटेलाइट पर भेजा जाता है। वहां से यह डिश एंटीना तक पहुंचता है।

- ग्राउंड स्टेशन यानी गेटवे जो इंटरनेट डेटा सेटेलाइट भेजता है।
- सेटेलाइट जो सिग्नल को स्पेस से यूजर तक रिले करता है।
- यूजर टर्मिनल यानी डिश या रूटर जो डाटा रिसीव करता है।

### साइबर सुरक्षा के लिए चुनौतियां

- डेटा इंटरसेप्शन : सिग्नल अंतरिक्ष से भेजे जाते हैं जिन्हें हैकर्स इंटरसेप्ट करने की कोशिश कर सकते हैं अगर एनक्रिप्शन मजबूत न हो।
- सेटेलाइट सिस्टम हैकिंग : यदि सेटेलाइट के ग्राउंड कंट्रोल सिस्टम पर साइबर अटैक होता है तो पूरी सेवा बाधित हो सकती है।
- जैमिंग/स्पूफिंग : दुश्मन देश या आतंकी संगठन सेटेलाइट सिग्नल को जाम कर सकते हैं या नकली सिग्नल (स्पूफ) भेज सकते हैं।
- विदेशी नियंत्रण : स्टारलिंक अमेरिका की कंपनी है तो इसका डेटा सरकार के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा बन सकता है।

### कई गुना महंगा पड़ेगा

- अनुमानित तौर पर स्टारलिंक किट (डिश-राउटर) 50,000 से 75,000 रुपये तक का होगा।
- इसका मासिक सब्सक्रिप्शन शुल्क 5,000 से 8,000 प्रति माह तक होने का अनुमान है।
- भारत में बीएसएनएल, रिलायंस जियो और एयरटेल जैसे प्रदाताओं की तुलना में स्टारलिंक शुरुआत में ग्रामीण और दुर्गम क्षेत्रों को प्राथमिकता दे सकती है।

### आधी दुनिया में सेवाएं

सेटेलाइट इंटरनेट सेवा उपलब्ध कराने वाली कंपनियों में प्रमुख रूप से स्टार लिंक, वन वेब, अमेजन कुइपर और ह्यूगेज नेट हैं। इनमें स्टारलिंक अकेले अमेरिका, यूरोप समेत 75 से ज्यादा देशों में सेटेलाइट इंटरनेट सेवा उपलब्ध करा रही है। बाकी कंपनियां फिलहाल कुछ देशों तक सीमित हैं और अपने सेवा क्षेत्र के विस्तार की योजनाएं बना रही हैं। भारत में स्टारलिंक के साथ वन वेब ने भी सेवाएं उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू की है।

## एक नजर

### नेपाल : एक होंगी माधव और गौतम की पार्टियां

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री माधव कुमार नेपाल और पूर्व उपप्रधानमंत्री बामदेव गौतम ने अपनी-अपनी कम्युनिस्ट पार्टियों को एकीकृत करने की सहमति जताई है। 'रिपब्लिका' अखबार की खबर के अनुसार, नेपाल और गौतम ने एक संयुक्त बयान में कहा कि क्रमशः सीपीएन (यूनिफाइड सोशलिस्ट) और 'सीपीएन एकता राष्ट्रीय अभियान' के एकीकरण का निर्णय नेपाल के कम्युनिस्ट आंदोलन को एकजुट करने की ऐतिहासिक आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। इसमें कहा गया है कि औपचारिक विलय की घोषणा 18 जुलाई को काठमांडू स्थित नेशनल असेंबली हॉल में की जाएगी।

### कंबोडिया में नागरिकता रद्द करने वाला कानून बना

**नोम पेन्ह।** कंबोडिया की संसद ने राष्ट्रीय हितों को नुकसान पहुँचाने के मकसद से विदेशी देशों के साथ साज़िश रचने वाले किसी भी व्यक्ति की नागरिकता रद्द करने वाला कानून बनाने की इजाजत सरकार को दे दी है। संसद ने देश के संविधान में आज संशोधन करके सरकार को एक कानूनी ढाँचा बनाने की अनुमति दे दी। प्रधानमंत्री हुन मानेट सहित कुल 125 सांसदों ने संविधान में संशोधन को सर्वसम्मति से मंज़ूरी दे दी, जिससे विदेशी देशों के साथ साज़िश रचने वाले कंबोडियाई नागरिकों की नागरिकता रद्द की जा सकेगी।

### ओबामा-मिशेल के साथ शो करेंगे लैरी डेविड

**लास एंजिलिस।** अमेरिकी हास्य कलाकार एवं लेखक लैरी डेविड पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनकी पत्नी मिशेल ओबामा के साथ एचबीओ पर एक शो करेंगे। अमेरिकी टेलीविजन प्रसारक एचबीओ ने बृहस्पतिवार को यह घोषणा की। 'कर्ब योर एन्थुसिअज़्म' के निर्माता और 'सीनफेल्ड' के सह-निर्माता छह एपिसोड वाली इस सीरीज के कार्यकारी निर्माता, लेखक और अभिनेता के रूप में कार्य करेंगे। शो का प्रत्येक एपिसोड 30 मिनट का होगा। इस शो का निर्माण ओबामा की कंपनी 'हायर ग्राउंड' करेगी।

### अल्जाइमर के सर्जिकल उपचार पर चीन में प्रतिबंध

**बीजिंग।** चीन ने अल्ज़ाइमर रोग के सर्जिकल उपचार पर प्रतिबंध लगा दिया है। लगभग 400 अस्पतालों में इस उपचार को किए जाने के बाद यह निर्णय लिया गया है। अधिकारियों ने कहा कि इस पद्धति की सुरक्षा और प्रभावशीलता के समर्थन में उच्च गुणवत्ता वाले चिकित्सा साक्ष्य की कमी है। लिम्फैटिक-वेनस एनास्टोमोसिस के नाम से जानी जाने वाली इस प्रक्रिया में मरीज की लिम्फ वाहिकाओं को गर्दन के पास की नसों से जोड़ा जाता है, ताकि लसीका द्रव का प्रवाह और निकास तेज हो सके।

# ट्रंप की कोशिशों को झटका, गाजा पर बिना समझौते के लौटे नेतन्याहू

## वाशिंगटन में कई दौर की वार्ता के बाद भी शांति समझौते पर नहीं बनी सहमति

**वाशिंगटन, एजेंसी**

इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की इस हफ्ते वाशिंगटन यात्रा के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए एक और नामांकन मिला, लेकिन गाजा युद्ध के लिये जो युद्ध विराम वह चाहते थे, वह नहीं हो सका। बिना किसी समझौते के नेतन्याहू शुक्रवार को लौट गए।

ट्रंप ने इजराइल और हमास के बीच 60 दिनों के युद्धविराम समझौते की खातिर अपनी पूरी ताकत झोंक दी, लेकिन नेतन्याहू की यात्रा के दौरान इस दिशा में किसी सफलता की घोषणा नहीं की गई। यह एक ऐसे राष्ट्रपति के लिए निराशा की बात है, जो एक शांतिदूत के रूप में अपनी पहचान बनाना चाहते हैं और जिन्होंने अपनी छवि समझौता कराने वाले के रूप में कायम की है।

'इजराइल पॉलिसी फोरम' की वाशिंगटन प्रबंध निदेशक और वरिष्ठ फेलो राचेल ब्रैंडेनबर्ग ने कहा, उन्हें समझौते करा पाने की अपनी क्षमता पर गर्व है, इसलिए यह एक और परीक्षण का मामला है। इक्कीस महीने से जारी युद्ध में युद्धविराम समझौता कराने की ट्रंप की क्षमता यह दिखाएगी कि नेतन्याहू पर उनका प्रभाव किस हद तक है, खासकर इस सप्ताह व्हाइट हाउस में दोनों नेताओं द्वारा ईरान के परमाणु ठिकानों पर किए गए संयुक्त हमलों का बखान किये जाने के बाद।



### संवर्धित यूरेनियम भंडार तक पहुंच सकता है ईरान

**वाशिंगटन।** इजराइल का मानना है कि अमेरिकी सेना ने ईरान के जिन परमाणु केन्द्रों पर हमला किया था उनमें से एक में गहराई में दबे संवर्धित यूरेनियम भंडार तक अब भी ईरान पहुंच सकता है। इजराइल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। वहीं जिस एजेंसी ने दो अन्य परमाणु स्थलों पर गिराए गए अमेरिकी बंकर बस्टर बमों का निर्माण किया था उसने कहा कि वह अभी भी डेटा का इंतजार कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि ये बम लक्ष्यों को भेद पाए या नहीं। दोनों घटनाक्रम हमलों में हुए नुकसान पर अलग-अलग राय रखते हैं। ट्रंप इस बात पर कायम हैं कि अमेरिकी हमलों ने ईरान के तीन परमाणु केंद्रों को नष्ट कर दिया है। वहीं अमेरिकी रक्षा खुफिया एजेंसी ने कहा है कि हमलों से फोर्दो, नतांज और इस्फहान परमाणु केन्द्रों को काफ़ी नुकसान पहुंचा है लेकिन वे नष्ट नहीं हुए हैं।

### गाजा में नकदी संकट जरूरी चीजों की चुकानी पड़ रही भारी कीमत

**दीर अल-बलाह।** गाजा में जारी संकट से कारण नकदी की भारी किल्लत के चलते लोग भोजन, ईंधन और दवाओं जैसी जरूरी चीजों के लिए भारी कीमत चुका रहे हैं। लगभग सभी बैंक शाखाओं और एटीएम के निष्क्रिय हो जाने के कारण, लोग दैनिक खर्चों के लिए धन प्राप्त करने के लिए नकदी दलालों के अनियंत्रित नेटवर्क पर निर्भर हो गए हैं और इन लेनदेन पर कमीशन लगभग 40 प्रतिशत तक बढ़ गया है। गाजा शहर में रहने वाले एक स्कूल के निदेशक अयमान अल-दहदौह ने कहा, लड़ाई की वजह से लोग खून के आंसू रो रहे हैं। इससे हमारा दम घुट रहा है, हम भूखे मर रहे हैं। बढ़ती महंगाई, उच्च बेरोजगारी और कम होती बचत राशि के बीच नकदी की कमी ने परिवारों पर वित्तीय दबाव बढ़ा दिया है। कुछ परिवारों ने आवश्यक सामान खरीदने के लिए अपनी संपत्ति बेचनी शुरू कर दी है।

## ईरान जाने में गंभीर खतरे, यात्रा न करें अमेरिकी नागरिक

- अमेरिका के विदेश विभाग ने अपने नागरिकों को खतरों से किया आगाह

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने अपने नागरिकों के लिए ईरान की यात्रा न करने की एक सलाह जारी करते हुए कहा है कि भले ही बमबारी बंद हो गई हो लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वहां की यात्रा सुरक्षित है।

अमेरिकी विदेश विभाग ने अपने नागरिकों खासकर ईरानी मूल के लोगों को ईरान की यात्रा के गंभीर खतरों के बारे में आगाह करते हुए एक नया जागरूकता अभियान शुरू किया है। विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने ईरानी मूल के लोगों से ईरान की यात्रा से बचने का आग्रह किया है। यह परामर्श ऐसे समय में आया है जब एक दिन पहले ही अमेरिका ने ईरानी प्रशासन की ओर से अवैध तेल व्यापार में शामिल कई जगहों में फैले एक नेटवर्क से जुड़ी 22 संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाया है।

एक प्रेस वार्ता में ब्रूस ने ज़ोर दिया कि ईरानी सरकार दोहरी नागरिकता स्वीकार नहीं करती है और हिरासत में लिए गए अमेरिकी नागरिकों को नियमित रूप से राजनयिक पहुंच देने से इनकार करती है। उन्होंने कहा,विभाग एक नए जागरूकता अभियान की घोषणा कर रहा है।

# केरलः ऑनलाइन ठगी के मामलों में 286 गिरफ्तार 61,361 बैंक खाते सीज

- केरल पुलिस ने चलाया अभियान 18,653 सिम और 59,218 मोबाइल फोन भी जब्त किए

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

केरल पुलिस के साइबर विभाग ने ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी के खिलाफ एक विशेष अभियान में अबतक 286 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है और 61,361 बैंक खातों पर रोक लगा दी है और धोखाधड़ी में इस्तेमाल किए गए 18,653 सिम कार्ड और 59,218 मोबाइल फोन जब्त किया है।

कार्रवाई के अंतर्गत पीड़ितों को 6.5 करोड़ रुपये की राशि सफलतापूर्वक लौटा दी गई है जबकि धोखाधड़ी की गई कुल राशि में से 26.26 करोड़ रुपये बैंक खातों में रोक दिए गए हैं।

यह सुनिश्चित करने की कोशिश जारी हैं कि धोखाधड़ी के शिकारों को अदालती प्रक्रिया के माध्यम से धोखाधड़ी की गई राशि जल्दी से जल्दी वापस की जाए।

जनवरी और मार्च 2025 के बीच, केरल में ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी से संबंधित 9,539 शिकायतें दर्ज की गईं। पीड़ितों को सलाह दी गई है कि वे ऐसी घटनाओं की सूचना एक घंटे के भीतर दें जिसे पैसा गंवाने का 'गोल्डन ऑवर' कहा जाता है ताकि दोषियों को पकड़ने की संभावना अधिकतम हो सके। शिकायत टोल-फ्री नंबर 1930 पर फोन करके या आधिकारिक वेबसाइट https:ybercrime.gov.in के माध्यम से दर्ज की जा सकती है। विशेष अभियान में केरल के सभी पुलिस स्टेशनों को शामिल किया गया और विभिन्न साइबर अपराध मामलों में 286 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।

### राज्य में आयोजित हो रहीं जागरूकता कक्षाएं

साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं से निपटने के लिए जागरूकता कक्षाएं आयोजित की जा रही हैं तथा केरल पुलिस और राज्य पुलिस मीडिया सेंटर के सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से लगातार जन जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं तथा सूचनात्मक पोस्ट एवं वीडियो साझा किए जा रहे हैं। केरल पुलिस ने ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी के खिलाफ एक विशेष अभियान ऑपरेशन-सेफ-केरल 2023 में शुरू किया था।

# बलूचिस्तानः बस से उतारने के बाद नौ यात्रियों की गोली मारकर हत्या

**इस्लामाबाद/कराची, एजेंसी**

पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में बलोच चरमपंथियों ने शुक्रवार को एक बस से पंजाब के नौ यात्रियों को उतारकर उन्हें गोली मार दी। घटना झोब इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग पर बृहस्पतिवार रात को हुई।

प्रांत के झोब इलाके के सहायक आयुक्त नवीद आलम ने कहा कि हथियारबंद चरमपंथियों ने पंजाब जाने वाली दो बसों को रोका। हमलावरों ने पहले यात्रियों के पहचान पत्र देखे और नौ लोगों को बस से उतरने को कहा तथा गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। उनके शव बरामद कर लिए गए हैं। ये सभी लोग पंजाब प्रांत के विभिन्न हिस्सों से थे। प्रतिबंधित संगठन बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) ने हत्याकांड की जिम्मेदारी ली है। बीएलएफ पाकिस्तान में सुरक्षा बलों को निशाना बनाकर हमले करता है। सुरक्षा बल राजमार्ग पर यातायात निलंबित कर दोषियों का पता लगाने के लिए व्यापक अभियान चला रहे हैं।



- बंदूकधारी हमलावरों ने पंजाब जा रही दो बसों में पहचान पत्र देखने के बाद यात्रियों को उतारा, फिर गोली मार दी

### सुरक्षा चौकियों और सरकारी प्रतिष्ठानों पर भी हमले

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार चरमपंथियों ने रात में कई सुरक्षा चौकियों, सरकारी प्रतिष्ठानों, थानों, बैंकों और संचार टावरों को निशाना बनाया। रिंद ने हमलों की पुष्टि की लेकिन कहा कि किसी घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। चरमपंथी अक्सर इस तेल और खनिज समृद्ध प्रांत में सुरक्षा कर्मियों, सरकारी परियोजनाओं और 60 अरब अमेरिकी डॉलर की चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा को निशाना बनाते हैं।

## कश्मीर के धार्मिक नेता मीरवाइज उमर फारूक नजरबंद

**श्रीनगर।** हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष एवं कश्मीर के मुख्य धार्मिक नेता मीरवाइज उमर फारूक ने शुक्रवार को कहा कि ऐतिहासिक जामिया मस्जिद में उन्हें जुमे की नमाज अदा करने से रोकने के लिए फिर से नजरबंद कर दिया गया है।

मीर वाइज ने नज़रबंदी को 13 जुलाई को मनाए जाने वाले शहीद दिवस से जोड़ा है जो 13 जुलाई-1931 को श्रीनगर केंद्रीय जेल के बाहर सुरक्षाकर्मियों के हाथों 22 कश्मीरियों को मारे जाने की याद में मनाया जाता है, जहां वे निरंकुश शासन का विरोध के लिए एकत्र हुए थे। अनुच्छेद 370 के निरस्त होने से पहले जम्मू कश्मीर में इस दिन आधिकारिक अवकाश होता था। मीरवाइज ने अधिकारियों से प्रतिबंध हटाने और लोगों को 13 जुलाई के 'शहीदों' को शांतिपूर्वक श्रद्धांजलि देने की अनुमति देने की अपील की।

### बचाव अभियान



अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में 'इंदिरा प्वाइंट' के दक्षिण-पूर्व में समुद्र में फंसी एक अमेरिकी नौका तथा इसके चालक दल के दो सदस्यों को भारतीय तटरक्षक बल ने बचा लिया। अधिकारियों के मुताबिक पाल उड़ जाने और प्रोपेलर उलझ जाने के कारण यह नौका बेहद कठिन परिस्थिति में फंस गई थी। एजेंसी

## यूनेस्को विश्व धरोहर सूची में शामिल मराठा शासकों के किले, दुर्ग

**नई दिल्ली।** यूनेस्को ने कहा है कि मराठा शासकों द्वारा परिकल्पित असाधारण किलेबंदी और सैन्य प्रणाली का प्रतिनिधित्व करने वाले मराठा किलों को शुक्रवार को यूनेस्को विश्व धरोहर सूची में शामिल कर किया गया।

यह निर्णय पेरिस में चल रहे विश्व धरोहर समिति के 47वें सत्र के दौरान लिया गया। यूनेस्को दर्जा के लिए नामांकन 2024-25 सत्र के लिए किया गया था। मराठा शासकों के 12 किले एवं दुर्ग को यह दर्जा दिया गया, जिनमें साल्हेर किला, शिवनेरी किला, लोहगढ़, खंडेरी किला, रायगढ़, राजगढ़, प्रतापगढ़, स्वर्णदुर्ग, पन्हाला किला, विजय दुर्ग और सिंधुदुर्ग और तमिलनाडु में जिंजी किला शामिल हैं। विविध भौगोलिक क्षेत्रों में फैले ये धरोहर स्थल मराठा साम्राज्य की सामरिक शक्ति को प्रदर्शित करते हैं।

# महाभियोग के लिए सांसदों के हस्ताक्षर इकट्ठे करना शुरू

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को हटाने के लिए संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाने के वास्ते सांसदों के हस्ताक्षर एकत्र करना शुरू कर दिया है। न्यायमूर्ति वर्मा दिल्ली स्थित अपने आवास में आग लगने की घटना के बाद वहां से जले हुए नोटों की गड्डियां मिलने के बाद विवादों में घिर गये थे।

सूत्रों ने बताया कि महाभियोग प्रक्रिया के लिए लोकसभा के कई सांसदों के हस्ताक्षर एकत्र कर लिये गए हैं, जो इस बात का संकेत है कि यह प्रस्ताव निचले सदन में पेश किया जा सकता है। आग की घटना के वक्त न्यायमूर्ति वर्मा दिल्ली हाईकोर्ट में नियुक्त थे। बाद में उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट वापस भेज दिया गया और तत्कालीन सीजेआई संजीव खन्ना ने आंतरिक जांच के आदेश दिए।



- जल्द निचले सदन में लाया जा सकता है प्रस्ताव

न्यायमूर्ति वर्मा के इस्तीफ़ा देने से इनकार करने के बाद, यह मामला राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के पास भेज दिया गया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा है कि न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने का प्रस्ताव 21 जुलाई से शुरू हो रहे संसद के आगामी सत्र में लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के खिलाफ एकता का संदेश देने के लिए विपक्षी दलों से बात करेगी, ताकि उन्हें साथ लाया जा सके। लोकसभा में ऐसे प्रस्ताव के लिए कम से कम 100 सांसदों के हस्ताक्षर आवश्यक हैं।

## अमेरिकी विदेश विभाग में होगी 1300 कर्मचारियों की छंटनी

**कुआलालंपुर।** अमेरिका में ट्रप प्रशासन द्वारा इस वर्ष की शुरुआत में शुरू की गई एक नाटकीय पुनर्गठन योजना के तहत विदेश विभाग 1,300 से अधिक राजनयिकों और प्रशासनिक अधिकारियों की सेवा समाप्त कर रहा है।

विदेश विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विभाग अमेरिका के भीतर काम कर रहे 1,107 प्रशासनिक अधिकारियों और विदेश सेवा के 246 अधिकारियों को छंटनी का नोटिस भेज रहा है। ट्रंप प्रशासन ने विभाग को और कुशल बनाने के लिए यह कदम जरूरी बताया है, लेकिन मौजूदा और पूर्व राजनयिकों ने इस की कड़ी आलोचना की है। इन राजनयिकों का कहना है कि इससे अमेरिका का प्रभाव कमजोर होगा और विदेशों में मौजूदा और उभरते खतरों का मुकाबला करने की उसकी क्षमता प्रभावित होगी।

**सेना की पहल** — ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों के बढ़े खतरे के मद्देनजर सुरक्षा मजबूत करने का कदम

# अमरनाथ यात्रियों की सुरक्षा के लिए शुरू किया ऑपरेशन शिवा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय सेना ने श्री अमरनाथ जी की सुचारू और सुरक्षित यात्रा के लिए नागरिक प्रशासन और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के साथ मिलकर 'ऑपरेशन शिवा 2025' शुरू किया है।

इस विशेष अभियान का उद्देश्य विशेष रूप से ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान समर्थित छद्म आतंकवादियों से बढ़े खतरे को देखते हुए उत्तरी और दक्षिणी दोनों यात्रा मार्गों पर मज़बूत और पुख्ता सुरक्षा प्रदान करना है, इस वर्ष अभियान के लिए प्रौद्योगिकी और अन्य जरूरी संसाधनों से लैस 8500 से अधिक सैनिकों को तैनात किया गया है। साथ ही आतंकवाद-रोधी ग्रिड, सुरक्षा तैनाती और यात्रा मार्गों की सुरक्षा के उपाय किए गए हैं।



जम्मू से शुक्रवार को अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना होता एक जत्था। ● एजेंसी

नागरिक अधिकारियों को भी विशेष रूप से आपदा प्रबंधन और आपात स्थिति में सहायता प्रदान की जा रही है। सेना ने ड्रोन खतरों को बेअसर करने के लिए 50 से अधिक ड्रोन रोधी प्रणाली भी तैनात की है। यात्रा मार्गों और पवित्र गुफा की निगरानी के लिए ड्रोन मिशन चलाए जा रहे हैं। पुल निर्माण, रास्तों को चौड़ा करने और आपदा जोखिम कम करने के लिए 'इंजीनियर टास्क फोर्स' तैनात की गयी है।

अमरनाथ यात्रियों और अन्य को चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के लिए 150 से अधिक डॉक्टर और चिकित्सा कर्मी, दो एडवांस ड्रेसिंग स्टेशन, नौ चिकित्सा सहायता पोस्ट, 100 बिस्तरों वाला एक अस्पताल और 2,00,000 लीटर ऑक्सीजन से लैस 26 ऑक्सीजन बूथ बनाये गये हैं। निर्बाध संचार के लिए सिग्नल कंपनियां, तकनीकी सहायता के लिए ईएमई टुकड़ी और बम निरोधक दस्ते भी तैनात किये गये हैं। 25 हजार लोगों के लिए आपातकालीन राशन, क्यूआरटी, टेंट सिटी, वाटर पॉइंट, और बुलडोज़र तथा उत्खनन मशीनों सहित अन्य उपकरणों की सुविधा की गई है। आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए सेना के हेलीकॉप्टर तैयार रखे गये हैं।

### अमरनाथ रवाना हुआ 6482 तीर्थयात्रियों का नया जत्था

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए 6482 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था शुक्रवार सुबह 'बम बम भोले' के जयकारों के साथ जम्मू के भगवती नगर स्थित यात्री निवास से बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि स्वनिर्मित हिम शिवलिंग दर्शन के लिए तीर्थयात्री जम्मू आधार शिविर से 268 गाड़ियों में रवाना हुए। इनमें 4129 तीर्थयात्री पहलगाम और 2353 तीर्थयात्री बालटाल के लिए रवाना हुए। वाहनों के बेड़े हल्के और भारी मोटर वाहन शामिल थे। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने दो जुलाई को यहां से तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। अमरनाथ यात्रा इस वर्ष 03 जुलाई से शुरू होकर 09 अगस्त तक चलेगी। यह यात्रा कुल 38 दिनों की होगी।